শৰ্মা হাৰ্ডওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in | हिंदी दैनिक | गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 219 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 3 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

भाजपा कार्यालयों में मनी जीत की खुशी — पेज 3
प्रधानमंत्री मोदी का जी20 देशों के विदेश मंत्रियों को संदेश, गांधी व बुद्ध की... — पेज 4
यूपी विस सत्र : पसीना बहाया तब बदला 'परसेप्शन' : योगी — पेज 5
विधानसभा में प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा की मांगें ध्वनिमत से पारित — पेज 8










পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

हमारा कर्तव्य हैं कि हम हर उस व्यक्ति का हौंसला बढ़ाए, जो अपने ऊंचे विचारों पर जीवन व्यतीत करने के लिए संग्रह कर रहा है।

**स्वामी विवेकानंद**

# नॉर्थ-ईस्ट से मिला उत्तर भगवामय हुआ पूर्वोत्तर

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों और पांच राज्यों की छह विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के नतीजे अब स्पष्ट हो गए हैं। त्रिपुरा और नागालैंड में भाजपा की सहयोगियों के साथ सत्ता में वापसी हुई है तो वहीं मेघालय में सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) सबसे बड़ी पार्टी बनी है। वहीं पांच राज्यों की छह विधानसभा सीटों में हुए उपचुनाव में से तीन में



कांग्रेस के हाथ जीत लगी है। त्रिपुरा विधानसभा चुनाव 60 सीटों वाले त्रिपुरा विधानसभा में भाजपा- 32 उनकी सहयोगी आईपीएफटी-1 सीपीआई (एम)-11 उनकी सहयोगी कांग्रेस-3, त्रिपुरा मोथा पार्टी-13 सीटों पर जीत दर्ज की है। नगालैंड विधानसभा चुनाव की 60 सीटों वाले मेघालय में भाजपा ने एक सीट निर्विरोध जीती थी। वहीं, 59 सीटों पर मतदान -शेष पृष्ठ दो पर

## पूर्वोत्तर अब न दिल्ली से दूर और न दिल से : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा मुख्यालय पर संबोधित कर रहे हैं। भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के बाद पीएम मोदी पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता ने हमें और हमारे सहयोगियों को आशीर्वाद दिया है। आम जनता को नमन करने का एक और अवसर आया है। आज के नतीजे यह दिखाते हैं कि भारत में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यस्था पर विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले की सरकारों को पूर्वोत्तर की चिंता नहीं थी। प्रधानमंत्री ने कहा, इन राज्यों की जनता ने हमारे साथी सहयोगियों को भरपूर आशीर्वाद दिया है। दिल्ली में भाजपा के लिए कार्य करना कठिन नहीं है लेकिन पूर्वोत्तर में हमारे कार्यकर्ताओं ने दोगुनी मेहनत की है, उनके मेहनत की मैं सराहना करता हूं और धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव दिलों की दूरी समाप्त होने के साथ नई सोच का प्रतिबिंब है। अब पूर्वोत्तर न ही दिल्ली से दूर है और न ही दिल से दूर। यह नया युग और नया इतिहास रचे जाने का पल है। चुनाव जीतने से ज्यादा मुझे संतोष है कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में बार-बार पूर्वोत्तर -शेष पृष्ठ दो पर



## हेकानी जखालु नगालैंड की पहली महिला विधायक



**कोहिमा।** नगालैंड विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने इतिहास रच दिया। पहली बार राज्य में कोई महिला विधायक निर्वाचित हुई हैं। इस महिला का नाम है हेकानी जखालु। हेकानी जखालु भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी पार्टी एनडीपीपी की प्रत्याशी हैं। उन्होंने डीमापुर-तृतीय सीट से चुनाव लड़ था। नगालैंड को अलग राज्य का दर्जा मिलने के 60 साल बाद कोई महिला विधायक मिली है। हेकानी जखालु पेशे से एक वकील हैं। बता दें, नगालैंड में भाजपा और एनडीपीपी यानी नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव -शेष पृष्ठ दो पर

## सोनोवाल ने पारंपरिक चिकित्सा पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** केंद्रीय आयुष एवं बंदरगाह नौवाहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने संघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तहत पारंपरिक चिकित्सा पर पहली बार बी2बी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो का गुरुवार को गुवाहाटी के जालुकबाड़ी स्थित होटल रेडिसन ब्लू में उद्घाटन किया। 17 एससीओ देशों और भागीदारों के 150 से भी अधिक प्रतिनिधियों ने इस उद्घाटन समारोह में भाग लिया। केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने आज इसी परिसर में पारंपरिक चिकित्सा पर चार दिवसीय एक्सपो का भी उद्घाटन किया। सम्मेलन और एक्सपो का उद्देश्य संघाई कॉर्पोरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) देशों के बीच जागरूकता, सर्वोत्तम प्रथाओं और पारंपरिक दवाओं की आपसी समझ को बढ़ाना है। उद्घाटन समारोह में अन्य लोगों के अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. महेंद्रभाई -शेष पृष्ठ दो पर



## अमित शाह को फोन कर सांग्मा ने मांगा समर्थन

**नई दिल्ली।** मेघालय के चुनाव परिणाम घोषित हो चुके हैं। यहां किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। हालांकि एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। इसी बीच, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड सांग्मा ने गृह मंत्री अमित शाह को फोन किया है। सांग्मा ने नई सरकार बनाने में उनका समर्थन मांगा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा ने एक ट्वीट में यह जानकारी दी। शर्मा के मुताबिक, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मेघालय में अगली सरकार बनाने में नेशनल पीपुल्स पार्टी का समर्थन करने के लिए भाजपा मेघालय -शेष पृष्ठ दो पर



## न्यूज गैलरी

### जयशंकर की चीनी विदेश मंत्री से सीमा विवाद पर चर्चा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि उनके चीनी समकक्ष किन गैंग के साथ उनकी पहली बैठक में द्विपक्षीय संबंधों, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और शांति के लिए मौजूदा चुनौतियों का समाधान करने पर बातचीत हुई। पूर्वी लद्दाख में 34 महीने से अधिक समय से चल रहे सीमा विवाद के बीच जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक से हटकर इसपर चर्चा हुई। बता दें कि चीनी विदेश मंत्री की एस जयशंकर से पहली मुलाकात थी, क्योंकि उन्होंने दिसंबर, 2022 में चीनी विदेश मंत्री के -शेष पृष्ठ दो पर

### वाराणसी एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**वाराणसी ( हि.स. )।** बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट को रंगों के पर्व होली पर ड्रोन बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिला है। पत्र मिलने के बाद से एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीआईएसएफ के जवान अलर्ट है। वाराणसी एयरपोर्ट के अधिकारियों ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण नई दिल्ली को भी इसकी सूचना दी। एयरपोर्ट -शेष पृष्ठ दो पर

## शाह से मिले सीएम मान : पंजाब के लिए सीआरपीएफ-आरएएफ की 18 कंपनियां रवाना

**नई दिल्ली।** पंजाब में खालिस्तान समर्थकों की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोई बड़ा कदम उठाया जा सकता है। गुरुवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की है। बीते दिनों पंजाब के अजनाला में खालिस्तान समर्थक एवं *वारिस पंजाब दे* संगठन के प्रमुख जत्थेदार अमृतपाल सिंह और उसके कार्यकर्ताओं ने पुलिस थाने पर धावा बोल दिया था। उसमें छह पुलिसकर्मी घायल हुए थे। इतना ही नहीं, उसने पुलिस को चेताया था कि आगे भी उनके किसी समर्थक के खिलाफ कोई कार्रवाई की तो अजनाला थाने पर हुए हमले का दोहराव हो सकता है। उस संदर्भ में शाह और मान की इस बैठक को अहम माना जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर पंजाब में सीआरपीएफ/आरएएफ की 18 कम्पनी तैनात की जा रही हैं। ये कम्पनी छह मार्च से 16 मार्च तक पंजाब में रहेंगी। इन कम्पनियों को कहा गया है कि वे सभी प्रकार के दंगा रोधी उपकरणों, ओपी स्केल आर्म्ज व गोला बारूद से लैस रहें। सीआरपीएफ -शेष पृष्ठ दो पर



## पीएम मोदी सबसे लोकप्रिय नेता : मेलोनी

**नई दिल्ली।** भारत और इटली ने अपने द्विपक्षीय रिश्ते का दर्जा बढ़ा कर रणनीतिक कर दिया है। गुरुवार को भारत के दौरे पर आइ इटली की पीएम जार्जिया मेलोनी और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में यह फैसला किया गया। पिछले वर्ष आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री बनी मेलोनी एशिया के दौरे पर पहली बार निकली हैं और इसके लिए उन्होंने भारत का चयन किया है जो बताता है कि -शेष पृष्ठ दो पर



## ईसी की नियुक्ति पर एससी के फैसले का कांग्रेस ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के फैसले का स्वागत करते हुए वीरवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी संस्था के प्रमुख की नियुक्ति को लेकर भी इसी प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। पार्टी प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने यह भी कहा कि अब इस फैसले के बाद चुनाव आयोग में बैठे लोगों को इस प्रक्रिया से गुजरकर इस संस्था में आना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने गुरुवार को फैसला दिया -शेष पृष्ठ दो पर




## होली उत्सव में होलिया गए दर्शकगण






*होली उत्सव में द्वीप प्रज्वलन करते शहर के गणमान्य व्यक्ति। दूसरे चित्र में विकसित भारत समाचार के संपादक राकेश शर्मा को सम्मानित करते रामेश्वर गहलोत।*

**गुवाहाटी।** राजस्थान के सुजानगढ़-सीकर राजमार्ग पर स्थित मींगणा गांव के खेजड़ी वाले बालाजी मंदिर की देख-रेख के लिए गठित खेजड़ी वाले बालाजी सेवा समिति गुवाहाटी के सौजन्य से माछखोवा स्थित आईटीए सेंटर में होली के उपलक्ष्य में होली उत्सव आयोजित किया गया। जिसमें राजस्थान से आए कलाकारों ने राजस्थानी चंग की थाप पर होली के गीत-नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर खेजड़ी वाले बालाजी सेवा समिति के गुवाहाटी प्रमुख रामेश्वर गहलोत ने सभी अतिथियों का स्वागत -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## नगालैंड- 0, त्रिपुरा- 3, मेघालय में 5...

# सरकार बनाना तो दूर विरोधियों को टक्कर भी नहीं दे सकी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** चुनावों में कांग्रेस का फ्लॉप शो जारी है। एक के बाद एक हार कांग्रेस का पीछा नहीं छोड़ रही है। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव भी कांग्रेस के लिए बुरी खबर लेकर आए हैं। शुरुआती नतीजों के मुताबिक, कांग्रेस की तीनों राज्य- नगालैंड, मेघालय और त्रिपुरा में हालत खराब है। कांग्रेस से इन चुनावों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन कोई कमाल नहीं हुआ। कांग्रेस इस बार नगालैंड में खाता भी नहीं खोल पाई है, जबकि भाजपा गठबंधन एक बार फिर राज्य में अपनी सरकार बनाता दिख रहा है। त्रिपुरा में कांग्रेस ने लेफ्ट के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा, लेकिन कोई खास फायदा नहीं मिला। कांग्रेस यहां तीन सीटें जीतती दिख रही है। वहीं, मेघालय में कांग्रेस का सबसे खराब प्रदर्शन देखने को मिला है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने यहां तीन दर्जन से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार पांच सीटों पर ही सिमटती दिख रही है। खबर लिखे जाने तक चुनाव आयोग की वेबसाइट के मुताबिक, कांग्रेस नगालैंड में लगभग 4 फीसदी वोट पाती दिख रही है। मेघालय में कांग्रेस को 13 फीसदी से ज्यादा वोट मिली है। वहीं, त्रिपुरा में आठ फीसदी से ज्यादा वोट मिले हैं। तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भले ही कांग्रेस ने खराब प्रदर्शन किया है, लेकिन पांच राज्यों की 6 सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया है। पश्चिम बंगाल की सागरदिघी, महाराष्ट्र की कस्बा और तमिलनाडु की इरोड सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बढ़त (खबर लिखे जाने तक) बनाए हुए हैं।



# जेएनयू में हिंसा करने पर एडमिशन रद्द नए नियमों में 17 अपराधों के लिए सजा



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली की जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में अब विरोध प्रदर्शन, धरना करने वाले स्टूडेंट को 20 हजार रुपए जुर्माना देना होगा। किसी भी तरह की हिंसा करने पर 30 हजार रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है या एडमिशन रद्द किया जा सकता है। यूनिवर्सिटी ने विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए नई गाइडलाइन बनाई है। रूल्स ऑफ डिसिप्लिन एंड प्रॉपर कंडक्ट ऑफ स्टूडेंट्स ऑफ जेएनयू नाम की इस 10 पेज की किताब में प्रोटेस्ट, धोखाधड़ी जैसी हरकतों के लिए अलग-अलग तरह की सजा बताई गई है। साथ ही यूनिवर्सिटी में किसी तरह की इंक्वायरी और बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई है। डॉक्यूमेंट के मुताबिक ये नियम 3 फरवरी से ही लागू कर दिए गए हैं। ये रेगुलर और पार्ट-टाइम दोनों स्टूडेंट्स पर लागू होंगे। दरअसल, बीबीसी की विवादित डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को लेकर यूनिवर्सिटी में लगातार कई प्रदर्शन हुए थे। इन्हें रोकने के लिए यूनिवर्सिटी ने ये कदम उठाया है। 5 जनवरी 2020 की रात जेएनयू में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर 50 से ज्यादा नकाबपोश बदमाशों ने हमला किया था। उन्होंने डंडे और लोहे की रॉड से स्टूडेंट्स और टीचर्स को पीटा था। हमले में छात्र संघ अध्यक्ष आइशी घोष समेत 35 लोग जख्मी हुए थे। इन्हें दिल्ली एम्स और सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बदमाशों ने हॉस्टलों में तोड़फोड़ भी की थी। इस घटना में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। नए डॉक्यूमेंट में 17 अपराधों के लिए सजा बताई गई है। इनमें यूनिवर्सिटी में किसी जगह को ब्लॉक करना, जुआ खेलना, हॉस्टल के कमरों पर अवैध कब्जा करना, अभद्र और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना और धोखाधड़ी जैसे अपराध शामिल हैं। नियमों के मुताबिक शिकायत की एक कॉपी आरोपी छात्र के पेरेंट्स के पास भी भेजी जाएगी।

# एरिडा एक्सपो में ग्रेटव्हाइट ग्लोबल का उत्पाद प्रदर्शित




**गुवाहाटी।** देश भर में तेजी से बढ़ता इलेक्ट्रिकल ब्रांड ग्रेटव्हाइट ग्लोबल प्रा. लि. ने अपने विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन असम सहित पूर्वोत्तर के व्यापारियों के लिए किया। उलुबाड़ी स्थित आशी अप्सरा में आज से शुरू हुए एरिडा एक्सपो में स्टाल का उद्घाटन कंपनी के उपाध्यक्ष बिमलेंदु कुमार ने किया। इस मौके पर कंट्री हेड - लाइटिंग मिलिंद घोंगड़े, सीएसए नॉर्थ ईस्ट राजकुमार धानुका, यशवर्धन धानुका और अंशुमन धानुका सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस एक्सपो में कंपनी घर, कार्यालय, दुकान आदि से जुड़ी इलेक्ट्रिकल उत्पादों की विस्तृत रेंज अपने स्टॉल नंबर 99 और 100 में प्रदर्शित कर रही है। इस अवसर पर कंपनी के उपाध्यक्ष बिमलेंदु कुमार ने कहा कि हमारा ब्रांड कम वोल्टेज वाले बिजली के सामान की पेशकश करता है और स्विच और सहायक उपकरण (मॉड्यूलर और गैर-मॉड्यूलर रेंज दोनों), वायर और केबल, एलईडी लाइट्स, एमसीबी, एमसीसीबी, डीबी, नाली पाइप, पीवीसी टेप, पंखे, होम ऑटोमेशन और सेंसर जैसे सुरक्षा उपकरणों के सेगमेंट को पूरा करता है। यह आपकी सभी विद्युत वस्तुओं की आवश्यकताओं के लिए एक पूर्ण वन स्टॉप डेस्टिनेशन है। ब्रांड ग्रेटव्हाइट ग्लोबल प्रा. लि. की स्थापना जाधवलाल शाह द्वारा की गई थी। वर्तमान में कंपनी का कुशल नेतृत्व व संचालन उनके छोटे बेटे हेमांग शाह कर रहे हैं। ग्रेटव्हाइट के पास हरिद्वार और वलसाड में अपनी अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाएं हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में हमारे पार्टनर हैं राज कुमार धानुका और उनके दो बेटे यशवर्धन धानुका और अंशुमन धानुका, जिन्होंने उपभोक्ताओं के बीच हमारे ब्रांड के लिए विश्वास स्थापित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। ग्रेटव्हाइट का देशभर में मजबूत बाजार है और इसके सभी उत्पाद पूर्वोत्तर राज्यों में भी आसानी से उपलब्ध है। दुबई में एक कार्यालय के साथ ग्रेटव्हाइट वास्तव में अब ग्लोबल है, जो पूरे मध्य पूर्व, दक्षिण पूर्व एशिया और पूर्वी अफ्रीका को कवर कर रहा है। कंपनी का आदर्श वाक्य सबसे उचित और सस्ती कीमतों पर सर्वोत्तम गुणवत्ता वाला उत्पाद प्रदान करना रहा है। टीम उपभोक्ताओं को सुरक्षित और विश्वसनीय विद्युत उत्पाद प्रदान करने के लिए समर्पित है, क्योंकि उनका दृढ़ विश्वास है कि सुरक्षित और सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रत्येक उपभोक्ता का अधिकार हैं।

## करीमगंज में ई-रिक्शा की आवाजाही पर रोक

**करीमगंज (हि.स.)।** शहर में आगामी 3 मार्च से शुरू होने वाली एचएसएलसी परीक्षा के अभ्यर्थी बिना किसी जाम के परीक्षा केंद्र पर पहुंच सकें, इसके लिए परीक्षा के दिनों में शहर में ई-रिक्शा के संचालन पर रोक लगा दी गई है। करीमगंज के मेयर ने स्थानीय प्रशासन को लिखे एक पत्र में कहा है कि एचएसएलसी परीक्षा के दिनों में शहर में ई-रिक्शा के कारण होने वाले ट्रैफिक जाम से उम्मीदवारों को समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में बाधा आ सकती है। इसे देखते हुए मेयर ने करीमगंज शहर में परीक्षा के दिनों में सुबह 10 बजे तक ई-रिक्शा पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है। हालांकि, परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को लाने के लिए इस्तेमाल होने वाले ई-रिक्शा में बैठे अभ्यर्थियों से कहा गया है कि उनकी पहचान सत्यापित कर उन्हें छूट दें। इसे देखते हुए, करीमगंज जिला प्रशासन ने जिला परिवहन विभाग को एचएसएलसी परीक्षा के दिनों में करीमगंज शहर में ई-रिक्शा के संचालन को नियंत्रित करने का निर्देश दिया है।

# फूलों की होली के साथ बाबा श्याम का फागुन महोत्सव धूमधाम मनेगा

**होजाई (होसं)।** सांवरिया भक्त मंडल होजाई के बैनर तले आगामी दिनांक 4 मार्च (शनिवार) को स्थानीय श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के तहत बाबा श्याम का फागुन महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां अपने अंतिम चरण में है। श्याम भक्त ललित बोड़ा ने बताया की शनिवार को अपरान्ह 4:30 बजे से प्रभु इच्छा तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान बाबा का मनमोहक दरबार फूलों से सजाया जाएगा व बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर भजनों की गंगा बहे जाएगी साथही फूलों की होली भी खेली जाएगी। कार्यक्रम के पश्चात श्याम रसोई का आयोजन किया जाएगा। सांवरिया भक्त मंडल ने सभी श्याम प्रेमियों से अनुरोध किया है की वे अपने-अपने घरों में स्थापित लड्डू गोपाल को सजा कर लाना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। वहीं उक्त धार्मिक कार्यक्रम में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और पुण्य के भागी बनें।

No.SE/BII/Tech/CS/GMCH/568/2022-23/1438-40

**PRESS NOTICE**

The Superintending Engineer, P.W.D, Guwahatl Bullding Circle-II, Chandmarl, Guwahati-3 on behalf of the Governor of Assam invites bids for the following works having experlence of similar nature of work from APWD registered contractors. Details of the bids may be seen at e-procurement portal website:www, assamtenders.gov.in and also In the office of the undersigned during office hours. The bidders must be enrolled in www.assamtenders.gov.in for participating in the bidding process.

| Name of work | Approx. Value of Work (Rs.) | Category of APWD (B) registered contractor |
|---|---|---|
| Establishment of Critical Care Skill Lab at New emergency Building, (4th Floor) Gauhatl Medical College & Hospital, Guwahati-32 : | 82,03,483/- | Class-I (A/B/C)/ Class-II (within this Circle) |

Note:-
1. Any modification of tender may be seen in the portal www.assamtenders.gov.in.
2. The prospective bidder must visit the work site before submission of tender. The bidders have to submit evidence of site visit in the form of a certificate duly certified by the concerned Executive Engineer, PWD or Self Undertaking with geo-tagged photographs.

Sd/-
Superintending Engineer, P.W.D.
Guwahati Building Circle-II

*-- Janasanyog /C/21750/ 22*

# पृष्ठ एक का शेष

### नॉर्थ ईस्ट से ...

हुआ था। 60 सीटों वाली विधानसभा में नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी को 25, भारतीय जनता पार्टी को 12, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 7, नेशनल पीपुल्स पार्टी 5, लोकजनशक्ति पार्टी (राम विलास), नागा पीपल्स फ्रंट, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) दो-दो, जनता दल (यूनाइटिड) 1 और निर्दलीय चार सीटों पर जीतें हैं। मेघालय विधानसभा चुनाव की 60 सीटों में से मेघालय विधानसभा में 59 सीटों पर मतदान हुआ था। मेघालय की सोहिओंग (एसटी) सीट पर एक उम्मीदवार की मृत्यु के चलते मतदान स्थगित किया गया था। यहां नेशनल पीपुल्स पार्टी 26, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी 11, वायस ऑफ द पीयूप्ल पार्टी 4, तृणमूल कांग्रेस 5, कांग्रेस 5, भारतीय जनता पार्टी 2, हिल स्टेट पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी 2, निर्दलीय 2 पर जीते हैं। महाराष्ट्र की कसबा पेठ सीट पर कांग्रेस के धंगेकर रवींद्र हेमराज, तमिलनाडु की ईरोड (पूर्व) (एससी)पर डीएमके समर्थन के साथ कांग्रेस ई.वी.के.एस.एलंगोवन और पश्चिम बंगाल की सागरदिघी में कांग्रेस के बायरन बिस्वास ने जीत दर्ज की है। वहीं महाराष्ट्र की चिंचवड सीट पर भाजपा के अश्विनी लक्ष्मण जगताप ने जीत दर्ज की है और अरुणाचल प्रदेश की लुमला (एसटी) सीट पर भाजपा उम्मीदवार मायरालबोर्न साइम का पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। झारखंड की रामगढ़ विधानसभा सीट पर आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी ने जीत दर्ज की है। उल्लेखनीय है कि त्रिपुरा विधानसभा की 60 सीटों पर 16 फरवरी और मेघालय व नागालैंड की 59-59 विधानसभा सीटों पर सोमवार को मतदान हुआ था। इसके अलावा महाराष्ट्र की दो सीटों पर उपचुनाव के लिए रविवार और तीन राज्यों की एक-एक सीट पर उप चुनाव के लिए सोमवार को मतदान हुआ था।

### पूर्वोत्तर अब न ...

जाकर के लोगों के दिलों को जीता। उन्होंने आगे कहा कि हमारे कुछ शुभचिंतक भी हैं जिन्हें इससे तकलीफ है कि आखिर भाजपा के जीतने का राज क्या है? अभी तक के परिणाम तक मैंने टीवी तो नहीं देखी और यह भी नहीं देखा कि ईवीएम को गाली पड़नी शुरू हुई है या नहीं। इससे पहले पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय के नतीजों पर ट्वीट करके पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं और वहां की जनता का आभार जताया था। त्रिपुरा के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राज्य के विकास को बढ़ावा देना जारी रहेगा। त्रिपुरा के लोगों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि मुझे जमीनी स्तर पर शानदार प्रयासों के लिए त्रिपुरा के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं पर गर्व है। नगालैंड में एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन के लिए एक और जनादेश देने के लिए पीएम मोदी ने लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने ट्वीट किया, डबल इंजन सरकार राज्य की प्रगति के लिए काम करती रहेगी। मैं अपने पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के लिए सराहना करता हूं जिन्होंने इस परिणाम को सुनिश्चित किया। वहीं, मेघालय चुनाव पर अपने ट्वीट में उन्होंने कहा कि मैं उन सभी का आभारी हूं जिन्होंने विधानसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हम मेघालय को विकास पथ पर आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करते रहेंगे और राज्य के लोगों को सशक्त बनाने पर फोकस करेंगे। मैं अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रयास के लिए उनका भी आभारी हूं। पार्टी के *विजय उत्सव* में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में मेघालय में मत प्रतिशत बढ़ा। पीएम मोदी के नेतृत्व में नगालैंड में आगे बढ़ रहे हैं। पीएम के नेतृत्व में मेघालय में दोबारा सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को एटीएम समझ रखा था। पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर की तकदीर और तस्वीर बदल डाली आज पूर्वोत्तर शांति और स्थिरता के लिए जाना जाता है। भाजपा प्रमुख ने कहा, जनता हर जगह कमल खिला रही है। आज कांग्रेस कहीं देखने को नहीं मिलती।

### हेकानी जखालु नगालैंड ...

पार्टी साथ में मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों का गठबंधन 2018 में हुआ था। पिछले चुनाव में गठबंधन को 30 सीटों पर जीत मिली थी। इस बार के विधानसभा में कुल 183 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से चार महिलाएं हैं। इन महिलाओं में हेकानी जखालु के अलावा, तेनिंग सीट से कांग्रेस की रोजी थॉम्पसन, पश्चिमी अंगामी सीट से एनडीपीपी की सहलौतुओनुओ और अतोइजू सीट से भाजपा की काहुली सेमा शामिल हैं। नगालैंड में कुल 13 लाख 17 हजार 632 मतदाता हैं, जिनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 6 लाख 56 हजार 143 हैं। यह कुल मतदाताओं का 49.8 प्रतिशत है। नगालैंड में पहली बार 1977 में रानो मेसे शाजिया लोकसभा सांसद निर्वाचित हुई थीं। वे यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी से थीं। भाजपा ने पिछले साल दूसरी महिला, एस फांगनोन कोन्याक को राज्यसभा भेजा। नगालैंड में भाजपा-एनडीपीपी गठबंधन ने दमदार प्रदर्शन किया है। राज्य में फिर से गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इस समय नेफियू रियो मुख्यमंत्री हैं। नगालैंड में 60 विधानसभा सीट हैं, जिनमें से 59 सीटों पर वोटिंग हुई है।

### सोनोवाल ने पारंपरिक ...

मुंजपारा, म्यांमार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. थेटखिंगविन, मालदीव के उप स्वास्थ्य मंत्री साफिया मोहम्मद सईद और आयुष मंत्रालय में सचिव राजेश कोटेचा शामिल हुए। इस सम्मेलन में उच्च स्तरीय प्रतिनिधि जैसे स्वास्थ्य मंत्री, आधिकारिक प्रतिनिधि और एससीओ और भागीदार देशों के विदेशी खरीदार शामिल हैं। विदेशी अधिकारी और व्यापार प्रतिनिधि भी भाग ले रहे हैं। चीन, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, मालद्वीप, अर्मेनिया, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, बहरीन, मंगोलिया, यूएई आदि देशों ने इसमें हिस्सा ले रहे हैं। चार दिवसीय सम्मेलन में एससीओ और भागीदार देशों से फार्माकोपिया, गुणवत्ता आश्वासन और अनुसंधान, हर्बल अर्क, न्यूट्रास्यूटिकल्स आदि सहित पारंपरिक चिकित्सा उत्पादों और प्रथाओं के विनियामक ढांचे पर निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं से विस्तृत प्रस्तुतीकरण और विचार-विमर्श होगा और पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए सरकारी कार्य होंगे। विशिष्ट उत्पाद-वार, निर्यात और आयात के अवसरों पर चर्चा करने और एससीओ देशों में बढ़ी हुई बाजार पहुंच के साथ गहन आर्थिक साझेदारी के लिए *अपने खरीदार को जानें* और *बी2बी बैठक* जैसे महत्वपूर्ण सत्रों की भी योजना बनाई गई है। इस संदर्भ में केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा है कि पारंपरिक चिकित्सा पर यह महत्वपूर्ण बी2बी सम्मेलन और एससीओ परिषद में भारत की अध्यक्षता में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा है कि हमारा आहार हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में एक अहम भूमिका निभाता है। आयुर्वेद और अन्य पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में विभिन्न खाद्य पदार्थों के विशिष्ट खाद्य लाभ और उनके व्यंजनों पर अधिक जोर दिया है। यहां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है। पारंपरिक दवाओं के निर्माण, पोषण संबंधी खाद्य पदार्थ, जड़ी बूटियों के अर्क और सेवा क्षेत्र को कवर करते हुए एक्सपो में पारंपरिक दवाओं के निर्माताओं, निर्यातकों और भारत के आयुर्वेदिक अस्पतालों, मैदानी क्षेत्रों में शामिल अनुभवी व्यक्तियों के साथ बातचीत की सुविधा होगी। इसके अलावा इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एससीओ और भागीदारी देशों के प्रतिनिधि मंडलों के साथ बी2बी अवसर, आयुर्वेदिक और कल्याण उत्पादनों की खोज, मान्यता प्राप्त आयुष डॉक्टर द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जांच, पारंपरिक चिकित्सक, और सार्वजनिक व्याख्यान, लाइव योग सत्र और स्वस्थ रहने का अनुभव भी प्राप्त होगा।

### अमित शाह को ...

को सलाह भी दे दी है। मेघालय में 60 में से 59 सीटों पर चुनाव हुए थे। एक सीट पर एक प्रत्याशी की मौत के चलते चुनाव रद्द हो गया। 59 सीटों पर हुए चुनाव के नतीजों ने आज सभी को हैरान कर दिया। किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। इनके 25 प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। दूसरे नंबर पर यूडीपी रही। इनके 11 उम्मीदवार चुनाव जीत गए। भाजपा के तीन, टीएमसी के पांच, कांग्रेस के पांच, एचएसपीडीपी, पीडीएफ के दो-दो उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। दो निर्दलीय विधायक भी चुने गए। वाइस ऑफ द पीपल पार्टी के चार उम्मीदवार चुनाव जीत गए।

### शाह से मिले सीएम ...

मुख्यालय की ओर से एक मार्च को जारी आदेशों में कहा गया है कि पंजाब में जो कम्पनियां भेजी जाएंगी, उनमें दस कम्पनी सीआरपीएफ और आठ कम्पनी आरएएफ की रहेंगी। सीआरपीएफ की दस कम्पनी झारखंड सेक्टर से पंजाब के लिए रवाना की जा रही हैं। आरएएफ की चार कम्पनी 83 बटालियन से, दो कम्पनी 194 बटालियन से और दो कम्पनी 104 बटालियन से पंजाब पहुंच रही हैं। बता दें कि पंजाब में खालिस्तान की मांग पर आगे बढ़ रहे वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख जत्थेदार अमृतपाल सिंह को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय गम्भीर है। मंत्रालय ने इस बाबत आईबी से विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। उसे मंत्रालय के टॉप अफसरों के साथ साझा किया गया था। अजनाला में अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने जिस तरह से थाने पर धावा बोला और उसके बाद सरकार से अपनी बात मनवाते हुए अपने साथी को रिहा कराया, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसे गम्भीरता से लिया है। इतना ही नहीं, जब पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने जब इस मामले में कार्रवाई की बात कही तो अमृतपाल सिंह ने दोबारा से ऐसी घटना होने की चेतावनी दे दी थी। डीजीपी ने कहा था कि अमृतपाल समर्थकों ने पुलिस से शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी थी। पुलिस ने उन पर भरोसा किया। वे पुलिस की बात मानेंगे, यह सोचकर प्रदर्शन की इजाजत दे दी गई। बाद में अमृतपाल के समर्थकों ने गुरु ग्रंथ पालकी साहिब की आड़ में पुलिस पर धारदार हमला कर दिया। हिंसा में छह पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। उसके बाद यादव ने कहा था कि इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कानूनी कार्रवाई होगी। जो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, उनके बयान दर्ज किए जाएंगे।

### पीएम मोदी सबसे ...

इटली भी भारत के साथ रिश्ते को प्रगाढ़ करने को लेकर काफी उत्साहित है। मेलोनी ने भारत और इटली को दुनिया के दो सांस्कृतिक सुपरपावर बताते हुए भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करना अपनी सरकार की अहम प्राथमिकता बताई। इटली और भारत के सामान्य रिश्तों को रणनीतिक दर्जा देने का मतलब यह हुआ कि कारोबार व रक्षा क्षेत्र में अब इनके बीच रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए दोनो देशों की सरकारों की तरफ से खास प्रोत्साहन मिलेगा। वैश्विक मंच पर भी इनके बीच बेहतर सामंजस्य दिखेगा और वैश्विक मुद्दों पर एक दूसरे के साझा हितों का ख्याल रखेंगे। मेलोनी ने कहा भी है कि भारत यात्रा का फैसला उनका रणनीतिक फैसला है, यह कोई सामान्य यात्रा नहीं है। उन्होंने पीएम मोदी को दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के तौर पर चिन्हित किया। दोनो देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग की सहमति बनी है। इसके तहत रक्षा क्षेत्र में साझा उत्पादन करने और शोध करने का रोडमैप तैयार किया जाएगा। साथ ही दोनो देशों की तीनों सेनाओं के बीच सैन्य अभ्यास की शुरुआत की जाएगी और सामुद्रिक क्षेत्र में सहयोग को प्रगाढ़ किया जाएगा। इटली ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में सक्रिय गतिविधि की नीति का खुलासा किया है, जिसका पीएम मोदी ने स्वागत किया है। मोदी ने कहा कि, यह बहुत ही खुशी की बात है कि इटली ने इंडो पैसिफिक ओपन इनिसिएटिव में शामिल होने का फैसला किया है। इस क्षेत्र में सहयोग के लिए ठोस विषयों की पहचान की जाएगी। दोनो नेताओं के बीच आपसी आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने से जुड़े भी कई आयामों पर बात हुई है।

### ईसी की नियुक्ति ...

कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सलाह पर की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल होंगे। न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की अध्यक्षता वाली 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से अपने फैसले में कहा कि यह नियम तब तक कायम रहेगा जब तक कि संसद इस मुद्दे पर कानून नहीं बना देती। सिंघवी ने कहा कि सरकार के पुरजोर विरोध के बाद यह निर्णय आया है। हम इसका स्वागत करते हैं। यह निर्णय व्यापक असर रखने वाला है। सरकार को इस निर्णय पर पूर्णत: अमल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईडी के निदेशक की नियुक्ति को लेकर भी यही प्रक्रिया अपनानी चाहिए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि आज ईडी सरकार का भाई और गठबंधन का हिस्सा बन गया है।

### जयशंकर की चीनी ...

रूप में पदभार संभाला है। चीनी विदेश मंत्री किन भारत द्वारा आयोजित जी-20 बैठक में भाग लेने के लिए गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंचे। एस जयशंकर ने ट्वीट किया कि जी-20 की विदेश मंत्रियों से इतर चीनी समकक्ष किन गैंग के साथ मुलाकात हुई। हमारे बीच द्विपक्षीय साझेदारी में आने वाली चुनौतियों और भारत-चीन सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमने जी-20 एजेंडा के बारे में भी बात की। बता दें कि भारत का कहना है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति स्थापित नहीं होगी, तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। जयशंकर द्वारा बाली में तत्कालीन चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ त्र20 बैठक के मौके पर बैठक करने के लगभग आठ महीने बाद यह वार्ता हुई। इससे पहले, पिछले साल सात जुलाई को एक घंटे की बैठक में जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री वांग को पूर्वी लद्दाख में सभी लंबित मुद्दों के जल्द समाधान की जरूरत से अवगत कराया था। विदेश मंत्री ने वांग से कहा था कि दोनों देशों के बीच संबंध आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हितों पर आधारित होने चाहिए। वांग पिछले साल मार्च में भारत आए थे।


### वाराणसी एयरपोर्ट ...

की सुरक्षा को लेकर एयरपोर्ट प्रबंधन और सुरक्षा एजेंसियों के अफसरों ने आपात बैठक की। इसके बाद धमकी भरे पत्र को लेकर एयरपोर्ट के मुख्य सुरक्षा अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने फूलपुर थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया। तहरीर के अनुसार होली से पहले एयरपोर्ट पर ड्रोन बम से हमले की धमकी भरा पत्र डाक से विमान पतन निदेशक के नाम से भेजा गया। बुधवार शाम को डाक से आए पत्रों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान धमकी भरा पत्र मिला। पत्र में लिखा गया था कि होली पर्व पर वाराणसी एयरपोर्ट को उड़ा दिया जाएगा। पत्र मिलने के बाद तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई और रात में ही मीटिंग बुलाई गई। इस संबंध में एसीपी पिंडरा अमित कुमार पांडेय ने पत्रकारों को बताया कि एयरपोर्ट के सुरक्षा संबंधित सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। फूलपुर पुलिस ने भी अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी है।

### होली उत्सव में...

किया। उन्होंने *विकसित भारत समाचार* के संपादक राकेश शर्मा को सम्मानित किया। *विकसित भारत समाचार* की सहायक संपादक सरिता शर्मा को भी सम्मानित किया गया। बालाजी के चित्र के आगे संयुक्त आयुक्त मनोज शर्मा, माया शर्मा, राजकुमार जालान (पाठशाला), मनोज पारीक, राजकुमार बंसल, अशोक डागा, सुरेश जैन कासलीवाल, सुभाष गोयनका, अजय पोद्दार और शांति लाल सिंघी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुरुआत में राजस्थानी लोक गायिका सोनू जोशी ने बालाजी के भजन गाकर भक्ति का वातावरण बना दिया। कार्यक्रम की दूसरे चरण में होली उत्सव में राजस्थानी कलाकारों ने होली की हास्य नाटिका प्रस्तुत की एवं मटकी नृत्य, होली धमाल नृत्य देखते-देखते सभी दर्शकगण मुग्ध होकर झूमने लगे, झूमते-झूमते नृत्य करने लगे। सुजानगढ़ के गायक नवरतन पारीक के चंग धमाल गीत पर दुर्गा परिहार ने आकर्षक नृत्य किया। बीकानेर के बसंत आचार्य की हास्य व्यंग्य लघु नाटिका ने भी सबको हंसा दिया। मोनू जोहरी ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **नवम अध्याय**

**(संत)**

**अनुयायी जो सन्त के, सभी सन्त कर जान।**
**गृही विरक्त दो भाव हैं, कर्मयोग अरु ज्ञान॥ 01॥**

**शब्दार्थ :** (अनुयायी) अनुगामी (गृही) गृहस्थाश्रमी (विरक्त) गृहत्यागी।

**भाष्य :** जो संत के अनुयायी हैं, वे सभी संत हैं। संतमत में ग-हस्थ और विरक्त दोनों प्रकार केसंत हैं। कर्मयोग और ज्ञानयोग दोनों भावों में संत रहकर प्रभु का भजन करते हैं।

**नहीं संत की जाति है, नहिं अकाश का फेर।**
**नहीं भूमि का तौल है, मूल्य न पारश केर॥ 02॥**

**शब्दार्थ :** (फेर) घुमाव (तौल) माप (केर) का।

**भाष्य :** संत की जाति नहीं होती, न व्यापक आकाश का घुमाव होता है, न भूमि की तौल अर्थात वजन होता है, न पारस मणि का मूल्य होता है।

# भाजपा कार्यालयों में मनी जीत की खुशी




**करीमगंज ( हि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में सरकार बना रही है। तीन राज्यों के पार्टी उम्मीदवारों की जीत की खुशी असम के सीमावर्ती शहर करीमगंज में भी गुरुवार को देखी गई। तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनने वाली है। ऐसे में करीमगंज जिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज पार्टी कार्यालय सहित शहर में अग्रिम होली खेली। जिला भाजपा अध्यक्ष से शुरू होकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गेरुआ अबीर लगाकर बधाई दी। साथ ही बूथ कार्यकर्ता से लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ता पटाखे फोड़ कर अपनी खुशी का इजहार करते नजर आये। पार्टी के नेताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। कई लोगों ने जीत का जश्न मनाने के लिए खुशी का जुलूस निकाला। कार्यकर्ता जयकारे लगाते नजर आए। कार्यकर्ता पार्टी की जीत के नारे लगाना नहीं भूले। तरह-तरह के नारों, गानों और पटाखों की रंग-बिरंगी रोशनी वाले जुलूसों से पूरा करीमगंज शहर सराबोर हो गया। करीमगंज जिला भाजपा अध्यक्ष सुब्रत भट्टाचार्य ने तीन राज्यों की जीत का आगामी ग्राम पंचायत चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव पर असर होने का दावा करते हुए कहा कि आम लोग शांति और विकास चाहते हैं। लोग समझ गए हैं, इसलिए भाजपा उम्मीदवारों को भरपूर वोट दिया, उन्हें जिताया है। आज के नतीजों ने साफ कर दिया है कि आम जनता मोदी और भाजपा के साथ है। करीमगंज जिला भाजपा की ओर से सुब्रत भट्टाचार्य ने बराक घाटी के तीन जिलों के पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया, जो वहां उपस्थित थे और चुनाव कार्य में सहयोग का हाथ बढ़ाया था।

## कटिगोरा में ट्रक से 18 भैंसें बरामद

**कछार ( हि.स. )।** कछार जिला के कटिगोरा एक बार फिर सुर्खियों में है। पिछले दो दिनों में बर्मीज पशुओं को कटिगोरा से रेस्क्यू किया गया था। गुरुवार को फिर से एक ट्रक से भैंसों को रेस्क्यू किया गया है। हालांकि, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि रेस्क्यू की गई भैंसें म्यांमार से लायी गई हैं या स्थानीय हैं। विश्वस्त सूत्रों के आधार पर कटिगोरा थाने के ओसी नब कुमार सैकिया ने अभियान चलाया। अभियान के दौरान एक ट्रक (एनएल-05टी-8859) की तलाशी ली गई तो पूर्वी कटिगोरा के तरिणीपुर ओंझी से सटे इलाके से 18 भैंसें बरामद की गई। घटना में मेघालय राज्य के आठ माइल इलाके से एक लॉरी चालक को गिरफ्तार किया गया है। नगालैंड में पंजीकृत ट्रक को भी जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बरामद भैंसों का पशु चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है।

## मंत्री पियूष हजारिका ने कटाव-निर्मूल परियोजना का किया निरीक्षण



**धुबड़ी ( राजू दास )।** असम सरकार के जल संसाधन आदि विभाग के मंत्री पीयूष हजारिका आज धुबड़ी जिले के अंतर्गत भारत बांग्लादेश सीमा अंचल का भ्रमण कर बीनना चारा नामक स्थान में गंगाधर नदी के कटाव से बचाव के लिए चल रहे विभागीय काम का प्रदर्शन किया। मालूम हो कि गंगाधर नदी के भू कटाव और भारत-बांग्लादेश सीमा के कानूरी- बिननाचारा पद मरम्मत करने के लिए प्राय 12 करोड़ पचास लाख रुपया का काम एक योजना के तहत चल रहा है। मंत्री हाजिरीका आज इस अंचल का भ्रमण कर स्थानीय लोगों के लिए चल रहे कामों को देख कर संतोष वयक्त किया तथा बाकी बचे कामों को समय रहते संपूर्ण करने का निर्देश विभागीय अभियंता को दिया। बाद में मंत्री ने उपस्थित संवाददाताओं को बताया कि मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा के निर्देश मैं भारत बांग्लादेश सीमांत अंचल में जीवन यापन कर रहे लोगों का सड़क तथा अन्य सुविधा उन्नत हो इसके लिए राज्य सरकार काम कर रही है। इसके बाद मंत्री ने धुबड़ी जिले के बेलगुड़ी अंचल में उपस्थित होकर गंगाधर नदी के बाढ़ के प्रकोप से अंचल वासियों को बचाव के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा हाथ में लिए 5 करोड़ की योजना के अधीन चल रहे कामों का मुआयना किया और समय से संपूर्ण करने के लिए विभागीय अभियंता को निर्देश दिया

## श्री गणेश सेवा समिति ने सीताराम ठाकुरबाड़ी में होली उत्सव मनाया



**गुवाहाटी ( विभास )।** फैंसी बाजार एसआरसीबी रोड स्थित सीताराम ठाकुरबाड़ी गणेश मंदिर में होली के उपलक्ष में श्री गणेश सेवा समिति के सौजन्य से होली उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संपूर्ण मंदिर को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। गणेश जी के मंदिर को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया। स्थानीय भजन कलाकार मंडली द्वारा होली धमाल की तर्ज पर भजन प्रस्तुत किए गए। धमाल भजन के साथ सभी भक्तों ने नृत्य करके होली उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर सभी भक्तों को प्रसाद के रूप में ठंडाई वितरित की गई।

## यौन उत्पीड़न पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रंगिया ( निसं )।** सशस्त्र सीमा बल क्षेत्रक मुख्यालय, रंगिया में कार्यस्थल पर आज महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम- 2013 के बारे में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय, गुवाहाटी के महानिरीक्षक संजीव कुमार शर्मा ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से किया। कार्यक्रम के दौरान व्याख्याता के रूप में आयी प्रणामी गोस्वामी, एजेएस सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कामरूप, अमिनगांव (असम) का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जगदीप पाल सिंह, उप-महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय, स.सी.बल रंगिया की देख-रेख में किया गया। इस मौके पर क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, रंगिया के डॉ. चंदन तालुकदार, सीभीओ (एसजी) और श्री रमेश कुमार,




सेंकेंड-इन-कमांड भी उपस्थित थे। इस जागरुकता कार्यक्रम में क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, रंगिया के अंतर्गत आने वाली 24वीं, 27वीं एवं 64वीं वाहिनीयों और क्षेत्रक मुख्यालय रंगिया के महिला कार्मिकों को मिलाकर कुल 60 महिला कार्मिक को उक्त अधिनियम से अवगत कराया गया।

## श्री श्याम सत्संग मंडल का 54वां फागुन उत्सव आज से

**गुवाहाटी ( विभास )।** श्री श्याम सत्संग मंडल के तत्वावधान में खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु का दो दिवसीय फाल्गुन उत्सव शुक्रवार से शुरू होगा। श्री श्याम जयंती महोत्सव के गौरवशाली 54वां वर्ष की तैयारियां पूरी कर ली गई है। फैंसी बाजार के एमएस रोड स्थित साधना मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय श्री श्याम जयंती महोत्सव के पहले दिन पूजा-अर्चना, अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात दिन के 11 बजे से 24 घंटा व्यापी श्री श्याम संकीर्तन का शुभारंभ किया जाएगा। वहीं शाम 7 बजे से देश के जाने माने आमंत्रित गायक कलाकार बीकानेर से प्रवेश शर्मा व कोलकाता से प्रकाश मिश्रा अपने-अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। विशेष आकर्षण के रूप में सिलीगुड़ी से श्याम सलोना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इधर महोत्सव के दूसरे दिन 4 मार्च को हवन, पूर्णाहुति के पश्चात बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद च ?ाया जाएगा एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है। वहीं शाम को विराट शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो महानगर के विभिन्न स्थानों से होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। मंडल की ओर से सभी भक्तों से दो दिवसीय श्री श्याम महोत्सव में शामिल होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया गया है। आयोजन को सफल बनाने में मंडल के सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

## अभातेममं की उम्मीद एक बेहतर कल की कार्यशाला संपन्न



**गुवाहाटी ( विभास )।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल गुवाहाटी द्वारा *उम्मीद एक बेहतर कल की* कार्यशाला का तीसरा चरण उपाध्यक्ष सुचित्रा छाजेड़ की अध्यक्षता में नूतन विद्यालय हाई स्कूल में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र द्वारा किया गया। बहनों द्वारा प्रेरणा गीत का संगान किया गया। महाप्राण ध्वनि का प्रयोग राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सुचित्रा छाजेड़ ने करवाया एवं इससे क्या क्या लाभ होता है इसकी जानकारी दी गई। विध्या कुंडलियां ने माता-पिता की सेवा कैसी हो इस पर प्रेरणादायी कहानी सुनाई और बच्चों से प्रश्न पूछे गए बच्चों ने जवाब में कहा पुलिस बन कर सेवा करनी है किसी ने कहा नर्स बन के सेवा करनी है। बच्चों को नोट बुक बांटे गए ।कार्यशाला के चौथे चरण में शशि सुराना द्वारा ईमानदारी पर रोचक कहानी सुनाई गई ।स्कूल में खाने का समान रखने के लिए मंडल द्वारा स्टील की 6 बड़ी कोठियां दी गई ।स्कूल हेडमिस्ट्रेस पूर्वी कलिता ने कहा स्कूल में इस तरह के प्रोग्राम होने से बच्चों में अच्छे संस्कार आते है एवं उन्होंने महिला मंडल का आभार ज्ञापन किया ।कार्यशाला का संचालन मंत्री सुशीला मालू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन गुलाब दूगड ने किया। इस आशय की जानकारी प्रचार मंत्री श्वेता सिंघी ने दी।

## लायंस गुवाहाटी ग्रेटर ने कैंसर पीड़ित बच्चों में बांटा दूध




**गुवाहाटी ( विभास )।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के जिला 322 जी के वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी प्रकल्प के अंतर्गत शिशु कैंसर माह एवं अपने स्थाई प्रोजेक्ट कोशिश एक आशा के तहत लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी ग्रेटर की अध्यक्ष लायन बेला नाउका की अध्यक्षता में सेंट ज्युडस इंडिया चाइल्ड केयर सेंटर, काला पहाड़ में कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए लायन अजीत जैन और लायन मोनिका जैन के सोजन्य से 84 लीटर अमूल दूध प्रदान किया गया। आज के कार्यक्रम की सह संयोजिका लायन बबीता चौधरी सहित क्लब के अन्य सदस्यों का भी भरपूर सहयोग रहा। क्लब के जनसंपर्क अधिकारी लायन रतन खाखोलिया ने बताया कि क्लब की अध्यक्ष लायन बेला नाउका ने आज के कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## आईटीए में राजस्थानी कलाकारों ने चंग-धमाल की प्रस्तुति दी

**गुवाहाटी ( विभास )।** राजस्थान के सुजानगढ़ सीकर राजमार्ग पर स्थित मींगणा गांव के खेजड़ी वाले बालाजी मंदिर के देखरेख के लिए गठित खेजड़ी वाले बालाजी सेवा समिति गुवाहाटी के सौजन्य से माछखुवा स्थित आईटीए सेंटर में होली के उपलक्ष में होली उत्सव आयोजित किया गया। जिसमें राजस्थान से आए कलाकारों ने राजस्थानी चंग की थाप पर होली के गीत नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर खेजड़ी वाले बालाजी सेवा समिति के गुवाहाटी प्रमुख रामेश्वर गहलोत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं बालाजी के



चित्र के आगे राजकुमार जालान (पाठशाला), मनोज पारीक, राजकुमार बंसल, अशोक डागा, सुरेश जैन कासलीवाल, सुभाष गोयंका, अजय पोद्दार और शांति लाल सिंघी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुरुआत में राजस्थानी लोक गायिका सोनू जोशी ने बालाजी के भजन गाकर भक्ति का वातावरण बना दिया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में होली उत्सव में राजस्थानी कलाकारों ने होली की हास्य नाटिका प्रस्तुत की एवं मटकी नृत्य ,होली धमाल नृत्य से सभी दर्शकों को नृत्य करने के लिए मजबूर कर दिया। सुजानगढ़ के गायक नवरतन पारीक के चंग धमाल गीत पर दुर्गा परिहार ने आकर्षक नृत्य किया ।बीकानेर के बसंत आचार्य की हास्य व्यंग लघु नाटिका ने भी सबको हंसा दिया। मोनू जोहरी ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

## बाघमारा चर क्षुद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला




**नगरबेड़ा ( निसं )।** बरपेटा जिले के बागबर विधानसभा क्षेत्र के मंदिया उन्नयन खंड के अंतर्गत बाघमारा चर ग्राम पंचायत क्षेत्र में बाघमारा चर क्षुद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की निर्माण होने वाले चारदीवारी पर आज आधारशिला रखी गई। पंचायत के अध्यक्ष आकलीमा खातून ने बाघमारा चर बाजार में पंचदश 2020-2021 वित्तीय योजना की आनटाइड फंड के तहत दस लाख रुपये की लागत से बनने वाले बाघमारा चर क्षुद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चारदीवारी का विधिवत शिलान्यास किया। अध्यक्ष ने समारोह का विधिवत शिलान्यास किया जिसमें बाघमारा चर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष ताइजुद्दीन सरकार, बाघमारा चर मार्केट कमेटी के अध्यक्ष शुकुर आली, निर्माण समिति के अध्यक्ष नूर मोहम्मद आली, बाघमारा चर के कई प्रमुख प्रमुख जानेमाने व्यक्ति जैसे बाघमारा चर ग्राम पंचायत के पूर्व अध्यक्ष आब्दुल बारिक, आलहाज खलीलुर रहमान, सेवानिवृत्त शिक्षक तैयब आली शेख, सेवानिवृत्त शिक्षक जाफर आली, शिक्षक आलहाज आब्दुस छामाद,शाहादत आली, अस्पताल के फार्मासिस्ट दुलाल आहमेद, आदि करके पंचायत के जिपिचि सफीकुल इस्लाम,7नंब्मर वार्ड सदस्यों रफीकुल इस्लाम के साथ वार्ड का अन्य सदस्यों शामिल हुए।

## शिक्षक खगेंद्र नारायण चौधरी का निधन

**नगरबेड़ा ( निसं )।** कामरूप जिले के बोको निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नगरबेड़ा के रहने वाले तथा सेवानिवृत्त शिक्षक खगेंद्र नारायण चौधुरी (89) की कल हुई मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। यह पता चला है कि खगेंद्र नारायण चौधुरी 1934 में पैदा हुए थे ।शिक्षक खगेन्द्र नारायण चौधुरी नगरबेड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल में लंबे समय तक पढ़ाने के बाद, उन्होंने आखिरकार स्कूल के उपाध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त हुए। वह स्थानीय अग्रणी उच्च शिक्षण संस्थान बिमला प्रसाद चालिहा कॉलेज के संस्थापक महासचिव के रूप में कार्य किया और नगरबेड़ा गर्ल्स हाई स्कूल की संस्थापक थे। इसके अलावा वह क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के साथ भी निकटता से जुड़े थे। कल शिक्षक खगेंद्र नारायण चौधुरी गुवाहाटी के गीतानगर में अपने वकील बेटा के आवास पर बढ़ती उम्र की समस्याओं के कारण ही उनका निधन हो गया। शिक्षक का पार्थिव शरीर रात में नगरबेड़ा स्थित उनके आवास पर लाया गया। उनका अंतिम संस्कार आज स्थानीय श्मशान घाट में गणमान्य लोगों की मौजूदगी में किया गया।

## गुवाहाटी-सांतरागाछी और डिब्रूगढ़-सिकंदराबाद के बीच स्पेशल ट्रेनों का विस्तार

**गुवाहाटी ( विभास )।** अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रण करने के लिए गुवाहाटी-सांतरागाछी और डिब्रूगढ़-सिकंदराबाद के बीच ट्रेनों की सेवा क्रमश 03 मार्च से 01 अप्रैल, 2023 और 09 मार्च से 30 अप्रैल, 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। पूर्वोत्तर सीमा रेल ने 06 मार्च, 2023 से अगरतला-धर्मनगर-अगरतला डेमू पैसेंजर स्पेशल की सेवाओं को करीमगंज तक बढ़ाने का भी निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 08047/08048 सांतरागाछी-गुवाहाटी-सांतरागाछी साप्ताहिक समर स्पेशल को मौजूदा समय, ठहराव और गठन के साथ दोनों दिशाओं में 5 ट्रिपों के लिए विस्तारित किया जाएगा। ट्रेन संख्या 08047 सांतरागाछी-गुवाहाटी साप्ताहिक समर स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को सांतरागाछी से रवाना होगी और 03 मार्च से 31 मार्च, 2023 तक चलेगी। ट्रेन संख्या 08048 गुवाहाटी-सांतरागाछी साप्ताहिक समर स्पेशल प्रत्येक शनिवार को गुवाहाटी से रवाना होगी और 04 मार्च से 01 अप्रैल, 2023 तक चलेगी। ट्रेन संख्या 07046/07047 सिकंदराबाद-




डिब्रूगढ़-सिकंदराबाद स्पेशल का विस्तार दोनों दिशाओं में 09 मार्च, 2023 से 30 अप्रैल, 2023 तक किया जाएगा। ट्रेन संख्या 07046 सिकंदराबाद-डिब्रूगढ़ स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को सिकंदराबाद से रवाना होगी और 09 मार्च से 27 अप्रैल, 2023 तक चलेगी। ट्रेन संख्या 07047 डिब्रूगढ़-सिकंदराबाद स्पेशल डिब्रूगढ़ से प्रत्येक रविवार को रवाना होगी और 12 मार्च से 30 अप्रैल, 2023 तक चलेगी। इसके अलावा, ट्रेन संख्या 07679/07680 अगरतला - धर्मनगर - अगरतला डेमू पैसेंजर स्पेशल की सेवाओं को 06 मार्च, 2023 से करीमगंज तक विस्तार किया जाएगा। ट्रेन संख्या 07679 अगरतला-करीमगंज डेमू पैसेंजर स्पेशल अगरतला से 06:45 बजे रवाना होगी और 13:20 बजे करीमगंज पहुंचेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 07680 करीमगंज-अगरतला डेमू पैसेंजर स्पेशल करीमगंज से 13:45 बजे रवाना होगी और 20:45 बजे अगरतला पहुंचेगी। विस्तारित सेवा के दौरान ट्रेन नदीयापुर, चुड़ाईबाड़ी, तिलभुम, चांदखिरा बागान, कलकलीघाट, पाथरकांदी, कानाईबाजार, बारइग्राम, कायस्थग्राम, निलामबाजार और सुप्राकांदि में रुकेगी। अगरतला-धर्मनगर के बीच स्टेशनों पर ट्रेन का समय अपरिवर्तित रहेगा। इन ट्रेनों के ठहराव और समय-सारिणी का विवरण आईआरसीटीसी वेबसाइट और एनटीईएस पर उपलब्ध है और विभिन्न समाचार पत्रों एवं पूसी रेल के सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी अधिसूचित की जा रही है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले विवरण की जांच कर लें।

# प्रधानमंत्री मोदी का जी20 देशों के विदेश मंत्रियों को संदेश, गांधी व बुद्ध की धरती के लोकाचार से लें प्रेरणा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों से वैश्विक चुनौतियों के समाधान करने के लिए आपसी मतभेदों को बुलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज विकासशील देशों के सामने ऊर्जा और खाद्य संकट है। उन्हीं की आवाज को इस मंच तक पहुंचाने के लिए भारत ने वैश्विक दक्षिण पहल की शुरूआत की है। जी 20 देशों में सहमति बनाने और किसी ठोस नतीजे तक पहुंचने की क्षमता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो संदेश के माध्यम से जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बैठक गांधी और बुद्ध की भूमि पर हो रही है और वे भारत के सभ्यतागत लोकाचार से प्रेरणा लें जो हमें विभाजित नहीं करता है, बल्कि हमारा ध्यान उस ओर दिलाता है जो हम सभी को जोड़ता है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि आज की बैठक गहरे वैश्विक विभाजन के समय हो रही है और विदेश मंत्रियों के रूप में यह स्वाभाविक है कि चर्चा भू-राजनीतिक तनावों से प्रभावित हो। उन्होंने कहा, "हम सभी की अपनी स्थिति और हमारे दृष्टिकोण हैं कि इन तनावों को कैसे हल किया जाना चाहिए।" लेकिन दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं के रूप में, हमें उनके प्रति भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए जो इस कमरे में नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने भारत के जी20 प्रेसीडेंसी के लिए "एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य" के विषय को समझाते हुए उद्देश्य और कार्रवाई की एकता पर बल दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज की बैठक आम और ठोस उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक साथ आने की भावना को दर्शाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास, आर्थिक



लचीलापन, आपदा लचीलापन, वित्तीय स्थिरता, अंतरराष्ट्रीय अपराध, भ्रष्टाचार, आतंकवाद और खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा की चुनौतियों को कम करने के लिए दुनिया जी20 की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री ने इस ओर ध्यान दिलाया कि आज दुनिया में बहुपक्षवाद संकट की स्थिति में है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद बनी विश्व व्यवस्था ने अपने सामने दो लक्ष्यों को रखा था। पहला, प्रतिस्पर्धी हितों को संतुलित करके भविष्य के युद्धों को रोकना और दूसरा, सामान्य हितों के मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना। पिछले कुछ वर्षों में वित्तीय संकट, जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और युद्धों को देखते हुए यह व्यवस्था दोनों उद्देश्यों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि इस विफलता के दुखद परिणामों का सामना ज्यादातर सभी विकासशील देशों को करना पड़ रहा है और वर्षों की प्रगति के बाद दुनिया के सतत विकास पर संकट का खतरा मंडरा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस बात का भी उल्लेख किया कि कई विकासशील देश अपने लोगों के लिए खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की कोशिश करते समय अस्थिर ऋण से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकासशील देश अमीर देशों के कारण होने वाली ग्लोबल वार्मिंग से सबसे अधिक प्रभावित हैं। भारत की जी20 प्रेसिडेंसी ने ग्लोबल साउथ को एक आवाज देने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, "कोई भी समूह अपने फैसलों से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए लोगों को सुने बिना वैश्विक नेतृत्व का दावा नहीं कर सकता है।" प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की, "एक तरफ विकास और दक्षता और दूसरी तरफ लचीलापन के बीच सही संतुलन खोजने में जी20 की महत्वपूर्ण भूमिका है।" उन्होंने सुझाव दिया कि एक साथ काम करके इस संतुलन को और आसानी से हासिल किया जा सकता है। संबोधन का समापन करते हुए, प्रधानमंत्री ने सामूहिक ज्ञान और क्षमता में विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज की बैठक महत्वाकांक्षी, समावेशी और कार्यवाही उन्मुख होगी जहां मतभेदों से ऊपर उठकर संकल्प किए जाते हैं।

# भविष्य के लिए वैश्विक निर्णय लेने की प्रक्रिया का लोकतंत्रीकरण जरूरी : विदेश मंत्री

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को जी 20 विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अन्य विश्व संस्थाओं में सुधार की भारत की मांग दोहरायी। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए वैश्विक निर्णय लेने की प्रक्रिया का लोकतंत्रीकरण जरूरी है। विदेश मंत्री ने कहा कि 2005 से उच्चतम स्तर पर सुधार की भावना व्यक्त की जा रही है लेकिन जितनी देर हम इसे टालते रहेंगे उससे बहुपक्षवाद की विश्वसनीयता उतनी ही क्षीण होती जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक संरचना अपने आठवें दशक में है। इस अवधि में संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों की संख्या चौगुनी हो गई है। यह आज की राजनीति, अर्थशास्त्र, जनसांख्यिकी या आकांक्षाओं को प्रदर्शित नहीं करता। विदेश मंत्री ने कहा कि आज की चचाओं के हमारे एजेंडे में खाद्य, उर्वरक और ईंधन सुरक्षा की चुनौतियां शामिल हैं। ये वास्तव में विकासशील देशों के लिए अहम मुद्दे हैं। भारत का आग्रह है कि ये मुद्दे जी 20 किसी भी निर्णय लेने के केंद्र में हों। इसके साथ ही दुनिया



को अधिक विश्वसनीय और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए भी प्रयास करना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि जी 20 के विदेश मंत्रियों के रूप में, हम इस समय हमारे सामने आने वाली जटिल चुनौतियों का समाधान करने के अपने दृढ़ संकल्प की पुष्टि करते हुए एक सामूहिक संदेश भेज सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हम पहली बार वैश्विक संकट के बीच एक साथ आए थे और आज एक बार फिर वास्तव में कई संकटों का सामना कर रहे हैं। इन मुद्दों पर विचार करते हुए, हम सभी हमेशा एक मन के नहीं हो सकते हैं। वास्तव में, राय और विचारों के तीखे मतभेद के कुछ मामले हैं। फिर भी, हमें सामान्य जमीन तलाशनी चाहिए और दिशा प्रदान करनी चाहिए, क्योंकि दुनिया हमसे यही उम्मीद करती है। विदेश मंत्री के भाषण से पूर्व तुर्किए और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में एक मिनट का मौन रखा गया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो संदेश के माध्यम से जी 20 के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बैठक गांधी और बुद्ध की भूमि में हो रही है और वे भारत के सभ्यतागत लोकाचार से प्रेरणा लें जो हमें विभाजित नहीं करता है, बल्कि हमारा ध्यान उस ओर दिलाता है जो हम सभी को जोड़ता है।

# शराब नीति को लेकर कांग्रेस ने केजरीवाल पर कसा तंज

अजय त्यागी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज करते हुए कहा कि जब दिल्ली के लोग कोरोना से जूझ रहे थे तब केजरीवाल शराब नीति बनाने में मस्त थे। जबकि उस समय लोगों को अस्पताल,ऑक्सीजन और दवा की जरूरत थी। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने गुरुवार को एक वीडियो सदेश में कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से दिल्ली सरकार के शराब नीति का विरोध किया लेकिन केजरीवाल ने एक न सुनी। जब कोरोना के दौरान दिल्ली बेदम थी तब केजरीवाल शराब नीति क्यों बना रहे थे? उन्हें बताना चाहिए? उनकी प्राथमिका दिल्ली के लोग क्यों नहीं थे? यह उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। सुप्रिया ने कहा कि जब विपक्ष के नेताओं को एजेंसी प्रताड़ित कर रहीं



थीं तब आप चुप क्यों थी? उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों ने कांग्रेस के नेताओं को हिरासत में लिया घंटों तक पूछताछ की लेकिन आप की ओर से कांग्रेस के पक्ष में कोई बयान नहीं आया। सुप्रिया ने कहा कि जब केजरीवाल सरकार हर चौराहे, मोहल्ले में शराब की दुकान खोलने पर तुली थी तब कांग्रेस ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला और जांच की मांग की। उस समय तो भाजपा भी चुप थी जबकि दिल्ली में भाजपा के सात सांसद और आठ विधायक हैं। उल्लेखनीय है कि केजरीवाल सरकार के दो मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने बीते मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर शराब घोटाले में शामिल होने का आरोप है।

# कमाई के मामले में भाजपा आगे, दूसरे स्थान पर तृणमूल कांग्रेस रही!

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आठ राष्ट्रीय राजनीतिक दलों ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कुल 3289.34 करोड़ रुपए की आय प्राप्त होने की घोषणा की है और इसमें आधे से अधिक राशि भाजपा को मिली है। चुनाव सुधार के लिए कार्यरत एक प्रमुख एनजीओ ने यह जानकारी दी। गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्र्स (एडीआर) ने विभिन्न दलों द्वारा चुनाव आयोग के साथ सांझा किए गए दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि दूसरे स्थान पर तृणमूल कांग्रेस रही है, जिसने 545.745 करोड़ रुपए की आय की घोषणा की है। यह 8 राजनीतिक दलों



की कुल आय का 16.59 प्रतिशत है। भाजपा ने 2021-22 के दौरान 1917.12 करोड़ रुपए की कुल आय प्राप्त होने की घोषणा की जिसमें से उसने 854.467 करोड़ रुपए खर्च किया। कांग्रेस की कुल आय 541.275 करोड़ रुपए रही जिसमें से उसने 400.414 करोड़ रुपए खर्च किया। जिन 8 राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय राजनीतिक दल का दर्जा चुनाव आयोग से मिला है उनमें भाजपा, कांग्रेस, बसपा, राकांपा, भाकपा, माकपा, तृणमूल कांग्रेस और नैशनल पीपुल्स पार्टी हैं। एडीआर ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने 268.337 करोड़ रुपए खर्च किया। इन 8 राजनीतिक दलों में से 4- भाजपा, तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और राकांपा ने अपनी कुल आय का 1811.9425 करोड़ रुपए चुनावी बांड के माध्यम से चंदे के रूप में हासिल किए। चुनावी बांड के माध्यम से भाजपा को 1033.70 करोड़ रुपए, तृणमूल कांग्रेस को 528.143 करोड़ रुपए, कांग्रेस को 236.0995 करोड़ रुपए और राकांपा को 14 करोड़ रुपए चंदे में मिले।

# 'रन फॉर गुड' के पहले संस्करण का आयोजन नई दिल्ली में 19 मार्च को

राकेश शर्मा

**नई दिल्ली।** 'रन फॉर गुड' के पहले संस्करण का आयोजन नई दिल्ली में 19 मार्च को होगा। इस आयोजन को तीन वर्गों 3के सवेरा रन, 5के परिवार रन और 10के टाइम्ड रन में बांटा गया है। सवेरा एसोसिएशन के अध्यक्ष मिनू बख्शी ने कहा, "इस साल हम अपने अस्तित्व के 25 साल पूरे कर रहे हैं और सवेरा लगातार एक निः शुल्क किंडरगार्टन स्कूल चलाकर वंचित बच्चों और महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। धावकों के पास एक समावेशी और आकर्षक अनुभव प्राप्त करने के लिए लाइव संगीत, फूड स्टाल और बहुत कुछ मजेदार गतिविधियों का आनंद लेने का भी मौका होगा। रन फॉर गुड एकता, समावेशिता और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देता है और यह इवेंट सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए खुली है। इस आयोजन के भागीदार आर्टकनेक्ट के संस्थापक और निदेशक, आनंद कान्ववार ने कहा, "दौड़ना केवल




एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह एक शक्तिशाली उपकरण भी है जो हमें मजबूत दिमाग और समुदाय बनाने में मदद कर सकता है। आर्टकनेक्ट में, हम दृढ़ता से एक आम आदमी के लिए एक साथ आने की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास करते हैं। यही वजह है हम सवेरा एसोसिएशन के साथ साझेदारी में रन फॉर गुड इवेंट का हिस्सा बनने के लिए सम्मानित हैं। हमारी टीम इस सार्थक पहल में योगदान करने पर गर्व करती है, क्योंकि हम स्वास्थ्य, कल्याण और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए काम करते हैं।" रन फॉर गुड इवेंट जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार, 19 मार्च 2023 को शुरू होगा।

# भारत ने जापानी वायु सेना से किए शिन्यू मैत्री और धर्म गार्जियन हवाई अभ्यास

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय वायु सेना ने जापान की एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स के साथ एक ही समय दो-दो हवाई अभ्यास किये हैं। भारत-जापान की वायु सेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास शिन्यू मैत्री के साथ ही धर्म गार्जियन अभ्यास का भी जापान में गुरुवार को समापन हो गया। शिन्यू मैत्री अभ्यास जापान के कोमात्सु में और 'धर्म गार्जियन' अभ्यास शिगा प्रांत के कैंप इमाजू में किया गया। दोनों ही हवाई अभ्यासों में भारत के लड़ाकू विमानों ने अपनी युद्धक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' में शामिल होने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी 12 फरवरी को जापान पहुंची थी, जहां जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स की ओर से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। यह अभ्यास 17 फरवरी को जापान में शिगा प्रांत के कैंप इमाजू में शुरू हुआ। 02 मार्च तक चले इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना ने अपनी युद्धक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। मौजूदा वैश्विक हालात में दोनों देशों के समक्ष सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर यह अभ्यास अत्यंत महत्वपूर्ण और सार्थक रहा। इस अभ्यास में भारतीय सेना की गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट और जेजीएसडीएफ में मिडिल आर्मी की एक इन्फैंट्री रेजिमेंट ने हिस्सा लिया। इसी अभ्यास के बीच में 01 और 02 मार्च को भारतीय वायु सेना के दल ने एक सी-17 ग्लोबमास्टर विमान के साथ अभ्यास शिन्यू मैत्री में हिस्सा लिया।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर गौतम अडाणी ने कहा- सत्य की जीत होगी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** गौतम आडाणी ने अडाणी समूह और हिंडनबर्ग रिपोर्ट से जुड़े मसले पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से जांच समिति गठित करने के फैसले का स्वागत किया है। गौतम अडाणी ने ट्विट कर कहा है कि "हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हैं सच सामने आएगा।" अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम आडाणी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि सत्य की जीत होगी। अडाणी ने ट्वीट कर कहा कि अडानी समूह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करता है। यह समयबद्ध तरीके से अंतिम रूप लाएगा और सच्चाई की जीत होगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने निवेशकों की सुरक्षा के लिए नियामक तंत्र से संबंधित समिति के गठन पर अमेरिकी वित्तीय रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कमेटी गठित करने का फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस एएम सप्रे की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय समिति में ओपी भट्ट, जस्टिस जेपी देवधर, नंदन नीलकेणी, सोमशेखर सुंदरेशन और केवी कामत को शामिल किया गया है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और सेबी को भी जांच करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को अपनी जांच दो महीने में पूरा करके स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को यह भी जांच करने का निर्देश दिया है कि क्या नियमों का उल्लंघन हुआ है और क्या स्टॉक की कीमतों में कोई हेर-फेर किया गया था। इसके साथ ही न्यायालय ने केंद्र सरकार, वित्तीय सांविधिक निकायों, सेबी चेयरपर्सन को गठित जांच समिति को पूरा सहयोग देने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि बीते 25 जनवरी को हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह को लेकर 32 हजार शब्दों की एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि बीते तीन साल में शेयरों की कीमतें बढ़ने से गौतम अडाणी की संपत्ति एक अरब डॉलर बढ़कर 120 अरब डॉलर हो गई है।

# एडिनोवायरस से एक माह में बंगाल में 12 बच्चों की मौत, 5 हजार से अधिक संक्रमित

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में एडिनोवायरस से बच्चों की मौत का सिलसिला नहीं थम रहा। इसे लेकर राज्य स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक चिंताजनक जानकारी साझा की गई है। बताया गया है कि बुधवार रात तक एक महीने में 12 बच्चों की मौत एडिनोवायरस से हो चुकी है। हालांकि इनमें से आठ बच्चों में कोमोरबिडिटी की समस्या भी थी। यानी सांस लेने में तकलीफ के साथ सर्दी-खांसी और बुखार जनित अन्य लक्षण थे। इनकी उम्र नवजात से दो साल के बीच थी। इतना ही नहीं पिछले एक महीने में 5213 बच्चों में संक्रमण की पुष्टि हुई है जो विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। राज्य के 121 अस्पतालों में पांच हजार बेड बच्चों के लिए एलॉटेड रखे गए हैं, जिनमें सर्दी-खांसी, बुखार जैसे एडिनोवायरस संक्रमण के लक्षणों




वाले बच्चों को भर्ती किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया है कि 600 चाइल्ड स्पेशलिस्ट को चिकित्सा के लिए लगाया गया है। 2500 एसएनसीयू, 654 पीडियाट्रिक आईसीयू, 120 पीसीयू तैयार किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि वायरल संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में है। राज्य में संक्रमण धीरे-धीरे कम हो रहा है। घबराने की कोई बात नहीं है। उल्लेखनीय है कि राज्य में एडिनोवायरस की वजह से बच्चों की लगातार हो रही मौत की वजह से दहशत का माहौल बना हुआ है।

# बिल गेट्स ने स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड वॉर रूम का निरीक्षण किया

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात की और भारत के कोविड-19 प्रबंधन और टीकाकरण अभियान की सराहना की। मंडाविया ने उन्हें डेडिकेटेड वॉर रूम दिखाया, जिसे अब हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर और नेशनल पब्लिक हेल्थ ऑब्जर्वेटरी (एनपीएचओ) के नाम से जाना जाता है, जिसे कोविड के समय में बनाया गया था। वॉर रूम को कोविड मामलों और टीकाकरण को तेजी से और कुशलता से ट्रैक करने के लिए बनाया गया था और वर्तमान



में एआई और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करके प्रत्येक स्वास्थ्य कार्यक्रम और पहल की निगरानी करता है। बैठक के दौरान गेट्स ने भारत के कोविड प्रबंधन, टीकाकरण अभियान और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन जैसी डिजिटल स्वास्थ्य पहलों की सराहना की। उन्होंने सराहना की कि कैसे भारत ने कोविड महामारी के दौरान उत्कृष्ट रूप से काम किया। दोनों ने भारत की जी20 स्वास्थ्य प्राथमिकताओं पर भी चर्चा की। मंडाविया ने बैठक के बाद ट्वीट किया कि बिल गेट्स के साथ शानदार मुलाकात। उन्होंने भारत के कोविड-19 प्रबंधन, टीकाकरण अभियान और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन जैसी डिजिटल स्वास्थ्य पहल की सराहना की। हमने भारत की जी20 स्वास्थ्य प्राथमिकताओं, पीएम भारतीय जनऔषधि परियोजना और ई-संजीवनी के बारे में चर्चा की।

# देश के लिए नया नहीं है मिलेट्स : तोमर

आशीष वर्मा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मोटा अनाज (मिलेट्स) हमारे लिए नया नहीं है। देश में प्राचीनकाल से ही मोटे अनाज का चलन रहा है। तोमर ने गुरुवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) की ओर से आयोजित "पूसा कृषि विज्ञान मेला" के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि रागी, ज्वार, बाजरा, सांवा, कंगनी, कोदो, कुटकी, कट्टू आदि अनाज से हमारे भोजन की थाली सजती रही लेकिन इन पोषक अनाज को गरीबों का आहार बताकर अचानक हमारी थाली से गायब कर दिया गया। जबकि इन अनाजों में भरपूर पोषक तत्व हैं। तोमर ने कहा कि मोदी सरकार ने मोटे अनाज के उपयोग, उत्पादन और निर्यात के लिए पहल की है। पीएम मोदी की पहल पर इस वर्ष को मोटे अनाज का वर्ष घोषित किया गया है। ऐसे में यह समय देश के किसानों, कृषि वैज्ञानिक के लिए चुनौती के साथ-साथ एक अवसर है। हमें अन्न के उत्पादन के साथ-साथ मोटे अनाज के उत्पादन, उपभोग और निर्यात में अव्वल बनना होगा। इस दिशा में हमें संयुक्त रूप से काम करना होगा। उल्लेखनीय है कि आज से "पूसा कृषि विज्ञान मेला" की शुरूआत हुई




है। यह मेला चार मार्च तक चलेगा। मेले का शुभारंभ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किया। इस बार मेले का थीम श्री अन्न द्वारा पोषण, खाद्य एवं पर्यावरण सुरक्षा रखा गया है। आईएआरआई के निदेशक डा. ए.के. सिंह ने अपने बयान में कहा कि इस वर्ष मेले के मुख्य आकर्षण हैं कृषि में महत्वपूर्ण व सम-सामयिक मुद्दों पर तकनीकी सत्र, अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष के अंतर्गत श्री अन्न आधारित मूल्य श्रंखला का विकास, स्मार्ट खेती/संरक्षित खेती मॉडल, जलवायु अनुकूल एवं संपोषक कृषि, कृषि विपणन एवं निर्यात, किसानों के नवाचार संभावनाएं एवं समस्याएं, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) स्टार्टअप लिंकेज। सिंह ने कहा कि प्रमुख तकनीकों की विषयगत प्रदर्शनियां भी लगाई गई हैं, वहीं शोध संस्थानों, स्टार्टअप व उद्यमियों के स्टॉल भी हैं। श्री अन्न आधारित स्टॉल से विभिन्न प्रकार के श्री अन्न, उनकी खेती पद्धतियों, मूल्यवर्धन और पोषण संबंधी महत्व के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। भारतीय मिलेट अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के साथ ही वी.पी.के.ए.एस अल्मोड़ा, काजरी, जोधपुर और एस.के.एन कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर, जो श्री अन्न संबंधित अनुसंधान से जुड़े हैं, वे भी मेले में भाग ले रहे हैं। कृषि-स्टार्टअप, विशेष रूप से श्री अन्न आधारित स्टार्टअप अपने स्टॉल लगा रहे हैं। मेले में गेहूं, सरसों, चना, सब्जियों, फूलों और फलों की महत्वपूर्ण किस्मों का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है।

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियां कमेटी के जरिये कराने का सुप्रीम आदेश

अजय कुमार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और चीफ जस्टिस की कमेटी के जरिये कराने का आदेश दिया है। जस्टिस के एम जोसफ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान बेंच ने ये फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता बनाए रखी जानी चाहिए अन्यथा इसके विनाशकारी परिणाम होंगे। जस्टिस केएम जोसेफ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि लोकतंत्र आम आदमी के हाथों शांतिपूर्ण क्रांति का वाहक है और इसे स्वतंत्र और निष्पक्ष रखा जाए। कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र तभी प्राप्त किया जा सकता है जब शासकीय व्यवस्था ईमानदारी से मौलिक अधिकारों का पूर्ण रूप पालन कराने का प्रयास करे।

लोकतंत्र पर तब खतरा पैदा होगा जब कानून का शासन केवल जुबानी तरीके से हो। कोर्ट ने 24 नवंबर, 2022 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने इस मामले पर चार दिन सुनवाई की थी। सुनवाई के दौरान अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने चुनाव आयुक्त अरुण



गोयल की नियुक्ति से जुड़ी फाइल कोर्ट में पेश की थी। जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली बेंच ने नियुक्ति में सरकार की ओर से दिखाई गई रही तेजी पर सवाल उठाया था। कोर्ट ने कहा था कि एक ही दिन फाइल को क्लीयरेंस मिलने से लेकर नियुक्ति तक कैसे हो गई। पद तो 15 मई, 2022 से खाली था। सुनवाई के दौरान जस्टिस केएम जोसेफ ने कहा था कि आमतौर पर वीआरएस लेने वाला कर्मचारी तीन महीने का नोटिस देता है। तब प्रशांत भूषण ने कहा कि उन्हें संदेह है कि अरुण गोयल ने वीआरएस के लिए नोटिस दिया था कि नहीं। इसलिए गोयल की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज कोर्ट को मंगाने चाहिए।

इस पर अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने आपत्ति जताते हुए कहा था कि कोर्ट बड़े मसले पर विचार कर रही है। अटार्नी जनरल ने कहा था कि प्रशांत भूषण जैसा बता रहे हैं वैसा नहीं है। इस पर जस्टिस जोसेफ ने कहा कि कोर्ट ने 17 नवंबर 2022 को सुनवाई की। उस समय भूषण ने अंतरिम अर्जी पर विचार करने को कहा था। उसके बाद 22 नवंबर 2022 को सुनवाई हुई। इसलिए अरुण गोयल की नियुक्ति से संबंधित फाइल कोर्ट में दाखिल कीजिए। उन्होंने अटार्नी जनरल से कहा था कि जैसा कि आप अपने आप को सही कह रहे हैं तो फाइल दाखिल करने में कोई हीला-हवाली नहीं करनी चाहिए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए 23 अक्टूबर, 2018 को कॉलेजियम की तरह एक कमेटी गठित करने की मांग करने वाली याचिका को सुनवाई के लिए पांच जजों की संविधान बेंच को रेफर कर दिया था। याचिका में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग को मजबूत बनाने और उसकी विश्वसनीयता बचाये रखने के लिए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कमेटी गठित की जाए। याचिका अनूप बरनवाल ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए जो कमेटी बनाई जाए उसमें विपक्ष के नेता और चीफ जस्टिस भी शामिल हों। इनकी नियुक्ति के लिए एक स्वतंत्र और निष्पक्ष सेलेक्शन कमेटी का गठन करने के लिए दिशानिर्देश जारी किया जाए।

## संपादकीय

# किसान की आय दो रुपए!

**किसान** की आय 2 रुपए ही नहीं है। यह प्रतीकात्मक आंकड़ा है कि किसानी कितनी सस्ती है या कृषि की मंडी कितनी क्रूर है! हम और भारत सरकार बखूबी जानते हैं कि किसानी के बाज़ार में बिचौलियों का कितना दबदबा है! केंद्रीय खाद्य मंत्री रहते हुए रामविलास पासवान ने इस आशय का बयान देकर सरकार को चौंका दिया था। आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन एक और क्रूर यथार्थ सामने आया है। महाराष्ट्र की सोलापुर मंडी में प्याज की फसल बेचने गया था किसान राजेन्द्र तुकाराम चव्हाण। फसल 512 किलोग्राम थी। प्याज का भाव मात्र 1 रुपए किलो देने की बात हुई, तो किसान को पहला झटका लगा। फिर ट्रांसपोर्ट, मजदूरी, माल ढुलाई और आढ़ती की कमीशन निकाल कर किसान को मात्र 2 रुपए का चेक दिया गया। वह भी 15 दिन बाद का था। अर्थात 512 किग्रा प्याज की कुल कीमत मात्र 2 रुपए...! क्या नंगी नहाए, क्या निचोड़े! यह यथार्थ तब का है, जब किसान की आय दोगुनी करने का सरकारी वायदा एक साल पहले गुजर चुका है। आमदनी तो बढ़ी नहीं, किसान को फसल की लागत भी नसीब नहीं है। मुनाफा तो सपनों की बात है। किसान राजेन्द्र चव्हाण ने 512 किग्रा प्याज बोने और पैदा करने की संपूर्ण प्रक्रिया पर 40,000 रुपए से ज्यादा खर्च किए थे और आमदनी मात्र 2 रुपए हो पाई! वह घर-परिवार कैसे चलाए? रोटी कैसे खाए? बच्चों को कैसे पढ़ाए? बेटी की शादी कैसे करे? और किसानी के धंधे को बदस्तूर जारी कैसे रखे? ऐसी ही कहानी तेलंगाना में टमाटर की है। वहां टमाटर अनाथ की तरह रुल रहा है। किसान कह रहे हैं कि जितना चाहिए, टमाटर तोड़ कर ले जाएं। प्याज, टमाटर के अलावा आलू ने भी यही क्रूर यथार्थ झेला है। कुछ और सब्जियों की भी यही नियति होगी! इन परिस्थितियों में किसान आत्महत्या नहीं करेगा, तो उसके सामने विकल्प क्या है? किसान अपने ट्रैक्टर तले फसलों को रौंद रहे हैं या सडक़ों पर फेंक रहे हैं। यह प्याज, टमाटर की बर्बादी नहीं है, बल्कि अर्थव्यवस्था को कुचलना है। भारत में प्याज की 150 लाख टन से ज्यादा की खपत है और उत्पादन 200 लाख टन से ज्यादा हुआ है। इसके बावजूद प्याज आयात किया जाता रहा है। हम इस धंधे को समझ नहीं पाए हैं। फिलीपींस में 3512 रुपए किलो प्याज बिक रहा है। अमरीका में 240, दक्षिण कोरिया में 250, ताइवान और जापान में 200, कनाडा में 190 और सिंगापुर में 180 रुपए प्रति किलो प्याज बिक रहा है। यदि हम अपने ही खुदरा बाज़ार की बात करें, तो औसतन 30-35 रुपए के दाम हैं। तो फिर किसान को उसकी फसल के सही भाव क्यों नहीं दिए जा रहे? भारत में किसान की औसत आय 27 रुपए रोज़ाना की है। यह नीति आयोग का तथ्य है। माहवार आय भी 4500 रुपए के करीब है। किसान 5500-6000 रुपए मजदूरी बगैरह करके कमाता है। क्या कृषि के मौजूदा बाज़ार के व्यवहार से स्पष्ट है कि किसान को किसानी छोडऩे पर विवश किया जा रहा है? क्या सरकार और मंडी किसानों को आंदोलन की सजा दे रही है? सरकार प्याज और टमाटर के भी भाव तय क्यों नहीं कर रही कि उससे कम पर फसल बिकेगी ही नहीं। किसानों को मंडी के बजाय विदेश में निर्यात क्यों नहीं करने दिया जा रहा? और आयात की क्या जरूरत है, जब नैफेड के कोल्ड स्टोरेज या गोदामों में प्याज भरा रखा होता है? बेहद पेचीदा नीतियां हैं सरकार की! विडंबना यह भी है कि सरकार उद्योगों में पूंजी निवेश करती है, लेकिन किसानी को कुदरत और मौसम के भरोसे छोड़ देती है। बेल-आउट पैकेज भी उद्योगों के लिए हैं। यह मेहरबानी खेती पर नहीं है। आखिर क्यों? किसान की फसल की कीमत 2 रुपए तब दी जा रही है, जब देश आज़ादी का 'अमृतकाल' मना रहा है। प्रधानमंत्री किसानों में 6000 रुपए सालाना की खैरात बांट सकते हैं, लेकिन किसानी की उचित कीमत और किसान-समर्थक व्यवस्था तैयार नहीं कर सकते।

आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन एक और क्रूर यथार्थ सामने आया है। महाराष्ट्र की सोलापुर मंडी में प्याज की फसल बेचने गया था किसान राजेन्द्र तुकाराम चव्हाण। फसल 512 किलोग्राम थी। प्याज का भाव मात्र 1 रुपए किलो देने की बात हुई, तो किसान को पहला झटका लगा। फिर ट्रांसपोर्ट, मजदूरी, माल ढुलाई और आढ़ती की कमीशन निकाल कर किसान को मात्र 2 रुपए का चेक दिया गया। वह भी 15 दिन बाद का था। अर्थात 512 किग्रा प्याज की कुल कीमत मात्र 2 रुपए...! क्या नंगी नहाए, क्या निचोड़े! यह यथार्थ तब का है, जब किसान की आय दोगुनी करने का सरकारी वायदा एक साल पहले गुजर चुका है। आमदनी तो बढ़ी नहीं, किसान को फसल की लागत भी नसीब नहीं है। मुनाफा तो सपनों की बात है। किसान राजेन्द्र चव्हाण ने 512 किग्रा प्याज बोने और पैदा करने की संपूर्ण प्रक्रिया पर 40,000 रुपए से ज्यादा खर्च किए थे और आमदनी मात्र 2 रुपए हो पाई! वह घर-परिवार कैसे चलाए? रोटी कैसे खाए? बच्चों को कैसे पढ़ाए? बेटी की शादी कैसे करे? और किसानी के धंधे को बदस्तूर जारी कैसे रखे? ऐसी ही कहानी तेलंगाना में टमाटर की है।

## बोध कथा

# पर्यटन के नए खाके में

**एशियन** विकास बैंक के मार्फत हिमाचल की पर्यटन अधोसंरचना नया आकाश खोज रही है, अतः इस दिशा में 1311 करोड़ की प्रस्तावित परियोजनाएं साबित करती हैं कि सुक्खू सरकार बिना समय गंवाए एक बड़े खाके पर काम कर रही है। खास तौर पर झील पर्यटन व जल क्रीड़ा संबंधी योजनाएं आगे बढ़ते हुए प्राकृतिक संसाधनों से गलबहियां करने की दिशा में अग्रसर हैं। पौंग, तत्तापानी, नादौन व बंगाणा के किनारों पर जल केंद्रित पर्यटन सुविधाओं में इजाफा होने से न केवल नए केंद्र सुदृढ़ होंगे, बल्कि इस तरह की अधोसंरचना का निर्माण सैलानियों को अधिक दिनों तक रोके रखने का सबब बन सकता है। एडीबी के सामने पूरा होता हिमाचल का नक्शा अपने आसपास कनेक्टिविटी संबंधी परियोजनाओं की क्षमता को भी देख रहा है। यानी नेशनल हाई-वे, फोरलेन तथा कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार को देखें, तो पर्यटक की मुलाकात कांगड़ा के साथ-साथ हमीरपुर, चंबा, मंडी व ऊना से होती दिखाई दे रही है। टूरिस्ट विलेज तथा गोल्फ मैदान जैसी परियोजनाओं के अलावा पौंग से नादौन तक प्रवासी पक्षियों के विहार को मिलते बढ़ावे को अंगीकार करें, तो मनोरंजन की गतिविधियां सैलानियों की व्यस्तता बढ़ा सकती हैं। इन तमाम परियोजनाओं के बीच गरली-परागपुर में अगर फिल्म सिटी की परिकल्पना को भी साकार किया जाए, तो यह सोने पे सुहागे जैसा कार्य करेगी। गरली-परागपुर में फिल्म सिटी का औचित्य उन तमाम धरोहर भवनों से जुड़ता है, जो इस क्षेत्र को अद्भुत वास्तुशैली के अप्रतिम सौंदर्य से सुसज्जित ढांचा भी सौंप देता है। इतना ही नहीं, गरली-परागपुर में फिल्म सिटी बसाने से एक तो निजी संपत्तियों के मालिक अपना व्यावसायिक उपयोग बढ़ा पाएंगे और साथ ही हरिपुर गुलेर, सुजानपुर, कांगड़ा-नूरपुर फोर्ट, तमाम आस्था केंद्र, टी गार्डन, पौंग जलाशय व बर्फ से लदी पहाडियां भी फिल्म शूटिंग के दायरे में आकर हिमाचल की पर्यटन खूबियों का प्रचार करेंगी। एडीबी के जरिए पिछले कुछ वर्षों से हिमाचल ने अपने पर्यटन को परिभाषित करने के लिए अधोसंरचना निर्माण को अहमियत दी है, लेकिन कुछ परियोजनाएं आज भी सफेद हाथी बनी हैं या वक्त से पहले ही अपना औचित्य हार गई हैं। पर्यटन परियोजनाओं में नूरपुर के दो परिसर, पौंग बांध के किनारे व दियोटसिद्ध के समीप होटल इकाइयां, कोटला, बैजनाथ व भागसूनाग के कैफे क्यों अपना औचित्य हारे, इसके ऊपर भी विवेचन होना चाहिए। अतीत में ऐसी जगह पर्यटन सूचना केंद्र या वर्ड वाचिंग टावर बना दिए गए, जो आज तक प्रासंगिक नहीं हो सके। इस दौरान निजी प्रयासों से नए केंद्र विकसित हुए और ये केवल इसलिए क्योंकि पर्यटन में रोमांच बढ़ाने के लिए सही स्थल का चयन आवश्यक है। गोविंद सागर या पौंग बांध से जब पानी पीछे हट जाता है, तो अतीत के मंजर में उभरते बिलासपुर के डूबे हुए मंदिर, पौंग के भीतर समाई बाथू की लड़ी बाहर आते हैं, तो इस पर्यटन की प्रस्तुति को अलग तरह की अधोसंरचना से संवारा जाना चाहिए। हिमाचल को पर्यटन की दृष्टि से अलग-अलग सर्किट रेखांकित करते हुए, कुछ नए क्षेत्र व मनोरंजन के पड़ाव जोडने होंगे। प्रदेश में बौद्ध, तिब्बती व ट्राइबल पर्यटन के जरिए हाई एंड टूरिज्म को नई दिशा देने की जरूरत है। बहरहाल सुक्खू सरकार प्रस्तावित परियोजनाओं के जरिए कुछ सफर तय करती हुई दिखाई देती है, लेकिन नए ढांचे के साथ-साथ अब तक निर्मित अधोसंरचना का बेहतर उपयोग व इनमें समय और मांग के अनुरूप बदलाव करने होंगे। एडीबी के माध्यम से सरकारी ढांचा रेखांकित होगा, लेकिन पूरे पर्यटन की मिलकीयत में अस्सी फीसदी भागीदारी करने वाले निजी क्षेत्र को पर्यटन की साझेदारी में आगे बढ़ाना पड़ेगा।

## देश के सकल घरेलू उत्पाद में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई

# भारतीय गृहणियों के घरु कार्य का आंकलन कर इसे सकल घरेलू उत्पाद में शामिल किया जाना चाहिए

प्रह्लाद सबनानी

वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही, अप्रेल-जून 2022, में एवं द्वितीय तिमाही, जुलाई-सितम्बर 2022, में क्रमश: 13 .2 प्रतिशत एवं 6 .3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। जबकि चौथी तिमाही, जनवरी-मार्च 2023, में 5 .1 प्रतिशत की वृद्धि की सम्भावना के चलते पूरे वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत के कसल घरेलू उत्पाद में 7 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है। इसी प्रकार कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों जैसे गोल्डमेन सेच्स, मूडी, फिच, एशियाई किवास बैंक आदि ने भी वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7 प्रतिशत से आगे बढ़ने के संकेत दिए हैं। एसएंडपी ने तो 7 .3 प्रतिशत का अनुमान दिया है।

**भारतीय** अर्थशास्त्रियों द्वारा जैसी कि उम्मीद की जा रही थी एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने भी भारतीय अर्थव्यवस्था सम्बंधी अपने आंकलन में जो सम्भावना व्यक्त की थी, उसी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 की तृतीय तिमाही, अक्टोबर-दिसम्बर 2022, में देश के सकल घरेलू उत्पाद में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही, अप्रेल-जून 2022, में एवं द्वितीय तिमाही, जुलाई-सितम्बर 2022, में क्रमशः 13.2 प्रतिशत एवं 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। जबकि चौथी तिमाही, जनवरी-मार्च 2023, में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि की सम्भावना के चलते पूरे वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है।

इसी प्रकार कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों जैसे गोल्डमेन सेच्स, मूडी, फिच, एशियाई विकास बैंक आदि ने भी वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7 प्रतिशत से आगे बढ़ने के संकेत दिए हैं। एसएंडपी ने तो 7.3 प्रतिशत का अनुमान दिया है। अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में दर्ज की गई वृद्धि पर नजर डालें तो ध्यान में आता है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 की तृतीय तिमाही, अक्टोबर-दिसम्बर 2022, में कृषि क्षेत्र में 3.7 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र में 2.4 प्रतिशत एवं सेवा क्षेत्र में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है। कोरोना खंडकाल के बाद से कृषि क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में लगातार सुधार दिखाई दे रहा है परंतु उद्योग क्षेत्र में अभी और अधिक सुधार की गुंजाइश बनी हुई है। उद्योग क्षेत्र में हालांकि बिजली उत्पादन, गैस, जल एवं अन्य जनोपयोगी सेवाओं तथा निर्माण गतिविधियों में 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है परंतु विनिर्माण के क्षेत्र में 1.1 प्रतिशत की ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

जिससे उद्योग क्षेत्र की वृद्धि दर पर विपरीत असर पड़ा है। भारत सरकार द्वारा देश के समस्त नागरिकों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने की दृष्टि से, विशेष रूप से गरीब वर्ग की आर्थिक समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से, कई उपाय किये जा रहे हैं उनका परिणाम स्पष्ट तौर पर अब दिखाई देने लगा है। भारत के नागरिकों की प्रति व्यक्ति आय अब बढ़कर 196,716 रुपए हो गई है जो वित्तीय वर्ष 2012 में केवल




71,609 रुपए प्रति व्यक्ति थी। वित्तीय वर्ष 2012 से 2022 के बीच प्रति व्यक्ति आय में 10.6 प्रतिशत प्रतिवर्ष (चक्रवृद्धि दर से) वृद्धि दर्ज की गई है। जो कि अपने आप में बहुत प्रभावशाली वृद्धि दर है। वित्तीय वर्ष 2023 में तो प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में 25,218 रुपए की अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है।

इसका सीधा प्रभाव निजी अंतिम उपभोग व्यय पर भी दिखाई दिया है जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 164 लाख करोड़ रुपए का हो जाने का अनुमान है। इससे देश की आर्थिक गतिविधियों में और अधिक तेजी आने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि कोविड खंडकाल के दौरान सकल पूंजी निर्माण में वित्तीय वर्ष 2021 में कुछ कमी देखने में आई थी परंतु वित्तीय वर्ष 2022 में यह अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गया है। विशेष रूप से कृषि, विनिर्माण, बिजली उत्पादन, व्यापार एवं होटेल, रीयल एस्टेट, जन प्रशासन एवं अन्य सेवाओं जैसे क्षेत्रों में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं कई राज्य सरकारों द्वारा अपने पूंजीगत खर्चों में की गई जबरदस्त वृद्धि के कारण यह सम्भव हो सका है तथा इसके कारण ही वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रति व्यक्ति आय एवं उपभोग व्यय में भी तेजी दिखाई दी है। पूंजीवादी मॉडल को अपना रहे विकसित एवं अन्य कई देशों में प्रत्येक व्यक्ति, जो व्यावसायिक गतिविधियों में संलग्न रहता है, की आय को देश के सकल घरेलू उत्पाद की गणना में शामिल किया जाता है।

चूंकि इन देशों में सामान्यतः समस्त महिलाएं व्यावसायिक गतिविधियों में शामिल रहती हैं अतः उनकी आय को उस देश के सकल घरेलू उत्पाद में शामिल किया जाता है। परंतु भारत में सामान्यतः समस्त ग्रहणियां घर के काम काज में अपना हाथ बटांती हैं एवं इसके एवज में उन्हें किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाता है अतः इन गतिविधियों को भारत के सकल घरेलू उत्पाद में शामिल नहीं किया जाता है।

इस संदर्भ में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा हाल ही में एक अध्ययन प्रतिवेदन में यह रोचक एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी है कि भारत में 18 वर्ष से 60 वर्ष के बीच ग्रामीण इलाकों में 28.7 करोड़ महिलाएं एवं शहरी इलाकों में 18.2 करोड़ महिलाएं निवास करती है। इनमें से 1.4 करोड़ महिलाएं ग्रामीण इलाकों में एवं 4 करोड़ महिलाएं शहरी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों में संलग्न हैं, अतः इनकी आय भारत के सकल घरेलू उत्पाद में गिनी जाती है। परंतु शेष 27.3 करोड़ महिलाएं ग्रामीण क्षेत्रों में एवं 9.3 करोड़ महिलाएं शहरी क्षेत्रों में, घरु कार्यों में व्यस्त रहती हैं, परंतु उन्हें इन कार्यों के लिए किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाता है और इस प्रकार इन महिलाओं द्वारा किए जाने वाले घरु कार्य को भारत के सकल घरेलू उत्पाद में शामिल नहीं किया जाता है।

यदि यह माना जाय कि इन महिलाओं द्वारा प्रतिदिन 8 घंटे घर में कार्य किया जा रहा है एवं उन्हें प्रतिमाह 5000 रुपए ग्रामीण क्षेत्रों में एवं प्रतिमाह 8000 रुपए शहरी क्षेत्रों में प्रतिफल के रूप में भुगतान किया जाय तो ग्रामीण क्षेत्रों में 14.7 लाख करोड़ रुपए एवं शहरी क्षेत्रों में 8 लाख करोड़ रुपए का भुगतान इन गृहिणियों को करना होगा। इस प्रकार भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कुल मिलाकर 22.7 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज हो सकती है जो कि भारत के वर्तमान सकल घरेलू उत्पाद का 7.5 प्रतिशत है। उक्त आंकलन के अनुसार, एक तरह से भारत का सकल घरेलू उत्पाद प्रतिवर्ष 7.5 प्रतिशत से कम बताया जा रहा है। भारत में ग्रहणियों के द्वारा किए जा रहे घरु कार्य को भी सकल घरेलू उत्पाद में शामिल करने के सम्बंध अब गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिए।

# सेहत, सफलता और खुशी

ज्ञान का प्रकाश मिलना तो हमारी आकांक्षा में शामिल है ही, पर आज हम उससे भी पहले की बात भी करेंगे, यानी इस प्रार्थना के शाब्किद अर्थ पर भी गौर करेंगे।आज हम सचमुच प्रकाश से वंचित हैं और ऐसा हमने खुद जानबूझ कर किया है। हमारे भवन ऐसे बनने लगे हैं जहां सूर्य का सीधा प्रकाश नहीं आता, आता भी है तो उसे हम मोटे-मोटे परदे लगाकर बाहर रोक देते हैं और कृत्रिम प्रकाश में जीवन गुजारते हैं। घर से बाहर किनलते हैं तो सन-स्क्रीन लगाते हैं जो सूर्य की किरणों के गुणों से हमें वंचित कर देती है। सूर्य की किरणें हमारी त्वचा के सीधे संकर्प में आती हैं तो हमारे शरीर को अत्यावश्कय विटामिन-डी मिलता है, बिल्कुल मुफ्त। अब चूंकि यह मुफ्त है, इसलिए फार्मास्यूकिटल क पनियां इकसा विज्ञापन नहीं क रतीं और अक्सर डाक्टर भी इकसे बारे में ज्यादा बात नहीं करते। यह एक ऐसा असाधारण और गुकणारी पोकष तत्व है जिकसे बारे में हमारी 'हैल्थ इंडस्ट्री' बात ही नहीं करती। सूर्य की किरणें जब शीशे में से गुजर कर हम कत पहुंचती हैं तो विटामिन-डी नहीं बनता, इसलिए घर, दफ्तर या कार में बैठने पर यदि हमें सूर्य का प्रकाश मिले भी तो हमें उकसा असली लाभ नहीं मिल पाता।

**जैसे** जैसे मुझे जीवन की कुछ समझ आ रही है, वैसे-वैसे सिर्फ एक बात साफ नजर आनी शुरू हुई है कि अगर हम सचमुच जीवंत जीवन जीना चाहते हैं तो हमें प्रकृति के नजदीक जाना होगा और प्राकृतिक जीवन जीना होगा, या प्रकृति को अपने जीवन में उतारना होगा। बचपन से ही हम 'असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मामृतं गमय' प्रार्थना गाते आए हैं जिसका अर्थ है कि हे प्रभु हमें असत्य से सत्य की ओर ले चलो, अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो, मृत्यु से अमरता की ओर ले चलो। आइए, इस प्रार्थना पर थोड़ा गहराई से विचार करें। लालची व्यवसायियों और कुटिल राजनीतिज्ञों ने आज हमारे हमारे जीवन में जहर घोल दिया है। झूठ को सच बनाकर पेश करना, जानबूझ कर झूठे वायदे करना राजनीतिज्ञों का शगल हो गया है और यह किसी एक दल तक सीमित नहीं है। हर दल इस बीमारी को फैला रहा है और हम उनके झूठ के शिकार बन रहे हैं। ये राजनीतिज्ञ हमें सत्य से असत्य की ओर ले जा रहे हैं। पर हमारा आज का विषय राजनीति नहीं है, इसलिए इसे हम यहीं छोडक़र आगे बढ़ते हैं। 'हे प्रभु, हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो' का अर्थ है कि हम अज्ञानी न रहें, अज्ञान अंधकार की तरह है जिसमें हमें कुछ नहीं सूझता, इस अज्ञान की जगह हमें ज्ञान का प्रकाश मिले। ज्ञान का प्रकाश मिलना तो हमारी आकांक्षा में शामिल है ही, पर आज हम उससे भी पहले की बात भी करेंगे, यानी इस प्रार्थना के शाब्दिक अर्थ पर भी गौर करेंगे। आज हम सचमुच प्रकाश से वंचित हैं और ऐसा हमने खुद जानबूझ कर किया है। हमारे भवन ऐसे बनने लगे हैं जहां सूर्य का सीधा प्रकाश नहीं आता, आता भी है तो उसे हम मोटे-मोटे परदे लगाकर बाहर रोक देते हैं और कृत्रिम प्रकाश में जीवन गुजारते हैं। घर से बाहर निकलते हैं तो सन-स्क्रीन लगाते हैं जो सूर्य की किरणों के गुणों से हमें वंचित कर देती है। सूर्य की किरणें हमारी त्वचा के सीधे संपर्क में आती हैं तो हमारे शरीर को अत्यावश्यक विटामिन-डी मिलता है, बिल्कुल मुफ्त। अब चूंकि यह मुफ्त है, इसलिए फार्मास्यूटिकल कंपनियां इसका विज्ञापन नहीं करतीं और अक्सर डाक्टर भी इसके बारे में ज्यादा बात नहीं करते। यह एक ऐसा असाधारण और गुणकारी पोषक तत्व है जिसके बारे में हमारी 'हैल्थ इंडस्ट्री' बात ही नहीं करती। सूर्य की किरणें जब शीशे में से गुजर कर हम तक पहुंचती हैं तो विटामिन-डी नहीं बनता, इसलिए घर, दफ्तर या कार में बैठने पर यदि हमें सूर्य का प्रकाश मिले भी तो हमें उसका असली लाभ नहीं मिल पाता। शरीर में विटामिन-डी की कमी हो तो हमारा शरीर भोजन से मिलने वाले कैल्शियम को नहीं सोख पाता और हमारी हड्डियां कमजोर रह जाती हैं। सूर्य की रोशनी से मिलने वाला विटामिन-डी एकाएक नहीं बढ़ाया जा सकता, इसके लिए सूर्य के प्रकाश में नियमित रूप से बाहर निकलना आवश्यक है। सुबह की सैर को इसीलिए अमृत समान माना गया है जो हमें 'पूर्ण स्वास्थ्य' प्रदान करता है क्योंकि इससे हमें व्यायाम के अलावा सूर्य की किरणों का पोषण भी मिल जाता है। उगते सूरज की रोशनी में लंबी सैर, थोड़ा सा योग, आंखों के व्यायाम और सही खानपान स्वास्थ्य की गारंटी हैं जो मुफ्त में उपलब्ध हैं। दुर्भाग्य की बात यह है कि हमें इनके बजाय दवाइयों पर निर्भर रहना सिखाया जा रहा है और हमें भी वह ज्यादा आसान लगता है। सूरज की किरणों से मिलने वाले लाभ को जानने के अलावा यह जानना और भी जरूरी है कि विटामिन-डी की कमी से होने वाले नुकसान क्या हैं। शरीर में विटामिन-डी की कमी से हड्डियां कमजोर होती हैं, शरीर में इन्सुलिन का बनना कम हो जाता है और हम टाइप-2 शूगर के मरीज बन सकते हैं, और यदि शरीर में विटामिन-डी की आवश्यक मात्रा उपलब्ध हो तो हम प्रोस्टेट कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, ओवेरियन कैंसर, कोलोन कैंसर आदि कई तरह के कैंसर से बच सकते हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि दोषपूर्ण जीवन शैली के कारण खुद डाक्टर भी विटामिन-डी की कमी के शिकार हो रहे हैं। सही खानपान भी हमारी सेहत के लिए बहुत आवश्यक है। हम भारतीय रोटी और चावल के आदी हैं और सलाद की महत्ता की उपेक्षा करते हैं। दरअसल अभी हम भोजन में जितनी सब्जी और जितना सलाद लेते हैं वह बहुत कम है। भोजन का सही तरीका यह है कि हम रोटी का एक कौर खाएं और उसके बाद दो-तीन बड़े चम्मच सब्जी या दाल लें, उसी प्रकार तीन-चार बार सलाद लें, तब अगला कौर खाएं। इससे शरीर में फाइबर की आवश्यक मात्रा पहुंचेगी और भोजन पूरी तरह से पचेगा। अभी हम सलाद दवाई की तरह खाते हैं, बहुत थोड़ा खाते हैं या खाते ही नहीं हैं। रोटी या चावल की जगह सब्जी और सलाद की मात्रा बढ़ा देने से हमें डाइटिंग की आवश्यकता भी नहीं रहती और हम स्वस्थ भी रहते हैं। हम नौकरी करते हों, छोटे या बड़े व्यवसायी हों या उद्यमी हों, समस्याएं तो आती ही हैं। समस्याएं जीवन का शाश्वत सत्य हैं। जीवन है तो समस्याएं हैं, चुनौतियां हैं, फर्क यही है कि उन चुनौतियों के प्रति हमारा दृष्टिकोण क्या है और हम समस्याओं से कैसे निबटते हैं। समस्या आने पर हमारी प्रतिक्रिया हमारे जीवन को परिभाषित करती है। हमारी योग्यता के साथ-साथ हमारा व्यवहार भी हमारी सफलता का पैमाना गढ़ता है। अनुशासन में रहकर अपने काम में मन लगाना, पूरे मनोयोग से काम करना हमारी सफलता का कारण बनता है। जब हम मन लगाकर काम करते हैं तो हमारी कुशलता बढ़ती चलती है और हम 'एक्सपर्ट' बन जाते हैं। इससे हमारा सम्मान बढ़ता है और प्रमोशन अथवा सफलता के अवसर बढ़ जाते हैं। जैसे-जैसे हम वरिष्ठ पदों पर आगे बढ़ते हैं, वैसे-वैसे अपने सहकर्मियों से हमारे संबंधों का महत्व बढ़ता चला जाता है। यह समझना आवश्यक है कि सहकर्मियों से सार्थक मेलजोल हमारी सफलता की सीढ़ी है। इससे हमें सफलता ही नहीं, खुशी भी मिलेगी। खुशी के बिना सफलता अधूरी ही नहीं, अर्थहीन है क्योंकि हमने सफल माने जाने वाले लोगों को, अमीर लोगों को, शक्तिशाली और समर्थवान लोगों को भी आत्महत्याएं करते हुए देखा है। अपने आप में ही सीमित हो जाने वाले लोग अकेले पड़ जाते हैं, पैसा और साधन होने के बावजूद किसी को अपना दुख बता नहीं पाते और सारा जीवन निराशा में बिता देते हैं। यही नहीं, कभी-कभी तो आत्महत्या तक जैसे अतिवादी कदम भी उठा लेते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम केवल सफलता की दौड़ का घोड़ा बन कर न रह जाएं, बल्कि अपने आप से भी प्यार करना सीखें, मनचाही हॉबी विकसित करें और खुश रहें। अच्छा स्वास्थ्य, सफल कैरिअर और खुशनुमा जीवन ही हमारी जीवंतता की निशानी हैं, इसलिए हमें सदैव प्रयत्न करना चाहिए कि हम खुद पर भी ध्यान दें, अपने लिए समय निकालें, सैर करें, प्रकृति का आनंद लें, ठीक से भोजन करें और खुश रहें।

## नागरिक बोध

# समझौतापरस्ती का महिमागान

**नई** सदी आई, लोगों की समझ बदल गई। बात का लहज़ा बदल गया। जीने का तौर-तरीका बदल गया। आज वही कामयाब है जो मौका देख कर केंचुल बदल जाए। अभी कुछ चुनाव सम्पन्न हुए। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है अपना देश। मतदान की बड़ी शक्ति बताई जाती है। कहते हैं यहां सत्ता परिवर्तन बुलेट अर्थात बन्दूक की गोली से नहीं, बैलेट यानी वोट से होता है। इसके बाद नतीजा निकलता है जो चुनाव संघर्ष में एक-दूसरे के साथ कीचड़ की होली खेल रहे थे, आरोपों और लांछनों की कथनी अतिकथनी के दांव चल रहे थे, वही चुनाव परिणाम के दिन पांसा पलटता देख एक-दूसरे के गले लगते देर नहीं लगाते। समझौतापरस्ती हवाओं में तैरने लगती है। जनता और उसके लिए क्रांति कर देने की घोषणा गई तेल लेने। गरीब का हित साधने के बात तो ऐसा टकसाली सिक्का है जो हर पैंतरा बदलता बैसाखी के रूप में अपनाता है। फिर सरकार का दायित्व, प्रशासन में असमंजस को खत्म करना और क्रांति के लिए देर आयद दुरुस्त आयद की नई शब्दावली सामने आ जाती है। भक्तजनों के झांझ मंजीरों के स्वर तेज़ हो जाते हैं। नायक पूजा का सुर बदल जाता है। वंश पूजा के रास्ते ही जनपूजा का रास्ता बताया जाता है। हर बार ऐसा होता है। जो क्रांति धर्मी नेता सरकार विरोधी लहर का परचम लहरा रहे थे, वे चुनाव परिणाम देख कर अपने धुर विरोधी को विजेता बनते देख उसका तंवर झूलने लगते हैं। इतिहास के नये पन्ने खुल जाते हैं। बताया जाता है कि बाप-दादा के ज़माने से ही वे लोग एक साथ चलने का इतिहास जी चुके हैं। सवाल अब साहिब नया इतिहास बनाने का है, जो विजेता है, वही त्रेता है। हम तो अपने भले के लिए ही उनके हाथ बिक गये। वायदा करते हैं कि हम रंग बदलने के बाद भी रियाया का ध्यान रखेंगे। जनाब अकबर इलाहाबादी भी फरमा गये हैं, 'हाकम को बहुत फिक्र है रियाया की, लेकिन अपना डिनर खाने के बाद।' लीजिए, गद्दियों पर चेहरे बदल गये। कल जो चुनावी भाषणों में एक-दूसरे की सात पुश्तें उधेड़ रहे थे, आज भय्या-भय्या कह कर एक-दूसरे को गले लगा रहे हैं। नेतागिरी का शब्दकोष समृद्ध है। जनहितैषी पुरानी घोषणाओं के मृत होते ही नई घोषणाएं जन्म ले लेती हैं।'

## देश दुनीया से

# कृषि संबंधी चुनौतियों का समाधान

**बाजरा** अत्यधिक परिवर्तनशील छोटे बीज वाले घासों का एक समूह है जो दुनिया भर में व्यापक रूप से अनाज की फसलों या मानव भोजन के लिए अनाज और चारे के रूप में उगाई जाती है। कोरियाई प्रायद्वीप में बाजरा की खेती का प्रमाण मध्य ज्यूलमुन मिट्टी के बर्तनों की अवधि जो कि लगभग 3500 से 2000 बीसी से जुड़ा हुआ है। अगर हम भारत की बात करें तो कुछ सबसे पुराने यजुर्वेद ग्रंथों में बाजरा का उल्लेख किया गया है। जिसमें फॉक्सटेल बाजरास, (प्रियंगव), बरनार्ड बाजरा (अनाव) और काली उंगली बाजरा (श्यामका) की पहचान की गई है। इस प्रकार यह संकेत मिलता है कि बाजरा की खपत बहुत आम थी, कांस्य युग 4500 बीसी से भी पहले। आज के समय की बात की जाए तो लगभग 50 साल पहले तक बाजरा भारत में उगाया जाने वाला प्रमुख अनाज था, मगर कुछ आधुनिक शहरी उपभोक्ताओं के द्वारा इसे मोटे अनाज के रूप में देखा जाने लगा और बाजरा एक पिछड़ेपन, गरीबी व गवार होने का प्रतीक बनकर रह गया। जिस भारत का दिल उसके अपने गांव में बसता हो, वहां की रीति-रिवाज, संस्कृति व भाषा के साथ-साथ इन आधुनिक शहरी उपभोक्ताओं ने महत्वपूर्ण पोषक तत्वों वाले मोटे अनाज को भी पीछे छोड़ दिया तथा उसकी जगह पर परिष्कृत आहार (रिफाइंड डाइट) का चलन शुरू कर दिया जो कि महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से विहीन है। आधुनिकता की इस दौड़ में हमें यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि भोजन जितना संभव हो उतना स्थानीय और पौष्टिक होना चाहिए। एक परिकल्पना यह भी कहती है कि बाजरा की खेती बड़ी खाद्य कंपनियों, रासायनिक निगम, मशीनरी, संकर बीज, उर्वरक, कीटनाशक कंपनियों को कोई बड़ा लाभ नहीं देती। बाजरा की खेती छोटे पैमाने पर कम लागत वाली प्रणालियों में बहुत अच्छी तरह से बढ़ता है और छोटे किसानों की आजीविका के लिए बहुत अच्छा है। शायद इसी कारण से चावल और गेहूं का ज्यादा प्रचार-प्रसार हुआ क्योंकि यह एक अधिक आकर्षक आर्थिक रणनीति थी। खाद्य नीति रणनीतिकारों और सरकारों के बचाव में कोई यह भी कह सकता है कि उस समय के हिसाब से कई लोगों का मानना था कि रासायनिक कृषि से लंबे समय में उपज और खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा। मोटे अनाज की विविधता से हम सिर्फ चावल और गेहूं तक सीमित हो गए। विकास के पश्चिमी मॉडल का अनुसरण करते हुए भारत और अन्य विकासशील देशों ने बहुत ही उपयोगी और अर्थपूर्ण चीजों को खो दिया है जिनमें भोजन की आदतों में बदलाव सबसे बड़े परिवर्तनों में से एक रही है। भारतीय अपने स्वदेशी खाद्य पदार्थों को तेजी से भूल रहे हैं और मानकीकरण का पीछा कर रहे हैं। बाजरे का उपयोग भी इसके प्राचीन या यूं कह लो पुराने जमाने का अनाज होने के कारण छोड़ दिया गया। हरित क्रांति से पहले बाजरा कुल खेती वाले अनाज का लगभग 40 फीसदी था। मतलब गेहूं और चावल की खेती से अधिक योगदान। चावल और गेहूं के पक्ष में राज्य की नीतियों के कारण बाजरा उत्पादन और खपत में भारी गिरावट आई तथा चावल का उत्पादन दोगुना हो गया और गेहूं का उत्पादन 3 गुना हो गया। सिंधु घाटी सभ्यता के दौरान इसकी खपत के कई सबूतों के साथ बाजरा भारत में उगाई जाने वाली पहली फसलों में से एक थी। वर्तमान में 130 से अधिक देशों में उगाए जाने वाले बाजरा को पूरे एशिया और अफ्रीका में आधे अरब से अधिक लोगों के लिए पारंपरिक भोजन माना जाता है। भारत में बाजरा मुख्य रूप से एक खरीफ फसल है जिसमें अन्य समान मूल भोजन की तुलना में कम पानी और कृषि आदानों की आवश्यकता होती है। बाजरा अपनी आजीविका उत्पन्न करने, किसानों की आय बढ़ाने और पूरे विश्व में खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने की विशाल क्षमता के कारण अति महत्वपूर्ण है।

आज के समय की बात की जाए तो लगभग 50 साल पहले कत बाजरा भारत में उगाया जाने वाला प्रमुख अनाज था, मगर कुछ आधुकिन शहरी उपभोक्ताओं के द्वारा इसे मोटे अनाज के रूप में देखा जाने लगा और बाजरा एक पिछड़ेपन, गरीबी व गवार होने का प्रतीक बकनर रह गया। जिस भारत का दिल उकसे अपने गांव में बसता हो, वहां की रीति-रिवाज, संस्कृति व भाषा के साथ-साथ इन आधुकिन शहरी उपभोक्ताओं ने महत्वपूर्ण पोकष तत्वों वाले मोटे अनाज को भी पीछे छोड़ दिया तथा उकसी जगह पर परिष्कृत आहार (रिफाइंड डाइट) का चलन शुरू कर दिया जो कि महत्वपूर्ण पोकष तत्वों से विहीन है। आधुकिनता की इस दौड़ में हमें यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि भोजन जितना संभव हो उतना स्थानीय और पौष्टिक होना चाहिए।



# अफगानिस्तान के लिए पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि ने दिया इस्तीफा, निजी कारणों का दिया हवाला

**इस्लामाबाद ।**
अफगानिस्तान के लिए पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि मोहम्मद सादिक ने निजी कारणों का हवाला देते हुए बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने ट्वीट किया कि अफगानिस्तान के लिए पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि के रूप में लगभग तीन साल की सेवा के बाद मैंने सरकार से अनुरोध किया है कि अब समय आ गया है कि मैं आगे बढ़ूं और अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करूं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के नेतृत्व में आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम, विदेश सचिव असद माजिद और अफगानिस्तान में पाकिस्तान के प्रभारी ओबैद निजामानी के साथ उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की काबुल यात्रा के एक हफ्ते बाद सादिक ने अपने इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने विशेष प्रतिनिधि के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान समर्थन के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अन्य का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने सहयोगियों के प्रयासों को भी सराहा, जिन्होंने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संबंधों को सुधारने के लिए अथक प्रयास किया। उन्होंने आगे कहा, मैं अपने कई सहयोगियों की कड़ी मेहनत की सराहना करता हूं, जिन्होंने पाकिस्तान-अफगानिस्तान संबंधों को कारगर बनाने के लिए लंबा समय लगाया।

**सादिक ने तालिबान को बातचीत के मेज पर लाने में निभाई थी अहम भूमिका** - सादिक पाकिस्तान के वरिष्ठ राजनयिक है। उन्होंने 2008 से 2014 तक काबुल में पाकिस्तान के राजदूत के रूप में कार्य किया था। इस दौरान उन्होंने अफगानिस्तान में गैर-पश्तून पार्टियों के बीच अविश्वास को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सादिक खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के स्वाबी क्षेत्र के पश्तून समुदाय से आते हैं। माना जाता है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुरोध के बाद 2018 में तालिबान को बातचीत के मेज पर लाने के पाकिस्तान के प्रयासों में सादिक की महत्वपूर्ण भूमिका थी। हालांकि, उन्होंने ऐसे समय पर इस्तीफा दिया है जब पाकिस्तान सरकार आतंकवादी समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमलों से निपटने में नाकाम दिख रही है। साथ ही अफगान तालिबान की अंतरिम सरकार के साथ बातचीत करने के बाद अभी तक कोई हल नहीं निकला है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो साल से भारत में अमेरिकी राजदूत का पद खाली, क्यों एरिक गार्सेटी के नाम पर नहीं लग पा रही मुहर



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत में अमेरिका के नए राजदूत के नाम का एलान कर दिया है। इस एलान के मुताबिक एरिक गारसेट्टी भारत में अमेरिका के नए राजदूत हो सकते हैं। हालांकि उनके नाम पर अमेरिकी कांग्रेस की होने वाली अहम वोटिंग स्थगित हो गई है। अब यह वोटिंग आठ मार्च को होनी है और इसके बाद ही तय होगा कि एरिक गारसेट्टी भारत में अमेरिका के नए राजदूत होंगे या फिर किसी नए नाम पर विचार किया जा सकता है। व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा है कि एरिक गारसेट्टी भारत में अमेरिका के राजदूत बनने के लिए पूरी तरह योग्य हैं। जुलाई 2021 में राष्ट्रपति जो बाइडन ने एरिक गारसेट्टी के नाम तय किया था। हालांकि एरिक गारसेट्टी के नाम का पार्टी के ही कुछ नेताओं और विपक्ष द्वारा विरोध किया जा रहा है। बता दें कि गारसेट्टी लॉस एंजेलेस के पूर्व मेयर रह चुके हैं और मेयर रहने के दौरान उन पर अपने स्टाफ से छेड़छाड़ का आरोप लगा था। यही वजह है कि विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी के ही कुछ सांसदों द्वारा गारसेट्टी के नाम का विरोध किया जा रहा है। जिसके चलते पिछली कांग्रेस द्वारा एरिक गारसेट्टी के नाम पर अंतिम मुहर नहीं लगाई गई थी। बीती जनवरी में जो बाइडन ने एरिक गारसेट्टी के नाम का फिर से एलान कर दिया। ऐसे में सीनेट की फॉरेन रिलेशन कमेटी के चेयरमैन बॉब मेन्डेज ने 28 फरवरी को कांग्रेस में एरिक गारसेट्टी के नामांकन को अंतिम करने के लिए बैठक बुलाई। अब यह बैठक स्थगित हो गई है और कमेटी आगामी आठ मार्च को वोटिंग करेगी। इसके बाद ही एरिक गारसेट्टी का नाम अंतिम हो सकेगा।

### पाकिस्तान ने करतारपुर कॉरिडोर के लिए नियुक्त किया पहला राजदूत, सरदार रमेश सिंह को दी गई जिम्मेदारी



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दुनिया भर से सिख तीर्थयात्रियों को आकर्षित करने के लिए सरदार रमेश सिंह अरोड़ा को करतारपुर कॉरिडोर के लिए पहला राजदूत नियुक्त किया है। बुधवार को जारी आदेश में इसकी जानकारी दी गई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सरदार रमेश सिंह अरोड़ा यहां मानद रूप से काम करेंगे। अरोड़ा करतारपुर के रहने वाले हैं और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के अल्पसंख्यक विंग के केंद्रीय महासचिव भी हैं। उनका परिवार करतारपुर में सिख पवित्र स्थलों की सुरक्षा और कल्याण से जुड़ा है। उनकी नियुक्ति इसलिए की गई है क्योंकि करतारपुर कॉरिडोर खोले जाने के बाद पाकिस्तान सरकार को जितने श्रद्धालुओं, खासकर भारत से आने की उम्मीद थी उतने आ नहीं रहे हैं। गौरतलब है कि करतारपुर कॉरिडोर पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब को भारत के पंजाब राज्य के गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक गुरुद्वारा से जोड़ता है। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव अपने जीवन के अंतिम कुछ सालों में करतारपुर में ठहरे थे।

### निक्की हेली बोलीं- पाकिस्तान कम से कम एक दर्जन आतंकी संगठनों का घर, उसे आर्थिक मदद नहीं मिलनी चाहिए



**वॉशिंगटन ।** कुछ दिन पहले ही राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने का एलान करने वालीं रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने पाकिस्तान पर अपने हमलों को जारी रखा है। भारतवंशी हेली ने अब कहा है कि पाकिस्तान कम से कम एक दर्जन आतंकी संगठनों का घर है और उसे अमेरिका से बिल्कुल भी आर्थिक मदद नहीं मिलनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अमेरिका की राजदीत और दो बार दक्षिण कैरोलाइना जिले से गवर्नर रह चुकीं 51 वर्षीय हेली ने पिछले महीने ही 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी का एलान किया था। इसके बाद से ही वे अमेरिका के दुश्मन के तौर पर देखे जाने वाले देशों के प्रति आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए हैं। बुधवार को एक ट्वीट में उन्होंने पाकिस्तान को घेरते हुए हैशटैग पूरी रकम रोक दो ट्वीट किया। इससे पहले भी हेली ने पाकिस्तान पर हमलों को धार देते हुए कहा था कि अमेरिका ने पिछले साल विदेशी मदद पर 46 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए। यह मदद चीन, पाकिस्तान और इराक जैसे देशों को गई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी करदाताओं को यह जानने का हक है कि यह पैसा कहां जा रहा है। हेली के मुताबिक, बाइडन प्रशासन ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता फिर से शुरू कर दी है।

## अमेरिकी विदेश विभाग ने दी चेतावनी

# टीटीपी का लक्ष्य पाकिस्तान सरकार को खैबर पख्तूनख्वा से बाहर करना



**इस्लामाबाद ।**
अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का लक्ष्य पाकिस्तान की सरकार को खैबर पख्तूनख्वा से बाहर धकेलना है। साथ ही सेना और सरकार के खिलाफ आतंकवादी अभियान चलाकर शरिया कानून की स्थापना करना है।

आतंकवाद पर देश की रिपोर्ट 2021 के अनुसार, टीटीपी अपने गुर्गों को प्रशिक्षित और संचालन करने के लिए अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा के साथ लगने वाले कबायली क्षेत्र का उपयोग करता है।अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, टीटीपी अल कायदा से वैचारिक मार्गदर्शन प्राप्त करता है, जबकि अल कायदा के लोग अफगान-पाकिस्तान सीमा के साथ लगने वाले पश्तून क्षेत्रों में सुरक्षित आश्रय के लिए टीटीपी पर भरोसा करते हैं। इस व्यवस्था ने टीटीपी को अल कायदा के वैश्विक आतंकवादी नेटवर्क और इसके सदस्यों की परिचालन विशेषज्ञता दोनों तक पहुंच प्रदान की है। रिपोर्ट के अनुसार, समीक्षाधीन वर्ष यानी 2021 के दौरान पाकिस्तान ने महत्वपूर्ण आतंकवादी गतिविधियों का अनुभव किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवाद और आर्थिक गतिविधियों की कमी के बीच की कड़ी को रेखांकित करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका पाकिस्तान में व्यापार और आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए सहायता प्रदान करता है। पाकिस्तान को मिलने वाली अमेरिकी सहायता में अमेरिकी व्यवसायों, नागरिक समाज और अफगानिस्तान की सीमा से लगे क्षेत्रों के साथ साझेदारी शामिल है। रिपोर्ट बताती है कि यह सहायता पाकिस्तानी लोगों के जीवन में सुधार लाने और अमेरिक के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए है। रिपोर्ट में कहा गया है, अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों में गलतफहमियों और जटिलताओं को कम करने के लिए लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान का समर्थन करना जारी रखे हुए है।इस बीच, अमेरिकी रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने बुधवार को कहा कि एक मजबूत अमेरिका दुनिया का एटीएम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि एक कमजोर अमेरिका बुरे लोगों को भुगतान करता है और अकेले 2022 में पाकिस्तान, इराक और जिम्बाब्वे को करोड़ों डॉलर की सहायता दी गई है। हेली ने हाल ही में कहा था कि सत्ता में आने पर वह अमेरिका से नफरत करने वाले देशों को मिलने वाली विदेशी सहायता में पूरी तरह की कटौती करेंगी। इसमें चीन, पाकिस्तान और अन्य विरोधी देश शामिल हैं। हेली के मुताबिक, अमेरिका ने पिछले साल विदेशी सहायता के नाम पर 46 अरब डॉलर खर्च किए, यह अब तक किसी भी अन्य देश से अधिक है। उन्होंने कहा कि मैं अपने दुश्मनों को मदद के तौर पर भेजी जा रही फंडिंग को पूरी तरह रोक दूंगी। उन्होंने कहा कि करदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि यह पैसा कहां जा रहा है और इस पैसे से क्या हो रहा है। वे यह जानकर चौंक जाएंगे कि इसका अधिकांश हिस्सा अमेरिकी विरोधी देशों को फंडिंग करने में चला जाता है।

## नॉर्थ कोरिया में हॉलीवुड फिल्में बच्चों के लिए बैन

# किम का आदेश- फॉरेन शो देखा तो बच्चे-पेरेंट्स जेल जाएंगे, मजदूरी भी कराई जाएगी



**प्योंगयांग।**
नॉर्थ कोरिया में बच्चों का हॉलीवुड मूवी या सीरीज देखना अब अपराध हो गया है। यहां तानाशाह किम जोंग ने आदेश जारी कर कहा- अगर बच्चे हॉलीवुड मूवी या सीरीज देखते हैं तो उन्हें और उनके माता-पिता को जेल हो सकती है। इतना ही नहीं, उनके पेरेंट्स को 6 महीने के लिए लेबर कैंप में भेजकर मजदूरी कराई जाएगी।

बता दें कि नॉर्थ कोरिया में पहले से ही हॉलीवुड मूवी और सीरीज देखना बैन है, लेकिन अभी तक वहां सजा इतनी कठोर नहीं थी। अभी तक सिर्फ फिल्म देखने वाले बच्चों के लिए ही सजा थी। अब बच्चों के साथ उनके माता-पिता को भी सख्त सजा देने का ऐलान किया गया है। बच्चों को 5 साल तक की सजा दी जाएगी।

**किम सरकार ने कहा- मां-बाप ध्यान नहीं देंगे तो बच्चे एंटी सोशलिस्ट बनेंगे** - नॉर्थ कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में मीटिंग के दौरान नए कानून की घोषणा करते हुए कहा गया कि मां-बाप को समय-समय पर इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उनके बच्चे क्या देख रहे हैं। अगर पेरेंट्स घर पर बच्चों की अच्छे से परवरिश नहीं करेंगे तो वो बड़े होकर कैपिटलिज्म की तारीफ करेंगे और एंटी-सोशलिस्ट हो जाएंगे।

**पहले इतना सख्त नहीं था कानून** - नॉर्थ कोरिया में बच्चों के लिए विदेशी फिल्म या शो देखना पहले से ही बैन है। पहले सिर्फ बच्चों के माता-पिता को वॉर्निंग देकर छोड़ दिया जाता था, लेकिन नए कानून में पहली बार अपराध करने पर बच्चे और मां-बाप के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। ये चेतावनी सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं है। नॉर्थ कोरिया में अगर कोई भी विदेशी और खास तौर पर साउथ कोरिया का ट्रेडिशनल डांस करते हुए, गाना गाते या इस बारे में बात करते मिलता है तो उसे और उसके पेरेंट्स को 6 महीने की सजा दी जाएगी। इससे पहले 6 दिसंबर को नॉर्थ कोरिया में हाईस्कूल में पढ़ने वाले 2 बच्चों को सजा-ए-मौत दी गई थी।

# चीन की चुनौती से निपटने की तैयारी, ताइवान मिलिट्री को अमेरिका ने बेचे खतरनाक हथियार



**ताइपे ।**
अमेरिका ने ताइवान को 619 मिलियन डॉलर कीमत के हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है। इसके तहत ताइवान को अब एफ-16 फ्लीट की मिसाइलें मिल सकेंगी। अमेरिका का यह कदम ऐसे समय आया है, जब चीन की वायुसेना द्वारा हाल ही में ताइवान की वायु सीमा का उल्लंघन किया। चीन और अमेरिका के रिश्ते भी तनावपूर्ण चल रहे हैं, ऐसे में ताइवान को ताजा हथियारों की बिक्री से दोनों देशों के रिश्तों में और कड़वाहट बढ़ सकती है। दरअसल ताइवान पर चीन दावा करता है और इसी वजह से वह ताइवान को किसी भी तरह की हथियारों की बिक्री का कड़ा विरोध करता है।

बुधवार को अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन ने बताया कि अमेरिकी सरकार ने ताइवान को 200 एंटी एयरक्राफ्ट एडवांस्ड मीडियम रेंज की एयर टू एयर मिसाइलों और 100 एजीएम-88बी एचएआरएम मिसाइलों की बिक्री करने का फैसला किया है। ताजा सौदे से ताइवान को अपने हवाई क्षेत्र की रक्षा करने में मदद मिलेगी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि इन मिसाइलों के मिलने से हम अपने हवाई क्षेत्र की सुरक्षा कर सकेंगे और चीनी सेना के उकसावे वाली कार्रवाई का जवाब दे सकेंगे।

ताइवान के साथ हुए सौदे के तहत रेथियोन टेक्नोलॉजीज और लॉकहीड मार्टिन को कॉन्ट्रैक्ट मिले हैं। वहीं चीन द्वारा ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के कारण चीन द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया है। गुरुवार को भी चीन की वायुसेना ने ताइवान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। ताइवान के रत्रा मंत्रालय का कहना है कि बीते 24 घंटे में चीन के 21 एयरक्राफ्ट्स ने ताइवान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। चूंकि चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है इसलिए उसका दावा है कि संप्रभुता की रक्षा के लिए ऐसा करता है।

# जिमनास्ट गर्लफ्रैंड के साथ महल में रहते हैं पुतिन! लगीं हैं सोने की कुर्सियां, रिपोर्ट में दावा



**मॉस्को।**
रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कथित तौर पर अपनी प्रेमिका के साथ रह रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनकी प्रेमिका एक जिमनास्ट है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पुतिन उनके एक विशाल महलनुमा हवेली में रह रहे हैं जहां उनके बच्चों के लिए एक खेल का मैदान है। 39 वर्षीय जिमनास्ट अलीना कबाएवा ओलंपिक रिदमिक (लयबद्ध प्रतियोगिता की चैंपियन रही हैं)। उनका नाम लंबे समय से व्लादिमीर पुतिन के साथ जोड़ा जाता रहा है। रूसी मीडिया के मुताबिक यह संपत्ति वाल्दाई झील पर स्थित है, जो मॉस्को के उत्तर पश्चिम में है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि व्लादिमीर पुतिन ने साइप्रस में एक स्लैश फंड के माध्यम से 120 मिलियन डॉलर (100 मिलियन) की संपत्ति खरीदी। इस महलनुमा भवन का निर्माण कार्य 2020 में शुरू हुआ और दो साल में पूरा हो गया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि गया है कि हवेली लगभग 13,000 वर्ग फुट में फैली है और इसे पूरी तरह से रूसी डाचा की शैली में लकड़ी से बनाया गया था। रिपोर्ट में अज्ञात अधिकारियों के हवाले से यह भी कहा गया है कि उन्होंने हवेली के परिसर में बच्चों को देखा था और अलीना कबाएवा की कुछ महिला रिश्तेदारों को भी देखा गया है। साइट की ओर से जारी की गई कुछ तस्वीरों में एक कांच की मेज और एक गोलाकार झूमर के चारों ओर सोने की कुर्सियां व्यवस्थित दिखाई दे रही हैं, जिसमें सोने की पत्तियां छत से लटकी हुई हैं, जबकि व्लादिमीर पुतिन का बेडरूम अधिक पारंपरिक है। विला को पहली बार 2021 में जेल में बंद रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की टीम की ओर से रिपोर्ट किया गया था। उस दौरान दावा किया था कि संपत्ति बनाने के लिए बजट के धन का उपयोग किया गया था। हालांकि, क्रेमलिन और अलीना कबाएवा ने बार-बार इनकार किया है कि वह व्लादिमीर पुतिन के साथ रिश्ते में हैं।

रिपोर्ट में व्लादिमीर पुतिन की निजी पार्टियों में भाग लेने वाले अनाम अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि उन्होंने दोनों को कभी एक साथ नहीं देखा था।

# क्या अमेरिका चीन पर भी लगाएगा प्रतिबंध रूस को सैन्य सहायता भेजी तो हो सकती है कार्रवाई



**वाशिंगटन ।**
यूक्रेन युद्ध के बीच रूस पर ढेरों प्रतिबंध लगाने के बाद अमेरिका अब चीन पर भी लगाम कसने जा रहा है। अमेरिकी अधिकारियों और सूत्रों के हवाले से सामने आया है कि अमेरिका ने अपने सहयोगी देशों के साथ इस मुद्दे पर बात की है। अगर चीन यूक्रेन युद्ध में रूस को सैन्य सहायता भेजता है तो अमेरिका इन प्रतिबंधों को लागू कर सकता है। खबर है कि अमेरिका ने इन प्रतिंबधों के लिए अपने सहयोगी जी7 देशों से बात की है। हालांकि, यह वार्ता अभी प्रारंभिक चरण में है और इसका खुलासा नहीं किया गया है कि व्हाइट हाउस किन विशिष्ट प्रतिबंधों की पहल करेगा।

**अमेरिका ने चीन को दी है चेतावनी** - बता दें, अमेरिकी एजेंसियों और अन्य सहयोगियों का दावा है कि चीन, रूस को हथियार व सैन्य मदद पहुंचाने पर विचार कर रहा है। हालांकि, बीजिंग इस आरोप को बार-बार नकार रहा है। दूसरी तरफ अमेरिका ने चीन को ऐसा करने पर सीधे प्रतिबंध की चेतावनी दी है।

**चीन ने पेश किया प्रस्ताव** - रूस-यूक्रेन युद्ध के एक साल होने पर चीन ने एक 12-सूत्रीय शांति प्रस्ताव जारी किया था। इसे जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में पेश किया गया। यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान पर चीन की स्थिति शीर्षक वाले इस शांति प्रस्ताव में 12 बिंदु हैं। सबसे अहम बिंदु के रूप में इसमें युद्धविराम, शांति वार्ता और रूस के खिलाफ प्रतिबंधों को खत्म करने को कहा गया है। प्रस्ताव के माध्यम से चीन ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों से कहा है कि इनको एकतरफा प्रतिबंधों का दुरुपयोग बंद करना चाहिए और रूस-यूक्रेन संकट को कम करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। रूस या यूक्रेन का उल्लेख किए बिना कहा गया कि सभी देशों की संप्रभुता को बरकरार रखा जाना चाहिए। अन्य बिंदुओं में संघर्ष विराम, शांति वार्ता, युद्ध के कैदियों के लिए सुरक्षा और नागरिकों पर हमलों को रोकने के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को सुरक्षित रखने और अनाज निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए कहा गया है।

**प्रस्ताव पर अमेरिका का रुख** - अमेरिकी अधिकारियों और कुछ विश्लेषकों ने इस प्रस्ताव की आलोचना भी की है। म्यूनिख बैठक में, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने प्रस्ताव जारी होने से पहले चीन की स्थिति के बारे में संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चीन द्वारा दी गई गैर-घातक सहायता रूस के युद्ध के प्रयासों का समर्थन करती है। हालांकि, चीन ने आरोप को गलत बताया और कहा कि इसमें सबूतों की कमी है।

### भारतीय मूल के इंजीनियर निषाद ने क्रिप्टो एक्सचेंज धोखाधड़ी में गुनाह कबूला

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के 27 वर्षीय इंजीनियर निषाद सिंह को क्रिप्टो ट्रेडिंग फर्म में धोखाधड़ी के मामले में अपना गुनाह कबूल कर लिया है। निषाद सिंह में पूर्व चीफ इंजीनियर के पद पर तैनात थे। निषाद सिंह पर आरोप है कि उन्होंने कंपनी में मल्टीलेयर स्कीम के जरिए इक्विटी निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की गई। निषाद सिंह, सैमुअल बैकमेन-फ्राइड और गैरी वेंग के साथ एक क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म एफटीएक्स के संस्थापक हैं। बीते साल दिसंबर में फेडरल अथॉरिटीज ने बैंकमेन-फ्राइड के खिलाफ एक स्कीम की मदद से निवेशकों के साथ धोखाधड़ी के आरोप तय किए थे। अब निषाद सिंह ने भी अपना गुनाह कबूल कर लिया है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन की शिकायत के अनुसार, निषाद सिंह ने एक सॉफ्टवेयर कोड बनाया था, जिसकी मदद से एफटीएक्स के ग्राहकों के फंड को एक क्रिप्टो हेज फंड अलमेडा रिसर्च में स्थानांतरित किया था। क्रिप्टो हेज फंड का मालिकाना हक बैकमेन-फ्राइड के पास है। बैकमेन फ्राइड ने निवेशकों से झूठा वादा किया कि एफटीएक्स एक सुरक्षित क्रिप्टो एसेट ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है। आरोप है कि निषाद सिंह को पता था कि बैकमेन फ्राइड का यह वादा झूठा था।

# विधानसभा में प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा की मांगें ध्वनिमत से पारित

**जयपुर, (हि.स.)।** शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने बुधवार को राज्य विधानसभा में कहा कि प्रदेश के सभी 17 हजार 400 से अधिक सरकारी सीनियर सैकण्डरी विद्यालयों में आगामी एक वर्ष में आईसीटी क्लासेज प्रारम्भ कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए बीकानेर, उदयपुर एवं जयपुर में आईसीटी स्टूडियो स्थापित किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से प्रदेश के किसी भी विद्यालय में विषय अध्यापक के रिक्त पद होने की स्थिति में वर्चुअल माध्यम से अध्यापन का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में तृतीय श्रेणी शिक्षकों की स्थानांतरण नीति पर कार्य चल रहा है। यह नीति जल्दी ही सबके सामने होगी। शिक्षा मंत्री बुधवार को राज्य विधानसभा में प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग से सम्बन्धित अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब दे रहे थे। सदन ने चर्चा के बाद प्राथमिक शिक्षा विभाग (मांग संख्या-20) की 189 अरब 85 करोड़ 40 लाख 53 हजार रुपए एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग (मांग संख्या-21) की 243 अरब 92 करोड़ 25 लाख 8 हजार रुपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि विभाग में कुल 81 हजार 122 पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं जबकि 90 हजार 262 पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। साथ ही, विभिन्न संवर्गों में 50 हजार 169 पदोन्नतियां प्रदान की गई हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा प्रदेश में 317 नवीन प्राथमिक विद्यालय खोले गए हैं, जबकि 1456 प्राथमिक विद्यालयों को उच्च प्राथमिक, 1195 उच्च प्राथमिक विद्यालयों को माध्यमिक, 4443 माध्यमिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक एवं 1197 उच्च प्राथमिक विद्यालयों को सीधे उच्च माध्यमिक स्तर पर क्रमोन्नत किया गया है। इसी प्रकार राज्य में बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए 115 बालिका प्राथमिक विद्यालयों को बालिका उच्च प्राथमिक, 400 बालिका माध्यमिक विद्यालयों को बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं 480 बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालयों को सीधे ही बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय स्तर पर क्रमोन्नत किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य के विद्यालयों में बालिकाओं की क्षमता संवर्धन के लिए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 2.50 लाख छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के रुप में नवाचार की विशेष पहल की है। प्रदेश के इन विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षाएं भी शुरू की गई हैं। इन विद्यालयों के प्रति अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का अच्छा रुझान सामने आया है। शिक्षा मंत्री ने जयपुर के विद्याधर नगर स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का उदाहरण दिया, जहां स्कूल की 30 सीटों पर प्रवेश के लिए 2600 आवेदन प्राप्त हुए। डॉ. कल्ला ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में 5 3 3 4 का नया शैक्षणिक मॉडल तैयार करते हुए कई परिवर्तन किए गए हैं। लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा एक साल बाद भी नई शिक्षा नीति को लागू करने हेतु राज्यों के लिए कोई बजट का प्रावधान नहीं किया गया है। जबकि प्रदेश में राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर कमेटियां गठित कर दी गई हैं। शिक्षा मंत्री ने इस दौरान राज्य बजट 2023-24 में शिक्षा के क्षेत्र में की गई घोषणाओं का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि गत बजट के अनुसार युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी



एवं अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय पर सावित्री बाई फूले वाचनालय स्थापित करने का कार्य प्रारम्भ किया गया है। इसे और आगे बढ़ाते हुए अब समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर सावित्री बाई फूले वाचनालय मय डिजिटल लाईब्रेरी स्थापित की जा रही है। स्कूली विद्यार्थियों को रोडवेज बसों में उनके शिक्षण संस्थान से निवास स्थान तक दी जा रही छूट की परिधि को 50 किलोमीटर से बढ़ाकर 75 किलोमीटर किया जा रहा है। वर्तमान में राइट टू एजूकेशन एक्ट (आरटीई) के अंतर्गत कक्षा 1 से कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए ही निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान है। पिछले बजट में राज्य सरकार के खर्चे पर छात्राओं के लिए कक्षा 9 से 12 तक निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा जारी रखने की व्यवस्था की गई थी। अब छात्राओं के साथ ही छात्रों को भी आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश लेने के उपरान्त कक्षा 1 से 8 तक निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रावधान किये जाने की घोषणा की गई है। इसके लिए कक्षा 9 से 12 में शिक्षण के लिए देय फीस का पुनर्भरण राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। इस पर 75 करोड़ रुपये का व्यय होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित करने की दृष्टि से नेशनल टेलेंट सर्च एक्जाम (एनटीएसई) की तर्ज पर दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए राजस्थान टेलेंट सर्च एक्जाम (आरटीएसई) स्कॉलरशिप प्रारम्भ की जायेंगी। इसके अन्तर्गत 10 हजार मेधावी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जायेगी। प्रदेश में स्कूली विद्यार्थियों की अध्ययन सुविधा का विस्तार करने की दिशा में प्रदेश में 100 नवीन प्राथमिक विद्यालय खोले जाने के साथ ही 300 विद्यालयों को क्रमोन्नत किया जायेगा तथा 300 विद्यालयों में नवीन विषय खोले जायेंगे। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर विज्ञान को ऐच्छिक विषय के रूप में लिए जाने का विकल्प दिया जायेगा। प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर एक-एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में चारों संकाय - कला, वाणिज्य, विज्ञान एवं कृषि की सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी। राजकीय विद्यालयों में आधारभूत ढांचे के सुदृढीकरण एवं सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रदेश के 358 शैक्षणिक ब्लॉकों पर विशेष आवश्यकता वाले (स्पेशियली एबल्ड) विद्यार्थियों के लिए लर्निंग ऐड सामग्री युक्त संदर्भ कक्षों का निर्माण करवाया जायेगा। इसके लिए 40 करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे। विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं यथा-क्लास रूम, लैब्स, शौचालयों के निर्माण तथा जर्जर भवनों के रिपेयर आदि के 200 करोड़ रुपये की लागत से कार्य करवाये जायेंगे। आगामी वर्ष में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में एक-एक हजार महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम के स्कूल और खोले जायेंगे। कल्ला ने बताया कि जिन विद्यालयो में 200 से अधिक विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्राप्त करना चाहेंगे, वहाँ भी प्राथमिकता से इंग्लिश मीडियम विंग प्रारम्भ की जायेंगी। चरणबद्ध रूप से प्रदेश के समस्त सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में एनएसएस एनसीसी/स्काऊट एंड गाइड्स की गतिविधियां प्रारम्भ की जाएंगी। नई पहल करते हुए प्रदेश में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम विद्यालय स्थापित किये जा रहे हैं। ये विद्यालय गुणवत्ता की दृष्टि से किसी भी निजी विद्यालय से भी बेहतर हों, इस दृष्टि से एक एक्सपर्ट कमेटी का गठन कर लॉग टर्म स्ट्रेटेजी एवं एक्शन प्लान निर्धारित किया जायेगा। प्रदेश में शिक्षण एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार के लिए राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय एवं स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों के संस्था प्रधानों व चयनित शिक्षकों को स्पोकन इंग्लिश, एडमिनिस्ट्रेशन एवं लीडरशिप डवलपमेंट के लिए ट्रेनिंग दी जायेगी। प्रदेश के 358 शैक्षणिक ब्लॉक मुख्यालयों पर स्कूलों/कॉलेजों में 20 करोड़ रुपये की लागत से इंग्लिश लैंग्वेज लैब्स की स्थापना की जायेगी। इससे 50 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्री-स्कूल एजूकेशन उपलब्ध कराने के निर्णय के साथ-साथ चरणबद्ध रूप से प्ले एलीमेंट्स भी लगाये जायेंगे। इस पर आगामी वर्ष 50 करोड़ रुपये का व्यय होगा। आईसीटी परियोजना के तहत 4 हजार उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 256 करोड़ रुपये की लागत से कम्प्यूटर लैब्स स्थापित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि महाराव शेखाजी आर्म्ड फोर्सेज ट्रेनिंग एकेडमी, सीकर तथा सर्विसेज प्रीपरेटरी इंस्टीट्यूट, औरंगाबाद की तर्ज पर संभाग स्तर पर एक-एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में डिफेंस सर्विसेज प्रीपरेटरी इंस्टीट्यूट की स्थापना की जायेगी। इन पर 35 करोड़ रुपये का व्यय होगा। समस्त आवासीय तथा चयनित विद्यालयों में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग के साथ-साथ वर्कशॉप में कार्य करने की सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से ह्यमहात्मा गांधी बुनियादी शिक्षा केन्द्रह्ल शुरू किये जायेंगे एवं आगामी वर्ष इसके लिए 50 करोड़ रुपये का व्यय होगा। प्रदेश के कस्तूरबा गांधी बालिका, एकलव्य, देवनारायण तथा अन्य सभी आवासीय विद्यालयों के साथ-साथ एससी, एसटी, ओबीसी, एमबीसी सहित सभी छात्रावासों में आधुनिकीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं के विभिन्न कार्य 100 करोड़ रुपये की लागत से करवाये जायेंगे।

## झालावाड़ में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए बनाए चार बीट क्षेत्र, सभी जगह अधिकारी किए तैनात

**झालावाड़, (हि.स.)।** शहर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद यातायात पुलिस उप अधीक्षक द्वारा शहर को चार बीटों में विभाजित किया गया है। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया है। एसपी ऋचा तोमर ने बताया की झालावाड़ और झालरापाटन शहर में सकड़ी सड़के होने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इसको लेकर उन्होंने यातायात पुलिस उप अधीक्षक शोरजमल मीणा को निर्देश दिए। इस पर कार्रवाई करते हुए शहर को चार बीटों में विभाजित कर पुलिस अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। वही यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिये मंगलपुरा बाजार में पहले से ही एक तरफा यातायात चालू करने की व्यवस्था कर रखी है। यातायात पुलिस उप अधीक्षक शोरज मल मीणा ने बताया कि यह व्यवस्था 1 मार्च से शुरू कर दी



गई है। यातायात पुलिस उप अधीक्षक ने बताया की पहला बीट क्षेत्र झिरनिया से मामा भांजा, सरकारी अस्पताल, जिंदल तिराहा, निर्भय सिंह सर्किल, खंडिया चौराहा, सहकार भवन, पीजी कॉलेज, मूर्ति चौराहा, दुर्गपुरा रोड, रेलवे स्टेशन, बायपास रोड, व कालिदास कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड रहेगा। इस बीट क्षेत्र पर एएसआई आशीष कुमार को लगाया गया है, जिनकी ड्यूटी मामा भांजा चौराहे पर रहेगी। वही दूसरे बीट क्षेत्र खंडिया चौराहा, खेल संकुल, सब्जी मंडी, खानपुर रोड, मुंडेरी पुलिया, धनवाडा बस स्टैंड, सांठिया तिराहा, मोटर गैराज, राड़ी के बालाजी, ईदगाह व मल मोहल्ला रहेगा जहा एचसी सुरेंद्र सिंह को लगाया गया है, जिनकी ड्यूटी बस स्टैंड पर रहेगी। वही तीसरा बीट क्षेत्र मामा भांजा से मूर्ति चौराहा, मंगलपुरा, पुराना पोस्ट ऑफिस, गढ़ परिसर, सराफा बाजार, सीमेंट रोड, मोटर गैराज, खारी बावड़ी रहेगा जहा एचसी तेजपाल को तैनात किया गया है। जिसकी ड्यूटी मंगलपुरा चौराहे पर रहेगी। सहकार भवन से गिंदोर, बस स्टैंड झालरापाटन,वही चौथा बीट क्षेत्र सरकार भवन से गिंदोर , बस स्टैंड गिंडोर गेट, सुरजपोल, लंका गेट, चौपडिया बाजार, मेन बाजार कस्बा झालरापाटन रहेगा जहा पर एएसआई लेकराज को तैनात किया गया है। जिनकी ड्यूटी झालरापाटन कस्बे में रहेगी ।

## कठुआ पुलिस ने हीरानगर में नशा विरोधी जागरूकता रैली का आयोजन किया

**कठुआ (हि.स.)।** स्पोर्ट्स स्टेडियम हीरानगर में कठुआ पुलिस द्वारा ह्लसे नो टू ड्रग्सह्ल के बैनर तले एक एंटी-ड्रग जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली स्पोर्ट्स स्टेडियम हीरानगर से तहसील कोर्ट रोड से दीपक चौक, मुख्य बाजार हीरानगर होते हुए वापस मिनी स्टेडियम हीरानगर में समाप्त हुई। इस रैली में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों जैसे इन्फेंट जीसस हायर सेकेंडरी स्कूल हीरानगर, शिवालिक हायर सेकेंडरी स्कूल हीरानगर के छात्रों और कर्मचारियों के साथ स्थानीय नागरिक और पुलिस कर्मियों ने रैली में भाग लिया और नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी के खिलाफ जागरूकता को चिह्नित करने के लिए विशाल रैली में शामिल हुए। रैली में 250 से अधिक लोगों ने भाग लिया। रैली का आयोजन युवाओं के बीच नशे की लत के बढ़ते खतरे के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए किया गया था। एएसपी कठुआ सुरेश कुमार चिब के नेतृत्व में डीएसपी पीसी कठुआ तिलक राज भारद्वाज, अमित सांगड़ा एसएचओ पीएस हीरानगर के साथ अन्य अधिकारियों ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली की शुरूआत स्पोर्ट्स स्टेडियम हीरानगर से हुई, जहां छात्रों ने पैम्फलेट लेकर रैली का नेतृत्व किया जिसमें जनता से ड्रग्स से दूर रहने, ड्रग्स मौत का जाल, ड्रग एंड्स ऑल ड्रीम्स आदि सिद्धांतों का पालन करने का आग्रह किया गया। रैली को संबोधित करते हुए एएसपी कठुआ ने प्रतिभागियों से नशे की लत के खिलाफ पूरे दिल से काम करने का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने नई पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में आने से बचाने के लिए इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाने की जरूरत पर बल दिया। हालांकि कठुआ पुलिस इन नशीले पदार्थों की आपूर्ति को रोकने के लिए काफी प्रयास कर रही है और कई नशीले पदार्थों के तस्करों पर कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है लेकिन इस नए खतरे के बारे में जन जागरूकता सर्वोपरि है। इस तरह के जागरूकता अभियान के माध्यम से कठुआ पुलिस को उम्मीद है कि युवाओं के ड्रग्स के संपर्क में आने के जोखिम को कम किया जा सकेगा।

## शाहपुरा में फूलडोल महोत्सव का आगाज, मुख्य आयोजन 7 मार्च से

**भीलवाड़ा, (हि.स.)।** भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा कस्बे के रामनिवास धाम में रामस्नेही संप्रदाय के वार्षिक फूलडोल महोत्सव का गुरुवार को औपचारिक आगाज हो गया। मुख्य महोत्सव 7 मार्च से 12 मार्च रंगपंचमी तक होगा। आज पहले दिन शोभायात्रा निकलने के साथ ही संप्रदाय के पीठाधीश्वर जगदगुरू स्वामी रामदयालजी महाराज के प्रवचन हुए। इस बार मुख्य महोत्सव 6 दिन का होगा। रामस्नेही संप्रदाय की परंपरा के मुताबिक फाल्गुनी एकादशी पर आज नया बाजार स्थित राममेड़िया से वाणी जी की शोभा यात्रा (थाल) निकली। जिसमें रामस्नेही अनुरागी भजनों व राम नाम सुमिरन का जयघोष करते हुए रामनिवास धाम में सूरजपोल पहुंचे। यहां बारादरी में विराजित रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर जगतगुरु आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज से सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया। रामनिवास धाम में 25 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव के पहले दिन धार्मिक उत्साह व श्रद्धा के माहौल के बीच प्रथम थाल (शोभायात्रा) निकाला गया। मुख्य महोत्सव 7 मार्च से 12 मार्च रंगपंचमी तक होगा। महोत्सव के आगाज के बाद राममेड़िया से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा सदर बाजार से होते हुए रामनिवास धाम पहुंची। वहां पर बारादरी में भक्तों की ओर से चढ़ावा पेश किया गया। मुख्य महोत्सव के दौरान देशभर से लाखों की संख्या में अनुयायी यहां पहुंचते हैं। आज सुबह संप्रदाय के संतों के पहुंचने पर भी भक्तों ने स्वागत किया। संप्रदाय के पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्यश्री रामदयालजी महाराज ने बताया कि 2 मार्च एकादशी को पहला थाल निकलता है।

मुख्य समारोह होलिका दहन के बाद रात्रि जागरण से होगा। 7 मार्च से 12 मार्च तक प्रतिदिन नया बाजार से थाल निकलेगा व 12 मार्च रंगपचंमी को आचार्यश्री के चातुर्मास की घोषणा होगी। महोत्सव में बाहर से बड़ी संख्या में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के आवास व भोजन की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। आज बारादरी में उपस्थित लोगों को स्वामी रामदयालजी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि राम नाम सुमिरन से ही भवसागर पार हो सकेगा। आचार्यश्री ने कहा कि राम नाम सुमिरन व भक्ति व ध्यान से इस दौर में अमरत्व की प्राप्ति संभव होगी। स्वामी रामदयालजी महाराज ने कहा कि महाप्रभु रामचरणजी महाराज ने वर्षो पूर्व जो शांति का संदेश दिया था वो आज भी प्रासंगिक है। विश्व व्यापी तमाम समस्याओं का समाधान महाप्रभु के चिंतन व संदेश से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति हम सभी को अहिंसा का जो संदेश देती है उसी पर वैश्विक स्तर पर चिंतन करना होगा। फूलडोल का मुख्य महोत्सव इस बार 7 मार्च से 12 मार्च तक धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शोभायात्रा भी जोरों शोरों से निकलेगी। फाल्गुनी एकादशी पर निकली शोभायात्रा में स्थानीय रामस्नेही संप्रदाय के अनुरागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। बाद में आचार्य श्री ने संतों की पंगत का शुभारंभ किया तथा उपस्थित लोगों को आशीर्वाद दिया।

## कंधार कांड के आतंकी मुश्ताक अहमद जरगर का घर कुर्क किया गया

**- केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यह कार्यवाही की**

**श्रीनगर, (हि.स.)।** अफगानिस्तान के कंधार में 1999 में अपहृत इंडियन एयरलाइंस के विमान के बंधकों के बदले रिहा किये गए भगोड़े आतंकी मुश्ताक अहमद जरगर का घर गुरुवार को कुर्क कर लिया गया है। उसे दो अन्य आतंकियों के साथ रिहा गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यह कार्यवाही की है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में रहने वाले आतंकी मुश्ताक अहमद जरगर उर्फ लट्राम का घर श्रीनगर के नौहट्टा इलाके में 540 वर्ग फुट जमीन पर था, जिसे यूएपीए के तहत कुर्क किया गया है। तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण में



भूमिका के बाद आतंकी मुश्ताक अहमद जरगर सुर्खियों में आया था। उसे जैश प्रमुख मसूद अजहर और हरकत उल मुजाहिदीन के प्रमुख उमर सईद शेख के साथ अपहृत इंडियन एयरलाइंस के विमान के बंधकों के बदले रिहा किया गया था। लट्राम को पिछले साल अप्रैल में यूएपीए के तहत आतंकवादी के रूप में नामित किया गया था। पिछले साल गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया था कि जरगर अपने संपर्कों और अल-कायदा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे कट्टरपंथी आतंकवादी समूहों से निकटता के साथ न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर में शांति के लिए खतरा है।


## केंद्रीय जेल में बंद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की



**होशियारपुर(ईएमएस)।** यहां केंद्रीय जेल में बंद एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक युवक की पहचान हाजीपुर के रोहित विशिष्ट के रूप में हुई है, जो कि एक कत्ल में उम्रकैद की सजा काट रहा था। जेल प्रशासन को घटना का पता सुबह चला। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रोहित ने अपने परने को गोल करके बाथरूम की ग्रिल के साथ बांध कर आत्महत्या कर ली। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल पहुंचाया और वहां उसका पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस अधिकारी सुरिंदर कुमार ने बताया कि मृतक को कत्ल के मामले में उम्रकैद की सजा हुई थी। मृतक ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इस बारे में जानकारी हासिल की जा रही है। आत्महत्या रात को किस समय की गई, यह पता नहीं चल पाया है।

## अब परीक्षा के आधे समय से पहले विद्यार्थी को परीक्षा केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी

**लुधियाना (ईएमएस)।** लुधियाना में पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड नकल रहित परीक्षाओं के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इन्हीं प्रयासों के चलते अब परीक्षा के आधे समय से पहले किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। चाहे उसने अपना पेपर कर लिया हो वह परीक्षा केंद्र से बाहर नहीं जा सकेगा। आधे समय के बाद भी पेपर देकर परीक्षा केंद्र से बाहर जाने के लिए परीक्षार्थी को अपना प्रश्न पत्र रोल नंबर लिखकर केंद्र सुपरिंटैंडैंट के पास जमा करवाना होगा। बता दें कि कई बार विद्यार्थी अपना पेपर जल्दी पूरा करते हुए परीक्षा केंद्र से बाहर चले जाते हैं और परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े शरारती तत्व उनसे क्वैश्चन पेपर ले लेते हैं जिसके कारण परीक्षा के दौरान नकल की संभावनाएं बन जाती हैं। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 8वीं, 10वीं



और 12वीं कक्षा की वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं के संचालन हेतु सभी केंद्र सुपरिंटैंडैंट को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षाओं के संचालन के संबंध में दिशा निर्देश स्कूल लॉगइन आईडी और बोर्ड की वैबसाइट पर अपलोड किए जा चुके हैं। अपलोड किए गए दिशा-निर्देशों के साथ कुछ अन्य दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं, जिसके अनुसार किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा के आधे समय से पहले परीक्षा केंद्र छोड़ने की आज्ञा नहीं दी जाएगी। जो परीक्षार्थी आधे समय के बाद लेकिन परीक्षा समय पूरा होने से पहले परीक्षा हाल से चले जाते हैं उनसे प्रश्न पत्र पर रोल नंबर लिखवा कर केंद्र सुपरिंटैंडैंट वापस लेगा।

## हरियाणा सरकार अनुसूचित जाति के किसानों को अनुदान पर दे रही ट्रैक्टर

**-दो दिन में कागजात जमा कराएं किसानः उपायुक्त**

**नारनौल, (हि.स.)।** उपायुक्त डॉ.जयकृष्ण आभीर की अध्यक्षता में गुरूवार को लघु सचिवालय के मीटिंग हॉल में अनुसूचित जाति के किसानों को अनुदान पर दिए जाने वाले ट्रैक्टर का जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष ऑनलाइन ड्रा निकाला गया। कुल 167 सफल आवेदकों में से 17 ट्रैक्टर के लिए ड्रा निकाला। अब हरियाणा सरकार इन किसानों को ट्रैक्टर खरीदने पर अधिकतम तीन लाख रुपए या 50 फीसदी अनुदान देगी। जिन किसानों का ड्रा में नाम नहीं निकला उनकी 10 हजार रुपए की सिक्योरिटी राशि उनके खाते में वापस कर दी जाएगी। किसानों को बधाई देते हुए उपायुक्त ने कहा कि सरकार खेती-बाड़ी करने वालों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है। अनुदान पर ट्रैक्टर देने की यह विशेष योजना अनुसूचित जाति के किसानों के लिए चलाई गई है। उन्होंने



कहा कि अब ड्रा में सफल रहे किसान 2 दिन के अंदर-अंदर सभी दस्तावेज कृषि विभाग में जमा कराएं। इस कार्य के लिए इस बार 4 मार्च को शनिवार को भी कृषि विभाग के अधिकारी कागजी कार्रवाई पूरी करवाएंगे। डीसी ने बताया कि किसानों को 6 मार्च को परमिट दिए जाएंगे। इसके बाद किसानों को 15 मार्च तक हरियाणा कृषि विभाग द्वारा मंजूर सुधा ट्रैक्टर निमार्ता कंपनी या डीलर से अपनी पसंद का 35 हॉर्स पावर से अधिक का ट्रैक्टर खरीदकर बिल की कॉपी तथा खरीदे गए ट्रैक्टर के साथ फोटो जमा कराना होगा। यदि 15 मार्च तक कोई किसान ट्रैक्टर खरीद कर यह सारे कागजात सहायक कृषि अभियंता के कार्यालय में प्रस्तुत नहीं करता है तो वह इस स्कीम का लाभ नहीं ले पाएगा। उन्होंने बताया कि 17 के बाद जो भी सूची बची है वो वेटिंग लिस्ट में इसी क्रम में रहेगी। इस योजना के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसान ही आवेदन कर सकते थे। ट्रैक्टर के लिए जिन किसानों का ड्रा निकला उनमें गांव गढी रूथल के किसान रामनिवास, राता खुर्द के प्रमोद कुमार, बसई के ताराचंद, टहला के मनोज कुमार, बवाना के हेमराज, मकसूसपुर के प्रेम कुमार, पवेरा के खुशीराम, छितरौली के रामनिवास, खेड़ी के जसमेर कुमार, रिवासा के जितेंद्र, बास किरारोद उमराबाद के दरियाव सिंह, सतनाली के मेघाराम, मोड़ी के राकेश, नियाजअलीपुर के आनंद मोहन, मुंडिया खेड़ा की लालचंद, सिहोर के सुमेर सिंह व खातौद के किसान संजय कुमार शामिल हैं।

## भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल : सुमित गौड़

**फरीदाबाद, (हि.स.)।** रसोई गैस सिलेंडरों की कीमतों में हुई बढ़ोतरी, शहर में फैली गंदगी, टूटी सडकों सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर गुरुवार जिले के कांग्रेसी नेताओं ने कूड़े के ढेर पर बैठकर अनोखे अंदाज में प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के प्रति अपना आक्रोश जाहिर किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने सिलेंडर भी रखा हुआ था, जिस पर सरकार की महंगाई का स्टीकर




लगाया हुआ था। इस प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ द्वारा किया गया, जबकि इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र चंदेलिया, कांग्रेसी नेता अनिल कुमार नेताजी, वरिष्ठ नेता संजय सोलंकी, अशोक रावल आदि मौजूद थे। इस मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए सुमित गौड़ ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है, पिछले आठ सालों के दौरान सरकार ने जनता को सिर्फ महंगाई की मार दी है, आज रसोई गैस सिलेंडर 1100 के आंकड़े को पार कर गया,वहीं पेट्रोल-डीजल 100 के करीब पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि शहर में सडक में गड्ढे नहीं बल्कि गड्ढों में सड़कें हैं, हर एक किलोमीटर पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, शहर में पॉल्यूशन से बुरा हाल है, सेक्टर-12 के समीप खुलेआम कूड़ा जलाया जा रहा है, जबकि यहां जज, जिला उपायुक्त सहित वरिष्ठ अधिकारी बैठते हैं।

## देश व प्रदेश में भाजपा का विकल्प बनेगी आप : छिंदा




**यमुनानगर, (हि.स.)।** नगर निगम के बाहर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता कुलविंदर राणा और दिलीप निगम में फैले भ्रष्टाचार और गरीबों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे। आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला युवा अध्यक्ष रघुवीर सिंह छिन्दा ने कहा कि यह अनशन इसलिए रखा है कि जिन लोगों के राशन कार्ड से उनके नाम काट दिए गए, परिवार पहचान पत्रों में से उनकी गलत आय लिख दी गई और उन्हें दो महीने से राशन नहीं मिला है। जिससे गरीब लोग इधर-उधर भटक रहे हैं। इस पर अनशन पर बैठे कुलविंदर राणा और दिलीप ने यह कहा कि जब तक गरीब को राशन नही मिलेगा तब तक यह अनशन जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि इस देश और प्रदेश के अंदर जिस तरह से हर वर्ग के ऊपर भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाठीचार्ज कर बर्बरता से पीटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ आम आदमी पार्टी ही देश व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का विकल्प बनेगी। उन्होंने बताया कि जिस तरह से किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, अध्यापकों और पार्टी के लोगों पर लाठीचार्ज किए जा रहे हैं। यह दशार्ता है कि किस तरह से भारतीय जनता पार्टी लोगों को डराना चाहती है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के कर्मठ कार्यकताओं द्वारा नगर निगम के बाहर अनिश्चितकालीन अनशन को सभी शहर वासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है और यह अनशन एक दिन बड़े आंदोलन का हिस्सा बनेगा।



# रतन टाटा और सचिन तेंदुलकर से मिले बिल गेट्स: चाइल्ड हेल्थकेयर, डायग्नॉस्टिक और न्यूट्रिशियन को लेकर बात की

**नई दिल्ली।**

माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स भारत के दौरे पर हैं। बुधवार को उन्होंने टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा और वर्तमान चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन से मुलाकात की। इससे पहले मंगलवार को गेट्स पूर्व भारतीय दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, आरबीआई गवर्नर शक्ति कांत दास और महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा से भी मिले थे।

रतन टाटा और बिल गेट्स दोनों ही दुनियाभार में अपने परोपकारी कामों के लिए जाने जाते हैं। दोनों ने मुलाकात के दौरान स्वास्थ्य, निदान और न्यूट्रिशियन के क्षेत्रों में अपने संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने के बारे में बात की। गेट्स फाउंडेशन इंडिया ने इस संबंध में एक ट्वीट किया। ट्वीट में फाउंडेशन ने बताया कि हम अपने काम को एक साथ मजबूत करने और स्वास्थ्य, निदान और न्यूट्रिशियन के लिए साझेदारी करने के लिए तत्पर हैं।

**भारत रत्न सचिन तेंदुलकर से मिले गेट्स** – इससे पहले मंगलवार को बिल गेट्स ने क्रिकेट जगत के भगवान कहे जाने वाले और पूर्व भारतीय टीम के बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से मुलाकात की थी। सचिन ने ट्विटर पर गेट्स के साथ अपनी मुलाकात की कई तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में सचिन के अलावा उनकी पत्नी अंजलि भी गेट्स के साथ मुलाकात के दौरान नजर आई। सचिन ने ट्विटर पर फोटो शेयर करते हुए लिखा कि हम सभी जीवन के लिए छात्र हैं। बच्चों की स्वास्थ्य सेवा सहित, जिस पर हमारा फाउंडेशन काम करता है, परोपकार पर दृष्टिकोण हासिल करने के लिए आज का दिन सीखने का एक शानदार अवसर था। विचार साझा करना दुनिया की चुनौतियों को हल करने का एक शक्तिशाली तरीका है।

**आनंद महिंद्रा से मिले गेट्स** – आनंद महिंद्रा ने बिल गेट्स के साथ फोटो शेयर की और अपनी मुलाकात के बारे में भी बताया। पोस्ट में बिल गेट्स अपनी कुछ किताबें आनंद महिंद्रा को गिफ्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। किताब में बिल गेट्स ने प्यारा सा मैसेज भी शेयर किया था। बिल गेट्स ने लिखा, आनंद के लिए बहुत शुभकामनाएं क्लासमेट। बता दें कि बिल गेट्स और आनंद महिंद्रा हार्वार्ड यूनिवर्सिटी में एक साथ पढ़ते थे। आनंद महिंद्रा ने ट्वीट में लिखा, बिल गेट्स से दोबारा मिलकर अच्छा लगा। हम दोनों की टीमों के बीच बिजनेस पर बात नहीं हुई। हम दोनों साथ काम करके समाज पर किस तरह का प्रभाव डाल सकते हैं, इस पर बात-चीत की। हालांकि मैंने मुनाफा कमा लिया, मुझे मुफ्त में ऑटोग्राफ्ड किताबें मिल गईं।

## न्यूज ब्रीफ

### आईसीआईसीआई, बीओआई व बंधन के कर्ज महंगे, आरबीआई अप्रैल में भी बढ़ा सकता है रेपो दर




**नई दिल्ली** । चालू वित्त वर्ष खत्म होने से पहले ही कर्ज लेने वालों को झटका लगा है। आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और बंधन बैंक ने अपने-अपने कर्ज महंगे कर दिए हैं। दो बैंकों की नई दरें एक मार्च से और बंधन बैंक की नई दर 28 फरवरी से लागू हो गई है। इससे पहले मंगलवार को पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी लि. ने भी कर्ज पर ब्याज दरें 0.25 फीसदी तक बढ़ा दी थीं। इनकी भी नई दर एक मार्च से लागू हो गई है। आरबीआई अप्रैल के पहले हफ्ते में फिर से रेपो दर 0.25 फीसदी बढ़ा सकता है। ऐसे में अगले महीने भी सभी तरह के कर्ज महंगे होने के आसार हैं। मई, 2022 से इस साल फरवरी तक आरबीआई रेपो दर में 2.50 फीसदी की बढ़ोतरी कर चुका है। कर्ज 0.10प्रतिशत तक महंगा कर दिया है। बैंक ने बताया कि एक साल की अवधि का कर्ज अब 8.50प्रतिशत पर मिलेगा, जो पहले 8.40प्रतिशत था। तीन साल के कर्ज की दर 8.70प्रतिशत हो गई है। एक साल से लेकर तीन साल तक की अवधि वाले कर्ज पर ब्याज दर बढ़कर अब 10.96प्रतिशत हो गई है। इससे कम अवधि की दर 8.21प्रतिशत होगी। सभी अवधि के कर्ज पर ब्याज 0.10प्रतिशत बढ़ा दिया है। एक साल के कर्ज की ब्याज दर अब 8.75प्रतिशत होगी। इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक : दो करोड़ रुपये से कम और 888 दिनों के एफडी पर 8.20 फीसदी तक ब्याज देगा। बैंक ने दो साल एक दिन से लेकर 887 दिन तक के लिए7.75 फीसदी ब्याज देने की घोषणा की है।18 माह से दो साल तक के जमा पर 7.50 फीसदी ब्याज मिलेगा। जमा पर ब्याज 1.25 फीसदी तक बढ़ा दिया है। यह 999 दिनों के एफडी पर 8.51 फीसदी ब्याज दे रहा है। वरिष्ठ नगारिकों को इस पर 8.76 फीसदी तक ब्याज मिलेगा। 18 माह से दो साल के जमा पर 8.01 फीसदी और बचत खाता पर 7 फीसदी तक का ब्याज देगा। दोनों बैंकों की दरें एक मार्च से लागू हैं।

### 7.2 लाख गाड़ियों का वेटिंग पीरियड एक साल तक बढ़ा: प्रोडक्शन कम और डिमांड ज्यादा, मारुति के 3.7 लाख, महिंद्रा के 2 लाख ग्राहकों को डिलीवरी का इंतजार



**नई दिल्ली।** ज्यादातर कार कंपनियां समय पर डिलीवरी नहीं दे पा रही हैं। फरवरी 2024 तक कंपनियों को 7 से 7.2 लाख गाड़ियां डिलीवर करनी हैं, लेकिन कुछ मॉडलों का वेटिंग पीरियड एक साल तक पहुंच गया है। मारुति सुजुकी फरवरी में सिर्फ 700 मिडसाइज सेडान बना सकी। बीते महीने कंपनी 792 सियाज ही बेच पाई, जो सालाना आधार पर इसकी बिक्री में 58.5प्रतिशत गिरावट दर्शाता है। मारुति सुजुकी के सीईओ (मार्केटिंग एंड सेल्स) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, 'कंपनी मार्च में कितनी गाड़ियां बना पाएगी, ये साफ नहीं है।' सात लाख से ज्यादा गाड़ियों की ओपन बुकिंग में से 3.69 लाख अकेले मारुति सुजुकी को डिलीवर करनी हैं। ऑटो डीलरों के संगठन फाडा के प्रेसिडेंट मनीष राज सिंघानिया ने बताया, 'महिंद्रा एंड महिंद्रा के पास 2 लाख से ज्यादा, टाटा मोटर्स के पास 1 से 1.25 लाख गाड़ियों के लिए ओपन बुकिंग है। सिंघानिया के मुताबिक, हाई-एंड मॉडलों के लिए बुकिंग की बाढ़ आ गई है। जनवरी में गाड़ियों के रिकॉर्ड रजिस्ट्रेशन हुए। टाटा मोटर्स सहित कुछ कंपनियों ने सेमी कंडक्टर की कमी को कुशलता से संभाला है। पर सभी ऐसा नहीं कर पाईं। देश में गाड़ियों की मांग लगातार बढ़ रही है। फरवरी में 3.35 लाख से ज्यादा पैसेंजर व्हीकल्स (मुख्य रूप से कारें) डीलरों को डिस्पैच की गई। बीते साल फरवरी में डिस्पैच की गई कारों के मुकाबले ये 11प्रतिशत ज्यादा है। ये किसी भी साल फरवरी में बिकी कारों की सबसे ज्यादा संख्या है। बीते माह मारुति सुजुकी, ह्युंडई, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा की बिक्री 11 फीसदी तक बढ़ी है।

### गूगल भारतीय प्रोप्टेक कंपनी में करेगी 40 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली** । भारतवंशी सुंदर पिचाई अगुवाई वाली कपंनी गूगल ने एक भारतीय कंपनी में 40 करोड़ रुपये (5 मिलियन डॉलर) के निवेश का फैसला लिया है। यह निवेश हुआ है प्रोपर्टी खरीद-बिक्री से जुड़ी (प्रोप्टेक) स्टार्टअप नोब्रोकर डॉट कॉम में। नोब्रोकर के सहसंस्थापक अखिल गुप्ता ने बताया है कि सीरीज श्व फंडिंग राउंड में गूगल ने पांच मिलियन डॉलर यानी करीब 40 करोड़ रुपये निवेश किया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी केस में एक्सपर्ट कमेटी बनाई

# नंदन नीलकेणी समेत 6 मेंबर, गौतम अडाणी बोले- सच की जीत होगी

**नई दिल्ली।**

अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 6 मेंबर्स एक्सपर्ट कमेटी बना दी है। रिटायर्ड जज एएम सप्रे इस कमेटी के हेड होंगे। उनके साथ इस कमेटी में जस्टिस जेपी देवधर, ओपी भट, एमवी कामथ, नंदन नीलेकणि और सोमशेखर सुंदरेसन शामिल होंगे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ने गुरुवार को यह आदेश दिया।

इस कमेटी को मामले की जांच सौंपने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया, यानी सेबी से भी स्टॉक्स की कीमतों में हेरफेर की जांच रिपोर्ट तलब की है। सेबी को 2 महीने के भीतर स्टेटस रिपोर्ट देनी होगी। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि कमेटी बनाने से मार्केट रेगुलेटर सेबी की स्वतंत्रता और इसकी जांच प्रोसेस में कोई बाधा नहीं आएगी। अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने ट्वीट कर फैसले का स्वागत किया हैं। उन्होंने कहा- अडाणी ग्रुप सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करता है। सच की जीत होगी।

**सुप्रीम कोर्ट की कमेटी इन 2 पहलुओं की जांच करेगी** - शेयर मार्केट का रेगुलेटरी फ्रेमवर्क मजबूत करने के उपाय सुझाएगी। यानी मार्केट में होने वाली ट्रेडिंग की निगरानी और पुख्ता की जाएगी। अडाणी ग्रुप के शेयर्स में तेज गिरावट से जुड़े विवादों की जांच करेगी। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद ग्रुप के शेयर्स गिरे थे।

**कमेटी के अलावा सेबी भी 2 पहलुओं की जांच करेगी** - क्या सिक्योरिटीज कॉन्ट्रेक्ट रेगुलेशन रूल्स के नियम 19 का उल्लंघन हुआ क्या मौजूदा कानूनों का उल्लंघन कर स्टॉक की कीमतों में कोई हेरफेर हुआ




**मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग से जुड़ा है नियम 19** - कॉन्ट्रेक्ट रेगुलेशन रूल्स का नियम 19 शेयर मार्केट में लिस्टेड कंपनियों की मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग से जुड़ा है। भारतीय कानून में किसी भी लिस्टेड कंपनी में कम से कम 25प्रतिशत शेयरहोल्डिंग पब्लिक यानी नॉन इनसाइडर्स की होनी चाहिए। हिंडनबर्ग रिपोर्ट में कहा गया था कि गौतम अडाणी के भाई विनोद अडाणी विदेश में शेल कंपनियों को मैनेज करते हैं। इनके जरिए भारत में अडाणी ग्रुप की लिस्टेड और प्राइवेट कंपनियों में अरबों डॉलर ट्रांसफर किए गए। इसने अडाणी ग्रुप को कानूनों से बचने में मदद की।

**सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश भी दिए हैं**

- सेबी के चेयरपर्सन को एक्सपर्ट कमेटी को सभी जरूरी जानकारी देनी होगी
- केंद्र सरकार से जुड़े एजेंसियों को कमेटी के साथ सहयोग करना होगा
- कमेटी अपने काम के लिए बाहरी विशेषज्ञों से परामर्श ले सकती है
- कमेटी मेंबर्स का पेमेंट चेयरपर्सन तय करेंगे और केंद्र सरकार वहन करेगी
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक सीनियर ऑफिसर को नॉमिनेट करेंगी
- ये कमेटी को लॉजिस्टिकल असिस्टेंस देने के लिए नोडल ऑफिसर के रूप में काम करेंगे
- कमेटी के सभी खर्चों को केंद्र सरकार ही वहन करेगी

**गुरुवार को अडाणी ग्रुप के सभी 10 शेयरों में तेजी** - अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज 4प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा है। अडाणी पोर्ट में भी 2प्रतिशत से ज्यादा की तेजी है। वहीं अडाणी पावर, ट्रांसमिशन, ग्रीन और विल्मर 5-5प्रतिशत बढ़कर कारोबार कर रहे हैं। अडाणी टोटल गैस और एनडीटीवी भी 4प्रतिशत से ज्यादा चढ़े हैं। वहीं ग्रुप की सीमेंट कंपनी में आधा फीसदी और अंबुजा में 4प्रतिशत से ज्यादा की तेजी है।

**अडाणी-हिंडनबर्ग केस में सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं 4 याचिकाएं** - इस मामले में अभी तक 4 जनहित याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। एडवोकेट एम एल शर्मा, विशाल तिवारी, कांग्रेस नेता जया ठाकुर और सोशल वर्कर मुकेश कुमार ने ये याचिकाएं दायर की हैं। मामले में पहली सुनवाई चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला ने 10 फरवरी को की थी।

**याचिकाओं में एफआईआर दर्ज करने और जांच की मांग** - मनोहर लाल शर्मा ने याचिका में हिंडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर नाथन एंडरसन और भारत में उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच करने और एफआईआर की मांग की है। इसके साथ ही इस मामले पर मीडिया कवरेज पर रोक की भी मांग की गई थी। विशाल तिवारी के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली एक कमेटी बनाकर हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच की मांग की। तिवारी ने अपनी याचिका में लोगों के उन हालातों के बारे में बताया जब शेयर प्राइस नीचे गिर जाते हैं। जया ठाकुर ने इस मामले में भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक की भूमिका पर संदेह जताया है। उन्होंने अडाणी एंटरप्राइजेज में भारी मात्रा में सार्वजनिक धन के निवेश की भूमिका की जांच की मांग की है। मुकेश कुमार ने अपनी याचिका में सेबी, ईडी आयकर विभाग, डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस से जांच के निर्देश देने की मांग की है।

# जल्दी ही पटरी पर दौड़ती नजर आएंगी 200 वंदे भारत ट्रेन! इन कंपनियों ने लगाई सबसे कम बोली



**नई दिल्ली।**

भारत में जल्दी ही 200 नई वंदे भारत ट्रेन पटरियों पर दौड़ती नजर आने वाली हैं। रेलवे ने इनके विनिर्माण और रखरखाव के लिए बोली पूरी कर ली है। सूत्रों ने बताया कि 200 वंदे भारत ट्रेनों के लिए लगाई गई बोली में रूस और भारत की सीजेएससी ट्रांसमाशहोल्डिंग एंड रेल विकास निगम लिमिटेड ने सबसे कम बोली लगाई है। अधिकारियों ने बताया कि 200 वंदे भारत ट्रेनों के निर्माण और रखरखाव का ये पूरा सौदा सौदा 58,000 करोड़ रुपये का है। इसके तहत निविदा उठाने वाली कंपनी को अगले 35 वर्षों तक ट्रेनों का रखरखाव करना है। अधिकारियों ने बताया कि इस सौदे के लिए दूसरा सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड और टीटागढ़ वैगन्स का कंसोर्टियम है। भेल और टीटागढ़ वैगन्स के गठजोड़ को निविदा का एक हिस्सा हासिल करने के लिए सबसे कम बोली लगाने का मौका दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि रूस और भारत के गठजोड़ ने प्रति ट्रेन सेट के लिए 120 करोड़ रुपये की बोली लगाई है, जो आईसीएफ-चेन्नई द्वारा बनाई गई अंतिम वंदे भारत ट्रेनों की लागत से कम है। आईसीएफ-चेन्नई ने 128 करोड़ रुपये प्रति सेट की लागत से इन ट्रेनों का निर्माण किया था। इस सौदे के लिए बोली लगाने वालों में फ्रांसीसी रेलवे कंपनी एल्सटॉम, स्विटजरलैंड की रेलवे रोलिंग स्टॉक विनिर्माता स्टैडलर रेल और हैदराबाद स्थित मीडिया सर्वो ड्राइव्स का गठजोड़ मेधा-स्टैडलर, बीईएमएल और सीमेंस का गठजोड़ और एक भारतीय फर्म के साथ रूसी रोलिंग स्टॉक विनिर्माता ट्रांसमाशहोल्डिंग (टीएमएच) का गठजोड़ शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि सौदे के तहत 26,000 करोड़ रुपये रेलगाड़ियों की आपूर्ति के लिए अग्रिम दिए जाएंगे, जबकि इनके रखरखाव के लिए 35 साल की अवधि में 32,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। भारतीय रेलवे अब अनुबंध के लिए तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन कर रहा है। निविदा दस्तावेज के मुताबिक सफल बोली लगाने वाले को 24 महीने के भीतर वंदे भारत रेलगाड़ियों के लिए शयनयान श्रेणी का प्रोटोटाइप तैयार करना होगा। भारतीय रेलवे 2024 की पहली तिमाही तक वंदे भारत रेलगाड़ी के शयनयान श्रेणी वाले संस्करण को शुरू करने की योजना बना रहा है।

# फरवरी में 1.49 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन: इसमें सालाना आधार पर 12प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, लेकिन जनवरी के मुकाबले कम

**नई दिल्ली।**

सरकार ने फरवरी 2023 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स से 1.49 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। सालाना आधार पर इसमें लगभग 12प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। फरवरी 2022 में 1,33,026 करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। वहीं जनवरी 2023 में ये 1,55,922 करोड़ रुपए था। वित्त मत्रांलय के अनुसार इसमें सीजीएसटी के रूप में 28,963 करोड़ रुपए, स्जीएसटी से 36,730 करोड़ रुपए और आईजीएसटी के रूप में 79,599 करोड़ रुपए का कलेक्शन हुआ है। जीएसटी की राशि में 37,118 करोड़ रुपये वस्तुओं के आयात पर लगने वाले टैक्स के रूप में वसूला गया है।

**वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल में सबसे ज्यादा कलेक्शन** - वित्त वर्ष 2022-23 में अब तक अप्रैल महीने में सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन रहा है। अप्रैल में ये 1.68 लाख करोड़ रुपए रखा था। इसके बाद सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन जनवरी में, 1.56 लाख करोड़ रुपए था। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि जीएसटी कलेक्शन लगातार 12वें




महीने 1.4 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा।

**फरवरी में पेंसिल और शार्पनर पर घटाई थी जीएसटी की दरें** - फरवरी में हुई बैठक में सरकार ने राब (लिक्विड गुड) पर लगने वाले टैक्स में कटौती की थी। इस पर जीएसटी 18प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दी थी। अगर यह प्री-पैकेज्ड और लेबल्ड है, तो इस पर 5प्रतिशत की दर से टैक्स लगेगा। इसके अलावा जीएसटी काउंसिल की बैठक में पेंसिल और शार्पनर पर जीएसटी की दरें घटाने का फैसला लिया था। पेंसिल और शार्पनर पर जीएसटी 18प्रतिशत से घटाकर 12प्रतिशत कर दी थी।

# 3100 करोड़ रुपये में तीन प्रशिक्षण जहाजों के लिए एलएंडटी से करार, कैबिनेट ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।**

**केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीद (भारतीय-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत 3,100 करोड़ रुपये से अधिक के तीन कैडेट प्रशिक्षण जहाजों (शिप्स) के लिए एलएंडटी के साथ अनुबंध हस्ताक्षर को मंजूरी दी। जहाजों की डिलीवरी 2026 से शुरू होने वाली है। इस करार को मंजूरी इंडियन-आईडीडीएम (स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) खरीद श्रेणी के तहत दी गई।**



यह जहाज नौसेना की भविष्य की जरूरतें पूरी करने के लिए महिलाओं समेत अधिकारी कैडेटों को उनकी बेसिक ट्रेनिंग पूरी करने के बाद समुद्र में प्रशिक्षण देने में काम आएंगे। साथ ही राजनयिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से ये जहाज मित्र देशों के कैडेटों को भी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। जहाजों को लोगों को निकालने और मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए भी तैनात किया जा सकता है।

जहाज पूरी तरह स्वदेशी होंगे और इन्हें चेन्नई के कट्टूपल्ली में एलएंडटी के शिपयार्ड में तैयार किया जाएगा। यह परियोजना साढ़े चार साल की अवधि में 22.5 लाख मानव-दिवस का रोजगार सृजित करेगी।

### वायुसेना का विमान सी-17 ग्लोबमास्टर-3 भारत-जापान सैन्य अभ्यास में शामिल

भारतीय वायुसेना का परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर-3 भारत-जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास में हिस्सा ले रहा है। जापान में आयोजित सैन्य अभ्यास 'शिन्यू मैत्री' एक से दो मार्च तक चलेगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय वायुसेना जापान एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएएसडीएफ) के साथ इस अभ्यास में भाग ले रही है। इस अभ्यास का आयोजन भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' से इतर किया जा रहा है, जो 13 फरवरी, 2023 से दो मार्च, 2023 तक जापान के कोमात्सु में हो रहा है।

# बेरोजगारी दर फरवरी में बढ़कर 7.45 फीसदी पर, विनिर्माण व खपत में गिरावट

**नई दिल्ली ।**

देश में बेरोजगारी दर एक बार फिर बढ़ी है। फरवरी में यह 7.45 फीसदी रही जो जनवरी में 7.14 फीसदी थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इन इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) ने बताया कि गांवों से ज्यादा शहरों में बेरोजगारी रही है। गांवों 7.23 और शहरों में 7.93 फीसदी बेरोजगारी रही है। आंकड़ों के मुताबिक, हालांकि, जनवरी की तुलना में शहरों में बेरोजगारी दर घटकर 7.93 फीसदी रही जो जनवरी में 8.55 फीसदी थी। गांवों में यह 6.48 फीसदी से बढ़कर 7.23 फीसदी पर पहुंच गई है। फरवरी में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर 18 फरवरी को थी जो 7.84 फीसदी थी। हरियाणा में 29.4 और यूपी में 4 फीसदी बेरोजगारी दर आंकड़ों के मुताबिक, हरियाणा में बेरोजगारी की दर 29.4 फीसदी रही है जबकि जम्मू एंड कश्मीर में 17.1, राजस्थान में 28.3, हिमाचल में 13.9 और बिहार में 12.3 फीसदी रही है। उत्तराखंड में 2.3फीसदी, यूपी में चार , मप्र में दो और छत्तीसगढ़ में सबसे कम 0.8 फीसदी बेरोजगारी दर रही है।

### आंकड़ों में संशोधन से विनिर्माण व खपत में रही गिरावट



भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि 2022-23 की दिसंबर तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र और निजी खपत खर्च का प्रदर्शन अधिक आधार प्रभाव के कारण घटा हुआ लग रहा है। उन्होंने कहा, पिछले तीन वित्त वर्षों के आंकड़ों में संशोधन से जीडीपी वृद्धि का आधार बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने मंगलवार को पिछले तीन वित्त वर्षों 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के आंकड़ों को संशोधित किया। साथ ही, 2022-23 के लिए जीडीपी का दूसरा अग्रिम अनुमान भी जारी किया। उन्होंने कहा कि अगर आधार प्रभाव नहीं बढ़ा होता तो दिसंबर तिमाही में विनिर्माण 3.8 फीसदी व निजी खपत खर्च 6 फीसदी की दर से बढ़ता।

### 2023-24 में 5.5प्रतिशत रहेगी वृद्धि दर

मूडीज ने बुधवार को देश की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ा दिया है। इसने कहा, 2023-24 में जीडीपी की वृद्धि दर 5.5 फीसदी रह सकती है। पहले 4.8 फीसदी का अनुमान लगाया था।

### बजाज फिनसर्व अब बेच सकेगी म्यूचुअल फंड, सेबी ने कारोबार शुरू करने का दिया लाइसेंस


**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा कंपनी बजाज फिनसर्व लिमिटेड को एक बड़ी कामयाबी मिली है। बजाज फिनसर्व लिमिटेड को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से म्यूचुअल फंड कारोबार में डील करने की अनुमति मिल गई है। कंपनी ने कहा है कि इसे सेबी से अंतिम रजिस्ट्रेशन हासिल हो गया है। फर्म ने एक बयान में कहा है कि कंपनी बजाज फिनसर्व म्यूचुअल फंड बैनर के तहत कारोबार संचालित करेगी। बजाज फिनसर्व म्यूचुअल फंड बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (बीएफएएमएल) के साथ मिलकर निवेशकों को जल्द ही एक्टिव और नॉन एक्टिव दोनों क्षेत्रों में इक्विटी, डेट और हाइब्रिड फंड सहित म्यूचुअल फंड उत्पादों का विकल्प उपलब्ध कराएगा। बजाज को सेबी की ओर से गो अहेड दिए जाने के साथ ही म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में अब एक बड़े एसेट मैनेजर की एंट्री होने जा रही है। एक आंकड़े के मुताबिक, इंडस्ट्री में 42 एसेट मैनेजमेंट कंपनियां हैं। बजाज फिनसर्व म्यूचुअल फंड, बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट के साथ इनवेस्टमेंट मैनेजर के रूप में सक्रिय और निष्क्रिय, दोनों सेगमेंट में विभिन्न म्यूचुअल फंड स्कीमों को लॉन्च करने की उम्मीद है। बजाज फिनसर्व के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजीव बजाज ने कहा कि सेबी से अनुमोदन कंपनी के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। कंपनी अपने व्यवसायों के माध्यम से 100 मिलियन से अधिक ग्राहकों को बचत, वित्तपोषण, सुरक्षा और धन के सृजन सहित कई तरह के वित्तीय समाधान प्रदान करती है।

# अभिनेत्री कृति ने अपने प्यार को लेकर बताया कि ये एक सीक्रेट है...



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले स्टार्स में से एक हैं। कृति फैंस के साथ अपनी अपडेट शेयर करती रहती हैं। हाल ही में कृति एक बार फिर सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ जुड़ीं। इस दौरान उन्होंने अपने रिलेशनशिप स्टेट्स को लेकर भी बात की। कृति सेनन ने अपने फैंस को कुछ भी, लेकिन दिलचस्प सवाल पूछने के लिए कहा। इस दौरान फैंस ने कृति से उनके ब्यूटी टिप्स से लेकर अपकमिंग प्रोजेक्ट तक, कई सवाल पूछे, लेकिन सबसे ज्यादा सवाल कृति की पर्सनल लाइफ को लेकर पूछे गए। ज्यादातर फैंस ने कृति के ब्वॉयफ्रेंड का नाम जानने में दिलचस्पी दिखाई। कृति पिछले काफी समय से प्रभास संग डेटिंग रूमर्स को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इसके बाद एक फैन ने पूछा कि उनके ब्वॉयफ्रेंड का नाम क्या है? कृति ने इस सवाल के जवाब में एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा, ये एक सीक्रेट है...यहां तक कि मेरे लिए भी। जवाब देने के बाद कृति जोर-जोर से हंसने लगीं। कृति सेनन और प्रभास की डेटिंग की खबरों ने भेड़िया के प्रमोशन के दौरान जोर पकड़ लिया था। वरुण धवन ने प्रमोशन के दौरान मजाक में कृति और प्रभास का नाम आपस में लिंक कर दिया था, जिसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों के अफेयर खबरों ने जोर पकड़ लिया। हालांकि, कृति ने तुरंत सफाई देते हुए कहा था कि ये सिर्फ मजाक था।

# मनोज वाजपेयी ने छूए तनुजा के पैर, हाथ थाम पहुंचाया गाड़ी तक, एक्टर ने जीत लिया दिल, बजने लगी तालियां





**मुंबई (ईएमएस)।** आप किसी भी जगह पहुंच जाएं यदि आप जमीन से जुड़े हुए हैं, तो सभी के दिल में आपके लिए खास जगह होगी। कुछ ऐसे ही विचारों के साथ एक्टर मनोज वायपेयी भी जीते हैं। फिल्मी दुनिया में उन्होंने खास जगह बना ली है। हर किरदार में वे खुद को ढाल लेते हैं। मनोज ने भले ही अपना एक अलग मुकाम मनोरंजन की दुनिया में बना लिया है, लेकिन वे हमेशा जमीन से जुड़े रहना पसंद करते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण हाल ही उन्होंने पेश किया, जो इंटरनेट पर सुर्खियां बटोर रहा है।

**मनोज वाजपेयी जल्द ही शर्मिला टैगोर के साथ गुलमोहर में आएंगे नजर** - मनोज वाजपेयी जल्द ही शर्मिला टैगोर के साथ फिल्म गुलमोहर में नजर आएंगे। 3 मार्च को यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी।

फिल्म में उनके काम को देखकर शर्मिला टैगोर पहले ही काफी इम्प्रेस हैं और उनके काम की तारीफ करती रहती हैं. अब एक्टर ने अपने स्वभाव से बीते दौर की अभिनेत्री तनुजा का भी दिल जीत लिया है। मनोज के व्यवहार को देखकर लोग वीडियो पर तालियां और हार्ट इमोजी शेयर कर रहे हैं। मनोज का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें वे तनुजा से मिलते हुए दिखाई दे रहे हैं। हाथ जोड़ने के बाद वे उनके पैर छू रहे हैं। इसके बाद जब वे जाने लगती हैं तो मनोज उनका हाथ थाम लेते हैं और उन्हें आगे ले जाते हैं।

अपनी सीनियर एक्ट्रेस के प्रति उनका यह व्यवहार अब इंटरनेट पर सुर्खियां बटोर रहा है। फैंस उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। फैंस मनोज की एक एक्टर के तौर पर तारीफ कर रहे हैं, जो न सिर्फ पर्दे पर बेहतरीन किरदार निभाते हैं, बल्कि निजी जिंदगी में भी बेहद सहज हैं।

# पठान के कारोबार में गिरावट के बाद आया उछाल, सेल्फी व शहजादा हुए बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप




**मुंबई (ईएमएस)।** शाहरुख खान की पठान पिछले एक माह से सिनेमाघरों में राज कर रही है। इस फिल्म के सामने आई दूसरी फिल्मों को दर्शकों ने पूरी तरह से नकार दिया है। इनमें सर्वाधिक अफसोस अक्षय कुमार की सेल्फी की असफलता को लेकर है। यह अक्षय कुमार की लगातार 5वीं असफल फिल्म है। पठान के कारोबार में गिरावट आई है, लेकिन वीकेंड पर इस फिल्म के कारोबार में एक बार फिर से उछाल आया है। इस फिल्म ने अपने प्रदर्शन के 32वें दिन भी करीब 2 करोड़ रुपये की कमाई की है। शाहरुख खान की फिल्म पठान 25 जनवरी 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म ने भारत में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा काफी पहले पार कर लिया था। वहीं, फिल्म वर्ल्ड वाइड 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा भी पार कर चुकी है। शाहरुख खान की फिल्म ने अपनी रिलीज के 32वें दिन यानी बीते शुक्रवार को 1.95 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इस तरह से अब तक फिल्म की हिंदी में कुल कमाई 505.05 करोड़ रुपये हो चुकी है। फिल्म ने भारत में हिंदी, तमिल और तेलुगू तीन भाषाओं में कुल मिलाकर 523.16 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। शाहरुख खान की पठान को सिनेमाघरों में लगे हुए एक महीने से ज्यादा समय होने के बाद भी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। वहीं, 17 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म शहजादा और 24 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म सेल्फी को लोगों ने पसंद नहीं किया है, जिससे ये दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई हैं।

# गदर-2 : मनीष वाधवा पाक आर्मी के जनरल की भूमिका में




बालीवुड के खलनायक मनीष वाधवा पाक आर्मी के जनरल की भूमिका में नजर आएंगे। मनीष हाल ही में फिल्म पठान में पाकिस्तानी जनरल कादिर के रोल में नजर आए। अब वे मुख्य खलनायक के तौर पर सनी देओल से दो-दो हाथ करते नजर आएंगे। मनीष वाधवा सनी देओल अभिनीत गदर-2 में भी पाकिस्तानी आर्मी जनरल की भूमिका में नजर आएंगे। गदर-2 के लिए पाकिस्तान को लखनऊ और अहमदनगर में क्रिएट किया गया। पाकिस्तान के लिहाज से लखनऊ में 50 दिनों की शूटिंग रही] वहीं अहमदनगर में 25 दिनों का शेड्यूल रहा है। यहाँ अभी शूटिंग जारी है।गदर-2 के बारे में मनीष वाधवा का कहना है कि इसकी कहानी बंटवारे के 24 साल बाद सेट है और मेरा किरदार भी। मेरे किरदार को लेकर कोई प्रोस्थेटिक का इस्तेमाल नहीं हुआ है, बस मूंछे हैं और दो से तीन अलग लुक हैं। मनीष वाधवा ने कहा, अमरीश पुरी जी ने जिस तरह से अशरफ अली को प्ले किया था, उसकी तुलना कतई नहीं हो सकती। यही वजह है, जो उनके किरदार को यहाँ किसी ने रिप्लेस नहीं किया है। मेरा किरदार तो पाकिस्तानी आर्मी जनरल का है।


# टाइगर श्रॉफ ने एक्टिंग के दम पर इंडस्ट्री में बनाई अलग पहचान



टाइगर श्रॉफ को एक ऐसे अभिनेता के रूप में जाना जाता है, जो वास्तव में डांस और एक्शन करता है। टाइगर ने अपनी एक्टिंग के दम पर इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई है। अब तक उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। उनका फैन बेस भी काफी स्ट्रांग है। आज 2 मार्च को टाइगर का बर्थडे है। इस मौके पर आइए जानते हैं उनके बारे में कुछ खास बातें। साल 2014 में फिल्म हीरोपंती से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले टाइगर कई एक्शन फिल्मों में अपने अभिनय की झलक दिखा चुके हैं। साथ ही वह एक्ट्रेस दिशा पटानी के साथ अपने संबंधों को लेकर भी हमेशा चर्चा में रहे। इसके साथ ही वह एक और चीज के लिए चर्चा में हैं, जो उनका नाम है। आज भी बहुत से लोग नहीं जानते हैं कि टाइगर का असली नाम क्या है, लेकिन अपने बेटे का नाम टाइगर रखने का किस्सा जैकी श्रॉफ ने एक इंटरव्यू में बताया था।


टाइगर का असली नाम हेमंत श्रॉफ है, लेकिन जैकी श्रॉफ की वजह से उनका नाम टाइगर रख दिया गया। "ये जब छोटा था तब वह काट लेता था। इसलिए श्राफ उसे प्यार से टाइगर बुलाते थे। इसके बाद सभी उन्हें टाइगर कहने लगे। आज उन्हें टाइगर के नाम से जाना जाता है।' टाइगर ने एक इंटरव्यू में कहा था कि मेरे पिता हमेशा मुझे भिडू या मेरा बच्चा कहते हैं। उन्हें ये दोनों शब्द बहुत पसंद हैं।

# कन्नूर स्क्वाड का पहला लुक जारी




थ्रिलर कन्नूर स्क्वाड का पहला लुक कल जारी किया गया। कन्नूर स्क्वाड के फर्स्ट लुक पोस्टर में ममूटी का लुक काफी इंटेंस है। हम यह भी देखते हैं कि चार पात्र एक खोज करते हैं। कन्नूर स्क्वाड, ममूटी के प्रोडक्शन हाउस ममूटी कम्पनी की नानपक्कल नेराथु मयाक्कम, रोर्शच और काथल - द कोर के बाद चौथी फिल्म है। फिल्म के तकनीकी पक्ष में सिनेमैटोग्राफर मोहम्मद राहिल, संगीत निर्देशक सुशीन श्याम, संपादक प्रवीण प्रभाकर, प्रोडक्शन डिजाइनर शाजी नादुविल, मेकअप आर्टिस्ट रोनेक्स जेवियर, कॉस्ट्यूम डिजाइनर अरुण मनोहर और अभिजीत और साउंड डिजाइनर टोनी बाबू शामिल हैं। दुलकर सलमान का प्रोडक्शन हाउस वेफरर फिल्म्स केरल में फिल्म का वितरण करेगा। फिल्म के कलाकारों के बारे में विवरण फिलहाल गुप्त रखा गया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, ममूटी ने पहले एक साक्षात्कार में कहा था, कन्नूर स्क्वाड एक ऐसे दस्ते के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपराधियों को पकडऩे में माहिर है।

# रवि की रावणासुर अप्रेल में होगी रीलिज




साउथ के अभिनेता रवि तेजा अब अपने प्रशंसकों को रावणासुर देने जा रहे हैं। अभिनेता की यह फिल्म आगामी 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। हाल ही में इसकी शूटिंग पूरी हुई है।इस बात की जानकारी रावणासुर के पीआरओ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है। वॉल्टेयर वीरैय्या में रवि तेजा पहली बार चिरंजीवी के साथ नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। हालांकि गत वर्ष प्रदर्शित हुई उनकी फिल्म धमाका को विशेष सफलता नहीं मिल पाई थी। तेजा जल्द ही उत्सुकता से प्रतीक्षित तेलुगु फिल्म रावणासुर में दिखाई देंगे, जिसने प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा पैदा कर दी है क्योंकि इसमें उन्हें एक स्टाइलिश नए अवतार में दिखाया गया है। यह स्टाइलिश एक्शन ड्रामा के शौकीन लोगों के लिए एक ट्रीट के रूप में भी बिल किया जाता है।

# पोन्नियन सेल्वन-2 की नहीं बदली प्रदर्शन तिथि

पिछले दिनों से ऐसी चचाएं थी कि पोन्नियन सेल्वन-2 की प्रदर्शन तिथि स्थगित कर दी गई है। हालांकि अब मणिरत्नम की टीम ने प्रदर्शन तिथि टालने की अफवाहों का खण्डन किया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पोन्नियन सेल्वन-2 से जुड़े सूत्रों का कहना है कि फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है, निमार्ता जल्द ही एक अच्छी अनाउंसमेंट करेंगे।

फिल्म के स्थगित होने के बारे में रिपोर्ट सिर्फ एक अफवाह है। यह फिल्म 28 अप्रैल को दर्शकों के बीच आएगी। सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। इस फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहाँ पहले भाग की खत्म हुई थी।

इस ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म में ऐश्वर्या राय बच्चन ने रानी नंदिनी की भूमिका निभाई है, जो प्रतिशोध लेने के मिशन को पूरा करने के लिए संघर्ष करती दिख रही है। फिल्म में चिनाय विक्रम, कीर्थी, तृषा कृष्णन, जयराम रवि, लक्ष्मी और शोभिता धूलिपाला मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। बता दें कि गत वर्ष 30 सितम्बर को मणिरत्नम ने अपनी पहली ऐतिहासिक फिल्म पोन्नियन सेल्वन-1 को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया था।

# सल्लू की किसी का भाई किसी की जान के रूप में ईदी देने की तैयारी

**-अपने परिजनों को फिल्म दिखाई सलमान खान ने**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के सल्लू भाई यानि की सलमान खान दर्शकों को किसी का भाई किसी की जान के रूप में ईदी देने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग पूरी हुई है और अब यह एडिटिंग टेबल पर जा चुकी हैं। सलमान खान ने अपने परिजनों को यह फिल्म दिखाई है। सलमान खान को परिजनों ने कुछ सुझाव दिए हैं, जिनके अनुसार फिल्म में बदलाव किए जाएंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सलमान ने सोहेल खान के बांद्रा वाले स्टूडियो में फिल्म की एडिटिंग का पहला राउंड शुरू कर दिया है। उन्हें एक्शन फिल्मों में काफी दिलचस्पी है, इसलिए वो चाहते हैं कि फिल्म में कोई भी कमी न रह जाए। बताया जा रहा है कि सलमान ने फर्स्ट कट एडिट के बाद परिवार वालों के साथ अपने पनवेल वाले फार्म हाउस पर मिलकर फिल्म किसी का भाई किसी की जान देखी। उनके परिवार को फिल्म काफी पसंद आई है और उन्हें लगता है कि यह एक कंप्लीट एंटरटेनर फिल्म है। हालांकि, परिवार के कई लोगों ने कुछ बदलाव सुझाए हैं, जिसे सलमान ने फिल्म एडिटर बंटी नेगी को बता दिया है। बंटी भी फिल्म की एडिटिंग में जुट चुके हैं, सुझावों के हिसाब से जल्द ही बदलाव कर दिए जाएंगे। फिल्म में उनके अलावा पूजा हेगड़े, शहनाज गिल, राघव जुयाल और सिद्धार्थ निगम मुख्य भूमिकाओं में हैं। गौरतलब है कि किसी का भाई किसी की जान 2014 में आई तमिल फिल्म वीरम की रीमेक है। वीरम में मुख्य भूमिका में अजिथ नजर आए थे। वर्ष 2017 में तेलुगू व कन्नड में भी इसे रीमेक किया गया था। तेलुगू में इसे कटामारायेडु के नाम से बनाया गया था, जिसमें पवन कल्याण ने मुख्य भूमिका निभाई थी। कन्नड में इसे ओडिये नाम से बनाया गया था।

# थलापति की फिल्म लियो को लेकर जबरदस्त क्रेज



**मुंबई (ईएमएस)।** दर्शकों में थलापति विजय की फिल्म लियो को लेकर जबरदस्त क्रेज है। इस फिल्म को लेकर एक दिलचस्प जानकारी सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार फिल्म ने रिलीज से पहले ही करीब 400 करोड़ रुपये का कारोबार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म से जुड़े करीबी सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि थलापति विजय की फिल्म लियो ने रिलीज से पहले ही 400 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। सूत्रों की मानें तो फिल्म ने ये रकम सैटेलाइट, डिजीटल, म्यूजिक और थियेट्रिकल राइट्स बेचकर हासिल किए हैं। करीबी सूत्र ने बताया, फिल्म लियो के डिजिटल राइट्स नेटफ्लिक्स को 120 करोड़ रुपये में बेच दिए गए हैं। जिसमें तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ भाषाओं के राइट्स शामिल हैं। सैटेलाइट राइट्स सन टीवी को 70 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। वहीं, फिल्म के म्यूजिक राइट्स 18 करोड़ रुपये में बेच दिए गए हैं। जबकि, हिंदी सैटेलाइट राइट्स के लिए सैट मैक्स और गोल्डमाइन्स के बीच फिलहाल जंग चल रही है। जो अगले 15 दिनों में कंफर्म हो जाएगा। हिंदी सैटेलाइट राइट्स की प्राइस रेंज करीब 30 करोड़ रुपये के करीब है।नॉन थियेट्रिकल राइट्स जहां करीब 240 करोड़ रुपये में बिके हैं तो वहीं, फिल्म ने थियेट्रिकल राइट्स से करीब 175 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। ये ग्लोबल स्तर पर बेचे गए फिल्म के थियेट्रिकल राइट्स से हासिल हुई रकम है। सूत्र ने कहा, फिल्म के ओवरसीज राइट्स की मांग करीब 50 करोड़ रुपये है। जबकि, तमिलनाडु में फिल्म के राइट्स की रकम 75 करोड़ रुपये है। जबकि, केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से करीब 35 करोड़ रुपये की मांग आ रही है। बाकी भारत के अन्य इलाकों से 15 करोड़ रुपये की मांग है। ऐसे में फिल्म अभी से ही 400 करोड़ रुपये की कमाई करीब-करीब कर चुकी है। बता दें कि वर्ष 2023 में पोंगल के अवसर पर ब्लॉकबस्टर फिल्म वरिसु देने वाले अभिनेता थलापति विजय की अगली फिल्म लियो को लेकर दर्शकों के साथ-साथ ओटीटी प्लेटफार्म में भी बहुत ज्यादा उत्सुकता दिखाई दी है। इस फिल्म को लेकर फिल्म उद्योग जगत में खासा बज नजर आ रहा है। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज करने जा रहे हैं, जिन्होंने गत वर्ष कमल हासन अभिनीत विक्रम का निर्देशन किया था। इससे पहले भी लोकेश कनकराज विजय के साथ मास्टर और कीर्थी के साथ कैथी नामक ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके हैं। कैथी को हिन्दी में अजय देवगन भोला के नाम से बना रहे हैं।

## सूडोकु नवताल- 6359

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6358 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7106

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | गो | र | कु | छ | तो | है | म | ला | नी | क्या |
| न | ल | क | ज | इं | डो | ने | ह | क | जी | कु |
| बं | मा | आ | ट | म | न | इ | व | न | ना | ल |
| टी | ल | ल | मा | ज | ल | स | रा | प | सि | है |
| औ | मु | झे | कु | छ | क | ह | ना | है | र्फ | ह |
| गा | जे | कि | र | य | द | का | म | ल | मे | म |
| य | मा | दे | श | व | ह | स | त | पी | रे | दी |
| ब | दे | क | र्त | न | प | दि | खा | की | लि | श |
| ली | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | ए | दे |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | र |
| ते | रा | जा | क्या | दि | ल | ने | क | हा | र | म |

**शब्दजाल में तुषार कपूर की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं**

गोलमाल, क्या कुल है हम, कुछ तो है, जीना सिर्फ मेरे लिए, खाकी, मुझे कुछ कहना है, यह दिल, शर्त, गायब, क्या दिल ने कहा.

**शब्दजाल - 7105 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जु | श | मु | म | स्ती | त | हो | प | न | र | द |
| र्म | क्रि | ल | ना | द | म | जा | अं | दा | ज | क |
| य | के | दी | हे | नि | इ | ना | न | व | टि | रू |
| इं | ट | स्ती | न | शा | वा | न्सा | क | ले | ज | की |
| प | दा | सा | भा | ने | तो | हो | न | गो | खा | त |
| ब | जि | त | प | ग | स | ए | व | सं | वॉ | व |
| द | प | न्दा | न | जी | म | ह | अ | गो | प्ला | द |
| क | र | क | प | क्श | प | भा | र | चो | आ | ख |
| र | व | त | म | रा | भी | त | ग | अ | न | अ |
| क | र | ल | प | र | ज | ता | रे | र | ह | द |
| मुं | ब | ई | से | आ | या | मे | रा | दो | स्त | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6059

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | | 1 | 6 | |
| | 23 | 1 | 26 | | 40 | |
| | | 3 | 4 | 5 | | 7 |
| 4 | 32 | | 32 | | 32 | 4 |
| 7 | 6 | 5 | | 3 | | |
| | 47 | | 35 | 7 | 26 | 2 |
| | 7 | 6 | | | 4 | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6058 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 2 | 31 | 7 | 31 | 4 | 28 | 2 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 5 | 37 | 6 | 33 | 6 | 29 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 3 | 29 | 5 | 32 | 7 | 40 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# खिलाड़ी कम पड़े तो 51 साल के जेरोमिर जागर खेले : ताकि क्लब टूर्नामेंट में बना रहे और स्पॉन्सरशिप मिलती रहे

**क्लाडेनो।**

**51 साल के जेरोमिर जागर की दाढ़ी जैसे-जैसे सफेद हो रही है, वैसे ही खेल की दुनिया में उनका कद बढ़ता जा रहा है। जागर एक प्रोफेशनल आइस हॉकी खिलाड़ी हैं, जो अब स्वयं को इस खेल के लेजेंड के रूप में स्थापित कर चुके हैं, और शायद ऐसे स्तर पर पहुंच चुके हैं जहां व्यक्तिगत उपलब्धियों से ज्यादा खेल का विकास ज्यादा महत्वपूर्ण उद्देश्य बन जाता है। जागर यही कर भी रहे हैं।**

चेक रिपब्लिक के जागर ने 15 साल की उम्र में आइस हॉकी खेलना शुरू किया। प्रतिष्ठित नेशनल हॉकी लीग में वे 24 सीजन में 9 टीमों के लिए खेले और दो बार पिट्सबर्ग पेंगुइन्स के लिए स्टेनली कप जीता। 1998-99 में वे लीग के सबसे वैल्यूएबल खिलाड़ी चुने गए। 1921 अंकों के साथ वे लीग के दूसरे हाईएस्ट स्कोरर हैं। 42 साल की उम्र में वे एनएचएल में हैट्रिक करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। हालांकि, 4 साल पहले उन्होंने लीग से संन्यास ले लिया, पर आइस हॉकी नहीं छोड़ा।

हाल ही में जेरोमिर जागर ने अपने प्रोफेशनल करियर का 1099वां गोल किया और रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने लीग और इंटरनेशनल मैचों में कुल गोल के मामले में कनाडा के वेन ग्रेट्जकी को पीछे छोड़ा। जागर ने ये कारनामा चेक रिपब्लिक की लीग चेक एक्स्ट्रालिगा में क्लाडेनो नाइट्स की तरफ से खेलते हुए किया। मजेदार बात यह है कि जिस टीम के लिए जागर खेल रहे थे, उसके मालिक भी वे खुद ही हैं।

2017 से इस टीम के लिए खेल रहे जागर से 2018 में एनएचएल से संन्यास लेने के बाद से टीम की अधिकतर हिस्सेदारी स्वयं खरीद ली थी। इस सीजन में जागर ने मैदान पर नहीं उतरने का फैसला किया था, लेकिन दिसंबर में टीम के खिलाड़ी बीमार पड़ गए। टीम पूरी न होने पर उसके रेलीगेट होने का खतरा था तो जागर खुद मैदान पर उतर गए और सीजन में वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर दिया। जागर अपना 35वां प्रोफेशनल सीजन खेल रहे हैं। जागर के लिए लीग में खेलने का मकसद अपने शहर के घरेलू क्लब कल्दनो नाइट्स को चलाए रखना है, जहां वे बड़े हुए थे। फिलहाल उनका क्लब लीग में सबसे नीचे है। जागर के अलावा स्पॉन्सर्स के पास इस क्लब से जुड़ने का और कोई कारण नहीं है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### तेजिंदर पाल सिंह तूर ने राष्ट्रीय थ्रो चैंपियनशिप में किया कमाल, जीता स्वर्ण पदक



**बेल्लारी ।** जकार्ता एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले शॉटपुटर तेजिंदर पाल सिंह तूर ने बेल्लारी के इंडियन इंस्ट्टीयूट ऑफ स्पोर्ट्स में खेली जा रही राष्ट्रीय थ्रो चैंपियनशिप में गोला फेंक का स्वर्ण जीत लिया। उन्होंने 19.95 मीटर गोला फेंककर पटियाला में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड 19.94 मीटर को एक सेंटीमीटर से पीछे छोड़ा। हालांकि, उन्होंने 20 मीटर की दूरी नापने की चार बार कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। पंजाब के करनवीर सिंह ने 19.54 मीटर रजत और दिल्ली के साहिब सिंह ने 18.77 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की हैमर थ्रो में उत्तराखंड की रेखा सिंह ने 54.44 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण जीता। राजस्थान की मंजू बाला 53.83 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों के हैमर थ्रो का स्वर्ण राजस्थान के युवराज जाखड़ ने 52.69 मीटर के साथ जीता। तमिलनाडु के दिनेश (52.32) दूसरे और उत्तर प्रदेश के मेराज अली (51.71) तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों के डिस्कस थ्रो का स्वर्ण हरियाणा के मंजीत ने 51. 24 मीटर के साथ जीता। राजस्थान के प्रवीण कुमार (50.88) दूसरे और यूपी के दीपक यादव (49.72) तीसरे स्थान पर रहे।

### जोकोविच क्वार्टरफाइनल में



**मुंबई।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने हॉलैंड के टेलन ग्रीक्सपुर को आसानी से हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। जोकोविच को अपने पहले मैच में जीत हासिल करने के लिए तीन सेटों तक जूझना पड़ा था लेकिन दूसरे मैच में वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे और उन्होंने ग्रीक्सपुर को 6-2, 6-3 से हराकर एटीपी 500 टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बना ली। 35 वर्षीय जोकोविच ने बेसलाइन से जबरदस्त हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए 29 विनर्स लगाए। सत्र में 12-3 का रिकॉर्ड रखने वाले ग्रीक्सपुर के पास जोकोविच के प्रहारों का कोई जवाब नहीं था। जोकोविच ने इस जीत से दुबई में 13 बार उतरने में क्वार्टरफाइनल से पहले कभी नहीं हारने का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा। सर्बियाई खिलाड़ी का क्वार्टरफाइनल में पोलैंड के ह्यूबर्ट हरकाज से मुकाबला होगा। एक अन्य मैच में दानिल मेदवेदेव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 6-4, 6-2 से हराकर अपनी लगातार 11वीं टूर लेवल जीत दर्ज की। मेदवेदेव ने यह मुकाबला मात्र 65 मिनट में जीता। मेदवेदेव का अगला मुकाबला बोर्ना कोरिच से होगा। कोरिच ने थानासी कोकिनाकिस को 6-7(4), 6-3, 7-5 से हराकर तीसरी सीड मेदवेदेव से क्वार्टरफाइनल में भिड़ने का अधिकार हासिल किया। कोरिच का मेदवेदेव के खिलाफ 4-2 का रिकॉर्ड है।

### आई-लीगः नेरोका एफसी के खिलाफ सुदेवा दिल्ली ने खेला 3-3 का ड्रॉ



**नई दिल्ली।** सुदेवा दिल्ली एफसी यहां छत्रसाल स्टेडियम में नेरोका एफसी के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेलने के बाद आई-लीग 2022-23 से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। एक ऐसे मैच में जिसमें बहुत सारे गुणवत्तापूर्ण लक्ष्य थे, नेरोका ने बेई कमो स्टीफेन और जर्सडाइन फ्लेचर के माध्यम से दो गोल की बढ़त ले ली, जिसे आधे समय से पहले एलेक्सिस गोमेज के शानदार गोल को रद्द कर दिया गया था। अर्जेंटीना ने दूसरे हाफ की शुरूआत में अपनी हैट्रिक पूरी की और ऐसा लगा कि सुदेव दूसरे दिन कांटेदार मुकाबला करेगी, जब तक कि स्थानापन्न माइकल कोपोर्वी ने खेल के अंतिम क्षणों में बराबरी नहीं कर ली। नेरोका एफसी ने तीन गोल दागे, जबकि सुदेवा दिल्ली ने तीन करके मैच को बराबरी पर समाप्त किया। आईलीग में राउंडग्लाग पंजाब 20 मैचों में 14 जीतों के साथ पहले स्थान पर है। वहीं, दूसरे स्थान पर श्रीनिधी डेक्कन 20 मैचों में 13 जीत के साथ दूसरे स्थान दूसरे पर है।

इंदौर टेस्ट, दूसरी पारी में 163 पर सिमटा भारत

# कंगारुओं को 76 रन का टारगेट, पुजारा को छोड़ सब फ्लॉप ; लायन को 8 विकेट

**इंदौर।**

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में कंगारुओं को 76 रन का टारगेट मिला है। इंदौर के होलकर स्टेडियम में भारत दूसरी पारी में 163 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम के ऑलआउट होते ही अंपायर्स ने बेल्स उठा लिए और स्टंप्स कर दिया। गुरुवार को मैच के दूसरे दिन मेहमान टीम ने 156/4 के स्कोर से अपनी पहली पारी को आगे बढ़ाया और 197 रन पर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार कंगारुओं को पहली पारी में 88 रन की बढ़त मिली। भारत के लिए रवींद्र जडेजा के अलावा, रविचंद्रन अश्विन और उमेश यादव ने तीन-तीन विकेट लिए। दूसरी पारी में भारत की ओर से मिस्टर भरोसेमंद चेतेश्वर पुजारा (59 रन) ने 35वां अर्धशतक जमाया, जबकि श्रेयस अय्यर 26, कप्तान रोहित शर्मा 12 और विराट कोहली 13 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में रविचंद्रन अश्विन ने 16 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। नाथन लायन ने 8 विकेट चटकाए। पहले दिन भारत पहली पारी में 109 रन पर आउट हुआ था।



**दूसरी पारी में भारत के विकेट**

पहला : शुभमन गिल आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलना चाहते थे और नाथन लायन की बॉल मिस कर गए। बॉल ने स्टंप को हिट किया। दूसरा : नाथन लायन ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आउट कर दिया। तीसरा : मैथ्यू कुहनेमन ने विराट कोहली को आउट कर दिया। चौथा : रवींद्र जडेजा नाथन लायन का तीसरा शिकार बने। उन्हें लायन ने आउट कर दिया। पांचवां : स्टार्क की बॉल पर उस्मान ख्वाज ने अय्यर का शानदार कैच पकड़ा। छठा : श्रीकर भरत को लायन ने बोल्ड कर दिया। सातवां : नाथन लायन ने अश्विन को आउट कर दिया। आठवां : स्टीव स्मिथ ने लायन की बॉल पर पुजारा का गजब का कैच पकड़ा। नौवां : उमेश यादव बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में डीप मिडविकेट में कैमरून ग्रीन के हाथों कैच हुए। दसवां : मोहम्मद सिराज लायन को आठवां शिकार बनें। उन्हें लायन ने बोल्ड कर दिया।

### सेशन अनुसार दूसरे दिन का खेल

**पहला : भारतीय गेंदबाजों का जलवा, ऑस्ट्रेलिया 197 पर सिमटी** - दूसरे दिन का पहला सेशन भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 41 रन बनाने में छह विकेट गंवा दिए। उमेश यादव और रविचंद्रन अश्विन ने तीन-तीन विकेट लिए। पीटर हैंड्सकॉम्ब 19 और कैमरून ग्रीन 21 रन के अलावा, निचले क्रम का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका।

**दूसरा : पुजारा की टिकाऊ पारी, ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हावी** - दूसरा सेशन ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हावी रहे हैं, हालांकि, पुजारा ने टिकाऊ पारी खेलकर टीम को बिखरने से रोका। इस सेशन में टीम इंडिया ने 66 रन बनाने चार महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिए। चाय के समय भारतीय टीम का स्कोर 79/4 रहा। पुजारा 36 रन पर नाबाद रहे। गिल, जडेजा, रोहित और कोहली बड़ा स्कोर करने में नाकाम रहे।

**तीसरा : नाथन लायन का जलवा, भारत ऑलआउट** - दिन के आखिरी सेशन में नाथन लायन का जलवा देखने को मिला। उन्होंने भारत के आखिरी 6 में से 5 विकेट चटकाए। भारतीय बल्लेबाज 84 रन ही जोड़ सके।

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 197 पर सिमटी** - ऑस्ट्रेलियाई टीम की पहली पारी 197 रनों पर समाप्त हुई। दूसरे दिन टीम की ओर से पीटर हैंड्सकॉम्ब ने 19 और कैमरून ग्रीन ने 21 रन बनाए। निचले क्रम के शेष बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। उमेश यादव और रविचंद्रन अश्विन ने तीन-तीन विकेट लिए। पहले दिन जडेजा को चार विकेट मिले थे।

**पहली पारी में ऐसे गिरे ऑस्ट्रेलिया के विकेट**

पहला : ट्रेविस हेड को रवींद्र जडेजा ने आउट कर दिया। दूसरा : रवींद्र जडेजा ने लाबुशेन को बोल्ड कर दिया। तीसरा : रवींद्र जडेजा ने उस्मान ख्वाजा को डीप मिडविकेट बाउंड्री पर गिल के हाथों कैच कराया। चौथा : रवींद्र जडेजा ने स्टीव स्मिथ को केएस भरत के हाथों कैच कराया। पांचवां : रविचंद्रन अश्विन ने पीटर हैंड्सकॉम्ब को शार्ट लेग में श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया। छठा : उमेश यादव ने कैमरून ग्रीन को आउट कर दिया। सातवां : उमेश यादव ने मिचेल स्टार्क को क्लीन बोल्ड कर दिया। आठवां : अश्विन ने एलेक्स कैरी को आउट कर दिया है। नौवां : उमेश यादव ने टॉड मर्फी को बोल्ड कर दिया। दसवां : नाथन लायन को अश्विन ने बोल्ड कर दिया।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11...**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, उमेश यादव और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, पीटर हैंड्सकम्ब, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मिचेल स्टार्क, नाथन लायन, टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनेमन।

विमेंस प्रीमियर लीग की मस्कट शेरनी, नाम- शक्ति

# बीसीसीआई सचिव जय शाह ने किया लॉन्च, 4 मार्च को डब्लूपीएल का पहला मैच



**मुंबई।**

विमेंस इंडियन प्रीमियर लीग का मस्कट शेरनी है। इसको शाक्ति नाम दिया गया है। जय ने इसे जारी किया। इसका वीडियो बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। पहली बार हो रहे विमेंस इंडियन प्रीमियर के जोरदार ओपनिंग की भी तैयारी की गई है। ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी प्रस्तुति देंगी। लाइव इवेंट में एक्ट्रेस बॉलीवुड के बेहतरीन गानों पर डांस करेंगी। महिला प्रीमियर लीग 2023 का पहला मैच 4 मार्च को मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंट्स के बीच खेला जाएगा।

### 23 दिन तक चलेगा डब्लूपीएल

डब्लूपीएल 23 दिन तक चलेगा। लीग की शुरुआत 4 मार्च को मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात-मुंबई मैच के साथ होगी। फाइनल मुकाबला 26 मार्च को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा। इन्हीं दो स्टेडियम में पूरी लीग खेली जाएगी। 5 टीमें 23 दिन में 22 मुकाबले खेलेंगी। इनमें 20 लीग, एक एलिमिनेटर और एक फाइनल होगा। पहले सीजन में चार डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। लीग के पहले सीजन में 5 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और यूपी वॉरियर्स शामिल हैं।

### स्मृति सबसे महंगी बिकीं

डब्लूपीएल के हुए ऑक्शन में भारत की उप कप्तान और टॉप ऑर्डर बैटर स्मृति मंधाना सबसे महंगी बिकीं। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 3.40 करोड़ रुपए में खरीदा। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और इंग्लैंड की नेटली सीवर ब्रंट सबसे महंगी विदेशी खिलाड़ी रहीं। दोनों को 3.20 करोड़ रुपए में खरीदा गया।

इस ऑक्शन में 448 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। कुल 87 खिलाड़ी खरीदी गईं। इनमें 30 विदेशी और 57 भारतीय शामिल हैं। पांच टीमों ने ऑक्शन में 59 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च किए।

# जर्मनी और अर्जेंटीना की उलटफेर भरी हार के बाद क्यों डरा हुआ है इंग्लैंड

**दोहा।**

इंग्लैंड ने फीफा वर्ल्ड कप में अपने शुरूआती मैच में ईरान के खिलाफ 6 गोल दागे लेकिन दो गोल गंवाये भी, जो कोच गेरेथ साउथगेट के लिये अमेरिका के खिलाफ होने वाले टीम के अगले मैच से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। हालांकि इससे अमेरिका के लिये उम्मीद भी बनी है। ईरान पर 6-2 की जीत के बाद साउथगेट ने कहा, मैच के अंत में हम थोड़े लापरवाह दिखे. पर कोच ने चेताया कि अमेरिकी टीम ग्रुप बी के शुक्रवार को होने वाले मैच में पूरी तरह से तैयार होगी और मैदान पर अपना सर्वस्व देने के लिये उतरेगी।

टूर्नामेंट में पहले ही कई उलटफेर हो चुके हैं जिसमें सऊदी अरब की अर्जेंटीना पर और जापान की जर्मनी पर उलटफेर भरी जीत शामिल है।

हालांकि अगर अमेरिकी टीम इंग्लैंड पर जीत दर्ज कर लेती है तो इसका दर्जा सऊदी अरब की जीत की तरह नहीं होगा लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि ग्रेग बरहाल्टर की टीम टूर्नामेंट के प्रबल दावेदारों में शुमार इंग्लैंड के खिलाफ 'अंडरडॉग' की तरह होगी।

### ईरान के खिलाफ गंवाए दो गोल से चिंता में पड़े इंग्लैंड के कोच साउथगेट



ईरान के खिलाफ गंवाये गये दो गोल ने साउथगेट को चिंता में डाल दिया है । उनका खिलाड़ियों को संदेश बहुत ही स्पष्ट रहा है, उन्हें अमेरिकी टीम के खिलाफ बेहतर खेल दिखाना होगा जिसने अपने शुरूआती ग्रुप मैच में वेल्स से 1-1 से ड्रा खेला। इंग्लैंड के गोलकीपर जोर्डन पिकफोर्ड ने कहा, उनकी टीम शीर्ष स्तरीय है जिसमें काफी शीर्ष खिलाड़ी हैं जो प्रीमियर लीग में खेल चुके हैं।

# फ्रांस के महान फुटबॉलर जस्ट फोंटेन का निधन, कायम है विश्व कप में उनका 65 साल पुराना यह रिकॉर्ड

**पेरिस।**

**फ्रांस के महान फुटबॉल खिलाड़ी जस्ट फोंटेन का निधन हो गया। वह 89 साल के थे। उन्हें 1958 विश्व कप में बनाए रिकॉर्ड के लिए याद किया जाता है। उन्होंने स्वीडन में हुए विश्व कप में 13 गोल दाग दिए थे। उसके बाद से एक विश्व कप में इतने गोल नहीं हुए। उनका 65 साल पुराना यह रिकॉर्ड आज भी कायम है।**




फ्रांस के रेम्स क्लब से खेल चुके फोंटेन सिर्फ एक ही विश्व कप में खेल पाए। उन्होंने छह मैच में 13 गोल दागे थे। विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में तीन खिलाड़ियों ने फोंटेन को पीछे छोड़ा, लेकिन किसी ने एक विश्व कप में ऐसा नहीं किया। यहां तक कि दुनिया के सर्वकालिक महान फुटबॉलर माने जाने वाले अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी ने कतर विश्व कप में उनकी बराबरी की थी, लेकिन 13 गोल करने के लिए मेसी ने पांच विश्व कप खेले।

### पेले से हार गई थी फोंटेन की टीम

1958 में हुए विश्व कप को दिवंगत फुटबॉलर पेले के लिए याद किया जाता है। उन्होंने सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ 5-2 की जीत में हैट्रिक गोल किया था और फिर ब्राजील को चैंपियन बनाया था। उस समय पेले 17 साल के थे। पेले के शानदार प्रदर्शन ने फोंटेन के चमत्कारिक प्रदर्शन को दबा दिया था, लेकिन उनका रिकॉर्ड कायम है।

### फोंटेन ने वेस्ट जर्मनी के खिलाफ दागे थे चार गोल

फोंटेन ने सेमीफाइनल में ब्राजील के खिलाफ मिली हार के बाद तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में चार गोल दाग दिए। उन्होंने वेस्ट जर्मनी की टीम के डिफेंस को तहस-नहस कर दिया। फ्रांस की टीम मैच में 6-3 से जीती थी। विश्व कप इतिहास में फोंटेन से ज्यादा गोल जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोस (16), ब्राजील के रोनाल्डो (15) और जर्मनी के गेर्ड मूलर (14) ने किए। फोंटेन के अलावा सिर्फ गेर्ड मूलर और हंगरी के सेंडर कोसिस ही एक विश्व कप में दोहरे अंक तक पहुंच सके। कोसिस ने 1954 विश्व कप में 11 गोल दागे थे। वहीं, गेर्ड मूलर ने 1970 में 10 गोल किए थे।

बुमराह सर्जरी के लिए जाएंगे न्यूजीलैंड

# जोफ्रा आर्चर की सर्जरी करने वाली डॉक्टर सर्जन रोवन शाउटन करेंगे ऑपरेशन

**मुंबई।**

पीठ की चोट के कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सर्जरी कराने के लिए न्यूजीलैंड जाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जोफ्रा आर्चर की सर्जरी करने वाली डॉक्टर के संपर्क में है। जल्द ही बुमराह सर्जरी कराने के लिए ऑकलैंड जा सकते हैं। वहां पर सर्जन रोवन शाउटन बुमराह की पीठ का ऑपरेशन करेंगे। शाउटन ऑर्थोपेडिक्स के प्रमुख सर्जन ग्राहम इंगलिस के साथ भी काम कर चुके हैं। इंगलिस ने मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड सहित न्यूजीलैंड के कुछ खिलाड़ियों का ऑपरेशन किया था। साथ ही शाउटन ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन की सर्जरी में भी इंगलिश का हेल्प कर चुके हैं। वहीं साउटन आर्चर के अलावा जेसन बेहरेनडॉर्फ की भी पीठ की सर्जरी कर चुके हैं। बुमराह पिछले साल सितंबर महीने में चोट के कारण टीम से बाहर हुए थे। उसके बाद उन्हें एशिया कप और टी-20 वर्ल्ड कप छोड़ना पड़ा था। जसप्रीत ने आखिरी मुकाबला 25 सितंबर को हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

### वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेलने पर भी संशय

भारत के वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने की स्थिति में बुमराह के खेलने पर संशय है। वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल इंग्लैंड में जुलाई में होना है। ऐसे में भारतीय टीम मैनेजमेंट उनकी चोट पर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता है। वे अक्टूबर-नवंबर में होने जा रहे वनडे वर्ल्ड कप में वापसी कर सकते हैं।

### टीम मैनेजमेंट का फोकस वर्ल्ड कप

रिपोर्ट के मुताबिक, बुमराह अब इस साल के अंत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में वापसी कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट ने बुमराह को इस साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में वापसी कराने का लक्ष्य रखा है। वनडे वर्ल्ड कप इस साल भारत में अक्टूबर-नवंबर में होना है।



### एनसीए में रिहैब कर रहे हैं बुमराह

बुमराह आईपीएल में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हैं। वह इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैब की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। वहां पर पिछले कुछ समय गेंदबाजी का अभ्यास भी कर रहे हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी 2 मुकाबलों में खेलते हुए दिख सकते हैं, लेकिन चयनकर्ताओं ने उनकी फिटनेस के आधार पर किसी तरह का कोई जोखिम ना उठाते हुए उन्हें टीम में शामिल नहीं किया। उसके बाद उम्मीद की जा रही थी कि वह मार्च-अप्रैल में होने वाले आईपीएल से वापसी कर सकते हैं, लेकिन अब खबर आ रही है कि उनके फिट होने में समय लग सकता है।

### एथलीट ऐश्वर्या पर लगा चार साल का प्रतिबंध, ट्रिपल जंप में बनाया था नेशनल रिकॉर्ड

**नई दिल्ली ।** बीते वर्ष जून में इंटर एथलेटिक चैंपियनशिप के दौरान 14.14 मीटर की दूरी कूदकर ट्रिपल जंप का राष्ट्रीय कीर्तिमान बनाने वाला बी ऐश्वर्या पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐश्वर्या इस चैंपियनशिप में प्रतिबंधित शक्तिवर्धक दवा ऑस्टेरिन के लिए डोप में पकड़ी गई थीं। इसके बाद उन्हें बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से हटा दिया गया था। ऐश्वर्या ने नाडा सुनवाई पैनल के समक्ष दलील दी कि उनके कंधे में दर्द था। उक्त चैंपियनशिप के दौरान उनके साथी जगदीश ने उन्हें यह दवा उन्हें दी और कहा इससे दर्द ठीक हो जाएगा।

# बेड टी के हैं बैड इफेक्ट भी, खाली पेट चाय पीने के हैं ये 4 नुकसान

बेड टी कई मायनों में आपकी सेहत के लिए बड होती है. चाय में कई तरह के ऐसिड होते हैं. खाली पेट चाय पी कर आप अपने पेट को सीधा नुकसान पहुंचाते हैं. इससे अल्सर या गैस जैसी परेशानियां बढ़ने की संभावना रहती है. एक नजर बेड टी के बैड इफेक्ट्स पर



चाय, एक ऐसा ड्रिंक जिसकी खुश्बू के साथ ही ज्यादातर घरों की सुबह होती है. शायद ही कोई घर होगा जहां चाय के नहीं बनती होगी या चाय के बिना नाश्ता होता हो. कुछ लोगों को तो चाय की इतनी आदत होती है कि वे दिन में कई कई बार चाय पीते हैं. तो कुछ बिना बेड टी के उठ भी नहीं सकते. बेड टी कई मायनों में आपकी सेहत के लिए बड होती है. चाय में कई तरह के ऐसिड होते हैं. खाली पेट चाय पी कर आप अपने पेट को सीधा नुकसान पहुंचाते हैं. इससे अल्सर या गैस जैसी परेशानियां बढ़ने की संभावना रहती है. एक नजर बेड टी के बैड इफेक्ट्स पर-

अगर आप उन लोगों में से हैं, जो ज्यादा दूध वाली चाय पीते हैं और सोचते हैं कि इसके साथ ही आपके शरीर में दूध भी गया है, तो जरा रुकिए... खाली पेट ज्यादा दूध वाली चाय पीने से थकान का एहसास होता है. एक और बात जो आपको जाननी चाहिए वह यह कि चाय में दूध ड़ालते ही एंटीऑक्सीडेंट का असर खत्म हो जाता है.

अब यदि आप यह सोचकर खुश हैं कि आप तो कम दूध वाली स्ट्रॉंग टी पीते हैं. तो यह भी आपके लिए नुकसानदायक है. कड़क चाय पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचाती है और यह आपको पेट से जुड़ी कई परेशानियां दे सकती है.

अगर आप यह सोचकर खुश हो रहे हैं कि आप तो चाय खाने के बाद पीते हैं, तो भी इसके नुकसान कम नहीं. हम सभी जानते हैं कि चाय में टैनिन होता है. जो आहार में मौजूद आयरन के साथ रिएक्ट कर सकता है. इसलिए खाने के बाद चाय पीना आपके खाने के पोषक तत्वों को नष्ट कर सकता है.

अगर आप दिन में चार से पांच बार चाय पीते हैं, तो अपनी इस आदत को जरा लगाम दें. बहुत ज्यादा गर्म चाय पीने की आदत भी अच्छी नहीं. इससे फूड पाइप या गले का कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है.

# रोटेटर कफ इंजरी का इलाज...




**हमारे** शरीर की चार पेशियां कंधे की हड्डी और पसलियों की मांसपेशियों को ऊपरी बांह की हड्डी के साथ जोड़ती हैं। क्योंकि ये पेशियां बांह को उसके कोटर के भीतर घूमने में मदद करती हैं, इन पेशियों के आस्तीन को रोटेटर कफ कहा जाता है। रोटेटर कफ में पेशियां आसानी से घायल हो सकती हैं क्योंकि ये एक तंग जगह के भीतर घूमती हैं। जब कंधे को उसके घुमाव की प्राकृतिक सीमा की हद में मोड़ा या उठाया जाता है, इस तंग जगह में पेशियां, भी घूमती हैं। रोटेटर कफ की पेशियां उसके ऊपर के हड्डीदार लौंदे या कंधे के सामने एक अस्थिबंध से टकरा या रगड़ खा सकती हैं। इस घर्षण को इंमपिंगमेंट सिंड्रोम के नाम से जाना जाता है और रोटेटर कफ में सूजन का कारण भी बनता है। रोटेटर कफ घर्षण की सूजन पैदा करने की सबसे अधिक संभावना होती है यदि आपके कंधे का घुमाव कठिन या दोहरावदार है। ये सूजन तीन समस्याएं पैदा कर सकती हैं, जैसे, रोटेटर कफ टेंडोनाइटिस, रोटेटर कफ टीयर तथा शोल्डर बर्साइटिस।

## ये हैं लक्षण

रोटेटर कफ की चोटें आपके कंधे और ऊपरी बांह में दर्द पैदा करती हैं, दर्द सबसे अधिक महत्वपूर्ण तब हो सकता है जब आप अपने हाथ ऊपर या बाहर की तरफ फैलाते हैं। जब आप अपने हाथ उठाते हुए घुमाते हैं, तब पेशियों की आसपास के ढांचों से रगड़ने की अधिक संभावना है। इस कारण जब आप अपने बालों में कंघी करने या अपनी बांह आस्तीन में डालने की कोशिश करते हैं तब आपके कंधों में असहनीय दर्द हो सकता है। रात के वक्त यह दर्द बहुत बढ़ सकता है। इनके कारण कंधे कमजोर हो सकते हैं, हल्के वजह की वस्तुओं को उठाने में भी समस्या होती है।

## ऐसे करें उपचार

कंधे में टेंडोनाइटिस, बर्साइटिस और छोटे रोटेटर कफ टियर्स को प्रभावित करने के लिए कोर्टिकोस्टेरॉयड दवा की सुई के साथ इसका उपचार किया जाता है।

इसके बाद कंधे की गति को पुन:संचलन में लाने और रोटेटर कफ की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए व्यायाम करवाया जाता है। नॉन स्टेरोइडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स (एनएसएआईडी) जैसे आइबुप्रोफेन (एडविल, मोट्रिन आदि) दर्द और सूजन को कम करने में सहायक होते हैं। अगर चिकित्सक को पता लगता है कि आपको कैल्सिफिक टेंडोनाइटिस है, तब इसके लिए वह अन्य उपचार के तरीके आजमा सकता है। इसके लिए अल्ट्रासाउंड या लिथोस्कोपी नामक प्रक्रिया आजमाई जाती है, इस तरीके से उपचार के दौरान अल्ट्रासाउंड की किरणें दी जाती हैं, जिन्हें शॉक वेव्स के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा सेकेंडरी रोटेटर कफ की चोटों या रोटेटर कफ पेशी में बड़े चीरों के लिए सर्जरी की आवश्यक हो सकती है। या इसके लिए आथ्रोस्कोपी (कैमरे की मदद से सर्जरी) या पारंपरिक ओपन सर्जरी का इस्तेमाल किया जा सकता है।

## ये सावधानी रखें

अगर थोड़ी सी सावधानी बरती जाए तो रोटेटर कफ इन्जरी से बचाव किया जा सकता है। अपने सिर के ऊपर की वस्तुओं तक पहुंचने के लिए कुर्सी या फिर सीढ़ी का प्रयोग कीजिए। अगर आपको पहले भी गठिया की बीमारी है तब नियमित रूप से व्यायाम जरूर करें। व्यायाम करने से मांसपेशियों में खिंचाव होता है और हड्डियां भी मजबूत होती हैं। इसलिए नियमित रूप से व्यायाम जरूर करें।

# उबले पानी को फिर न उबालें...



उबले हुए पानी को फिर से उबालकर इस्तेमाल में लाना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि पानी के घटक यानी पानी जिनसे मिलकर बना होता है, वह उलट हो जाता है और सेहत के लिए नुकसानदायक होता है।

पानी को बार-बार उबालने से इसमें आर्सेनिक, नाईट्रेट और फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा हो जाती है और इससे शरीर को नुकसान पहुंचता है। पानी को उबालने से उसकी भाप निकलकर वापस उसी में चली जाती है, जो और भी नुकसानदायक होती है, बल्कि कहा जा सकता है कि उसी के कारण नुकसान होता है। पानी एक बार उबलने पर मिनरल को दुबारा सेट करता है, ठंडा हो जाने पर पानी में सभी लवण सेट हो जाते हैं लेकिन अगर उसे फिर से गर्म किया जाएं, तो उसमें दुबारा से कैमिकल रिएक्शन होते हैं और सब कुछ संतुलित मात्रा से कम या ज्यादा हो जाता है।

टॉक्सिक नाइट्रेट: पानी को गर्म करने पर इसमें नाईट्रेट एक्सपोज हो जाता है लेकिन अगर इसे बार-बार गर्म किया जाएं तो यह टॉक्सिक में बदल जाता है। उच्च तापमान, नाइट्रेट को नाइट्रोसामाइन और कारसिनोजेनिक में परिवर्तित कर देता है। इससे कई प्रकार का कैंसर हो सकता है।

आर्सेनिक इंटॉक्सिकेशन: एक हद से ज्यादा पानी को गर्म करने पर आपको आर्सेनिक की घातक मात्रा पानी में मिलेगी। इससे कैंसर, हार्ट अटैक, मस्तिष्क संबंधी बीमारियां आदि होने का खतरा रहता है। यहां तक कि प्रजनन क्षमता पर भी असर पड़ता है।

फ्लोराइड की उच्च मात्रा: पानी को ज्यादा उबालने पर इसमें फ्लोराइड की मात्रा बहुत ज्यादा हो जाती है, जिसके कारण, इससे दिमागी बीमारी, बच्चों में होने का खतरा रहता है।


## खतरनाक है खांसी का सीरप

खांसी के सीरप हमारे लिए नुकसानदेह होते हैं। ये सीरप मीठे जहर से कम नहीं हैं। कफ सीरप वाली दवाओं में कोडीन होता है, जो याददाश्त को खत्म कर सकता है। अक्सर मेडिकल स्टोर्स में कोडीन वाली दवाओं को ही रखा जाता है, जो खांसी में राहत कम देती हैं और खतरा अधिक। कोडिन का सेवन करने से त्वचा में खुजली, सांस लेने की बीमारी और पाचन तंत्र खराब हो सकता है।



# नीलगिरी तेल के फायदे बेशुमार, घने बालों और त्वचा के लिए फायदेमंद

अपने बालों को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए लोग कई तरह के नुस्खे आजमाते हैं. लेकिन इन नुस्खों में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाला तेल होता है. सप्ताह में एक बार लोग अपने बालों को तेल से नरिश करते हैं. ताकि उनमें रूखापन न आने पाए. ऐसे कई एसेंशियल ऑयल हैं जो हमारी त्वचा एवं बालों की समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं. इनमें से एक है नीलगिरी का तेल जो त्वचा एवं बालों से संबंधित हर समस्या को दूर करता है.



त्वचा के लिए- प्रदूषण के साथ नमी त्वचा को नुकसान पहुंचाती है. हवा में मौजूद नमी के कारण हमारी त्वचा को सूक्ष्म जीवाणुओं द्वारा नुकसान पहुंचने की संभावना होती है. नीलगिरी के तेल में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो त्वचा के हर संक्रमण को दूर करते हैं. यह आपको मुलायम एवं दागरहित त्वचा प्रदान करता है. यह तेल लगाने से जलन में आराम मिलता है. यह मांसपेशियों का दर्द दूर करने के साथ ही त्वचा को सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से सुरक्षा प्रदान करता है.

## एरोमाथेरेपी के लिए

आजकल की व्यस्त दिनचर्या में कई लोगों के लिए आराम करना भी आसान नहीं होता जिसके परिणामस्वरूप अक्सर बेचैनी और तनाव महसूस होता है. मूड को बेहतर करने और दिलोदिमाग को सुकून का अहसास कराने के लिए नीलगिरी का तेल बहुत फायदेमंद हैं. नीलगिरी एसेंशियल ऑयल की बढ़िया खुशबू आपको ताजगी और सुकून प्रदान करती है.

## बालों के लिए

नीलगिरी के तेल में एंटीफंगल गुण होते हैं जो संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करते हैं. यह सिर के रोमछिद्रों को खोलता है और बालों को जड़ से पोषण प्रदान कर उन्हें स्वस्थ बनाता है. इस तेल से बाल घने होते हैं और साथ ही सिर की खुजली से भी राहत मिलती है.

चूंकि एसेंशियल ऑयल शुद्ध रूप में होते हैं इसलिए ये काफी गाढ़े होते हैं. इसलिए आप नीलगिरी तेल की 2 से 3 बूंदें किसी कैरियर ऑयल (हल्के तेल) जैसे कैस्टर ऑयल या जैतून के तेल में मिलाकर त्वचा और बालों पर लगाएं.

# वास्तु अनुसार बच्चों के कमरे के लिए कुछ जरूरी बातें



बच्चों में माता-पिता की जान बसती है। हर मां-बाप अपने बच्चों को बेस्ट ही देना चाहते हैं। उनकी यह मनोकामना होती है कि उनका बच्चा जीवन के हर क्षेत्र में न सिर्फ सफलता हासिल करें, बल्कि वह एक स्वस्थ व खुशनुमा जीवन भी व्यतीत करे। अगर आप भी अपने बच्चे का एक उज्वल भविष्य देखना चाहते हैं तो इसके लिए आपको उनके कमरे को भी सही तरीके से व्यवस्थित करना होगा। वास्तु अनुसार बनाया गया बच्चों का कमरा उन्हें स्वास्थ्य, सफलता, कुशाग्र बुद्धि व शांति प्रदान करता है।

## दिशा हो सही

अगर आप अपने जिगर के टुकड़े के लिए अलग से कमरा बनवाने की सोच रहे हैं तो उसे सही दिशा में ही बनवाएं। बच्चे का कमरा बनवाने के लिए पश्चिम दिशा बेस्ट है। वैसे इसके अतिरिक्त अगर आप चाहें तो पश्चिम, उत्तर, उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व में भी बच्चों का कमरा बनवा सकते हैं। बच्चों का कमरा कभी भी दक्षिण-पश्चिम दिशा में नहीं बनवाना चाहिए। हालांकि लड़कियों का कमरा उत्तर-पश्चिम दिशा में बनवाया जा सकता है, वहीं लड़कों के कमरे के लिए घर की उत्तरी या पूर्वी भाग में बेहतर रहती है। साथ ही, बच्चे के कमरे का मध्य भाग हमेशा खाली रखा जाना चाहिए।

## ऐसा हो स्टडी रूम

वास्तु शास्त्र में हर चीज को उसके सही स्थान पर रखना बेहद आवश्यक माना गया है। दरअसल, हर चीज की अपनी एक प्रकृति होती है, ठीक उसी प्रकार दिशाओं का भी अपना एक अलग महत्व होता है। ऐसे में यदि चीजों को उनकी प्रकृति के अनुरूप रखा जाए तो वह आपके जीवन में सकारात्मकता लाने में काफी कारगर सिद्ध होती हैं। यदि आप बच्चों के लिए एक अलग से स्टडी रूम बना रहे हैं तो उसे घर के पूर्व, उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशा में बनाना बेहतर रहता है। यह दिशाएं आपके बच्चे को अधिक एकाग्र बनाएंगी। साथ ही स्टडी टेबल को कुछ इस प्रकार स्थापित करें कि पढ़ते समय बच्चे का मुंह पूर्व या उत्तर दिशा की ओर हो। स्टडी टेबल न तो बहुत बड़ी हो और न ही बहुत छोटी। जहां तक बात बुकशेल्फ या कैबिनेट्स की है तो उसे आप पूर्व, उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशाओं मे स्थित कर सकते हैं। कुछ अभिभावक बुकशेल्फ को स्टडी टेबल के ऊपर बनवाना पसंद करते हैं, लेकिन वास्तु शास्त्र में इसे सही नहीं माना जाता। ऐसा करने से बच्चा हमेशा ही तनावग्रस्त रहता है।

## यूं बिछाएं बिस्तर

चूंकि बच्चे के लिए बिस्तर का प्रयोग सिर्फ सोने के लिए ही नहीं किया जाता, अपितु कई बार इस पर बैठकर वह अपने प्रोजेक्ट भी पूरा करता है। इसलिए उसका भी सही तरीके से स्थापित होना बेहद आवश्यक है। बच्चे का बिस्तर कुछ इस प्रकार बिछा होना चाहिए कि सोते समय बच्चे का मुंह दक्षिण या पूर्व दिशा की ओर हो। अगर आप बच्चे के कमरे में दर्पण का प्रयोग कर रहे हैं तो उसे कुछ इस प्रकार लगाएं कि वह बच्चों के बेड के सामने न हो। ठीक इसी प्रकार, कमरे के बाथरूम का दरवाजा भी बिस्तर के सामने नहीं होना चाहिए।

## इन बातों का रखें ध्यान

» बच्चे के कमरे में इस्तेमाल किए जाने वाले फर्नीचर कभी भी दीवार से सटे नहीं होने चाहिए। ऐसा होने से कमरे में ऊर्जा का प्रवाह प्रभावित होता है।

» बच्चों के कमरे में प्रयोग होने वाली लाइटिंग न तो बहुत अधिक तेज हो और न ही बहुत अधिक धीमी।

» बच्चों के बेडरूम में कभी भी इलेक्ट्रानिक गैजेट्स जैसे टेलीविजन या कंप्यूटर का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन वर्तमान समय में ऐसा करना संभव नहीं है इसलिए यदि आपको किसी कारणवश ऐसा करना पड़े तो टेलीविजन को दक्षिण-पूर्व कोने में रखना चाहिए। वहीं कंप्यूटर को उत्तर दिशा में रखा जा सकता है।

» बच्चों के कमरे के ईशान कोण को पढ़ाई के लिए इस्तेमाल करना अच्छा रहता है। लेकिन ध्यान रहे कि इस दिशा में कभी भी कोई भारी सामान न रखा जाए।

» कमरे की खिड़कियां हमेशा दरवाजे के सामने हों। खिड़कियों के लिए उत्तर या पूर्व दिशा बेहतर रहती है।

## रंगों का महत्व

हर रंग का जीवन में अपना एक अलग महत्व होता है। यह आपके मूड को भी प्रभावित करते हैं। इसलिए बच्चों के कमरे में भी कुछ ऐसे रंगों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए जो उन्हें खुशी व मानसिक शांति प्रदान करते हों। वैसे वास्तु अनुसार हरा रंग बच्चे के कमरे के लिए सबसे उपयुक्त रंग माना गया है। दरअसल, हरा रंग शांति और ताजगी से जुड़ा हुआ है, इसलिए यह आपके बच्चे को भी हमेशा तरोताजा बनाए रखेगा। साथ ही इससे यह आपके बच्चे के दिमाग को भी तेज बनाने में मदद करेगा।

# रेसिपी

## पनीर मटर बिरयानी



### सामग्री

80 ग्राम प्याज,1 टीस्पून हरी मिर्च, 1 टीस्पून अदरक-लहसुन पेस्ट, 1 टेबलस्पून पानी, 190 मि.ली टोमैटो प्यूरी, 1/2 टीस्पून लाल मिर्च, 1/2 टीस्पून गरम मसाला, 1/8 टीस्पून चीनी, 1/2 टीस्पून मेंथी, 80 मि.ली पानी, 140 ग्राम पनीर, 80 ग्राम हरे मटर (उबले हुए), 1/2 टी स्पून नमक, 140 ग्राम प्याज, 1 टेबल स्पून पानी, 400 ग्राम पके हुए ब्राउन चावल, 1/2 टीस्पून नमक

### विधि

एक कड़ाही में 80 ग्राम प्याज डालकर धीमी आंच पर 1-2 मिनट के लिए भूनें। इसमें हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट और 1 टेबल स्पून पानी डालकर अच्छे से हिलाएं। फिर इसमें टोमैटो प्यूरी, लाल मिर्च, गरम मसाला, चीनी और मेंथी डालकर 2-3 मिनट के लिए पकाएं। अब इसमें 80 मि.ली पानी डालकर अच्छे से मिलाएं और 2 मिनट के लिए पकाएं। फ्रि इसमें पनीर, उबले हुए हरे मटर और 1/2 टीस्पून नमक डालकर मिलाएं और आंच से हटा दें। अन्य पैन में 80 ग्राम प्याज डालकर धीमी आंच पर 1-2 मिनट के लिए भूनें। इसे तबतक भूनें जब तक प्याज का रंग हल्का ब्राउन न हो। इसमें 1 टेबल स्पून पानी डालें ताकि प्याज न जलें। इसके बाद इसमें पके हुए ब्राउन चावल और 1/2 टी स्पून नमक डालकर मिलाएं और आंच से हटा दें। एक गिलास बाउल लें और इसमें ब्राउन चावल डालकर अच्छे से फैलाएं। फिर इसके ऊपर तैयार किया पनीर का मिक्सर डालें और दोबारा इसपर ब्राउन चावल डाल दें। ओवन में इसे 400°F/200°C के तापमान पर 8-10 मिनट के लिए बेक करें। पनीर मटर बिरयानी तैयार है। इसे गर्मा-गर्म सर्व करें।

## फ्रूट विथ योगर्ट



### सामग्री

200 ग्राम दही, 40 मिली शहद, तरबूज, खरबूजा, सेब, पपीता, अंगूर, आलूबुखारा, केला, 5 ग्राम पुदीने की पत्तियां, 15 मिली मेपल सिरप, 30 ग्राम सील के बीज, 10 ग्राम अलसी के भूने हुए बीज, 30 ग्राम कॉर्न फ्लेक्स, 30 ग्राम कुरमुरे, 5 ग्राम तुलसी के पत्ते, 2 लाल मिर्च

### विधि

ग्रेनोला बनाने के लिए शहद और मेपल सिरप को गर्म करें और उसमें सील, अलसी के बीज, कॉर्न, फ्लेक्स, कुरमुरा, कटी हुई तुलसी की पत्तियां और लाल मिर्च काट कर मिलाएं। अब इसे अच्छी तरह मिक्स करें और एक आयाताकार स्टील की प्लेट में डाल लें। ठंडा होने के बाद इसे चोरस पीस में काट कर रखें। एक कटोरे में दही को अच्छे से फैंट कर उसमें बचा हुआ शहद मिलाएं और 30 मिनट के लिए ठंडा होने के लिए रख दें। सभी फलों को एक समान आकार में काट कर अलग-अलग गिलास या कांच के सर्विंग बाउल में डालें और सभी गिलास में 1 चम्मच फैंटा हुआ दही मिलाएं। सर्व करने से पहले ऊपर से ग्रैनोला और पुदीने से गार्निश करें और ठंडा-ठंडा परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)